सेंसेक्स 74,248.22 ▲ +20.59
डॉलर 83.319 ▼ -0.156

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 27.0 | 20.0 | 28.0 |
| धनबाद | 31.0 | 23.0 | 32.0 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 23.0 | 34.0 |
| पलामू | 32.0 | 19.0 | 32.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल


सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 08 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 170, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



संपादकीय — चिकित्सा पद्धति : समन्वित हों, दुश्मन न बने ... 8
देश/विदेश — इंडी गठबंधन नेता तय नहीं ...12




## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।

## पलामू सर्राफा


सोना (10 ग्राम) 70,560
चांदी (किलो) 81,010

## एक नजर

### एग्जिट पोल पर रोक असाधारण गजट में प्रकाशित

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों को एग्जिट पोल के संबंध में पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र लिखकर जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एग्जिट पोल पर रोक संबंधी प्रकाशन 4 अप्रैल को राज्य के असाधारण गजट में कर दिया गया है।

## आज के मैच




समय : 08 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : चेन्नई

## आजकल




धर्मेंद्र व्यास

# झारखंड में भ्रष्टाचार और विकास सबसे बड़े मुद्दे हैं : मरांडी

## विशेष साक्षात्कार में बोले पूर्व सीएम

## चंपाई सोरेन जी की हालत लाचार और बेबस इंसान जैसी हो गयी है

- सरयू राय का अलग अंदाज है
- सीएम ठीक से सो भी नहीं पा रहे होंगे
- सीएम को बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन हड़काते हैं



स्थानीय संपादक से विभिन्न विषयों पर बातचीत करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार का अवलोकन करते हुए।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पहले मुख्यमंत्री और वर्तमान में झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तीन दिवसीय पलामू दौरे पर विधानसभा स्तरीय सम्मेलनों में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं तक का मनोबल बढ़ा रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धि को घर-घर तक पहुंचाने का मंत्र दे रहे हैं। एक-एक नाराज भाजपाइयों से मिल कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा की नीति सिद्धांत को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहरा रहे हैं। उनसे ईमानदारी पूर्वक कर्मठता से काम करने को लेकर वचन ले रहे हैं। उन्हें समझा रहे हैं कि भाजपा लोकतंत्र की सबसे बड़ी पार्टी है, यहां सभी को मौका मिलता है। इसका उदाहरण उन तक रख रहे हैं। उन्हें एकजुट होकर भाजपा के साथ जुड़े रहकर जन सरोकार के मुद्दों के लिए संघर्ष के लिए तत्पर रहने को कहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी से झारखंड व राष्ट्रीय स्तर के कई ज्वलंत मुद्दों पर राष्ट्रीय नवीन मेल पलामू के **स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** ने बेबाक बातचीत की। **प्रस्तुत है प्रमुख अंश :-**

**प्रश्न : पलामू संसदीय क्षेत्र के दौरा के दौरान क्या पा रहे हैं!**

**उत्तर :** कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ना है। सभी वर्ग को कैसे जोड़ा जाए, इस पर हम कार्यकर्ताओं को बता रहे हैं। हमारी कोशिश है कि सभी कार्यकर्ता अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। बूथ स्तर पर हमारे कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़े। इसके अलावा 10 प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने के लिए जागरूकता पैदा करें। मतदाताओं को उनके अधिकार का एहसास कराएं। उन्हें बताएं कि किस तरह मोदी जी पिछले 10 सालों से सभी वर्गों के लिए काम कर रहे हैं। उनकी एक-एक योजना गरीब व सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हुई है। प्रथम चरण के चुनाव के पहले पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर जुट जाएं। इसकी तैयारी पूरी है।

**नवीन मेल : इस दौरान क्या भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के बारे में विरोधी स्वर भी सुनने को मिले हैं?**

**उत्तर :** देखिए यह चुनाव है, चुनाव लड़ने की महत्वाकांक्षा रखने वाले कई लोग होते हैं। जब उन्हें पार्टी प्रत्याशी नहीं बनाती है, तो कुछ लोग नाराज होते हैं। लेकिन, वह इस बात को भी समझते हैं कि पार्टी में सभी को मौका मिलता है। सभी काम में लगे हैं, कहीं कोई अंतर्विरोध नहीं है। हर कोई इस बात को देख रहा है और समझ रहा है कि इस बार नहीं, तो अगली बार जरूर मौका मिलेगा। इसलिए सभी पिछली बातों को भूलकर अब दुगने उत्साह से लग गए हैं। इस बार भाजपा प्रत्याशी पिछली बार से भी ज्यादा वोटों से जीतेंगे, यह कार्यकर्ताओं के उत्साह और उनकी निष्ठा को देखकर लग रहा है।

> 'किसी को कुछ लग रहा है तो वह मामले को लेकर कोर्ट तक जाए। सभी के लिए न्यायालय का दरवाजा खुला है। भाजपा नेता श्री मरांडी ने कहा कि किसी को लग रहा है कि जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट जाने से कौन मना कर रहा है।'

**नवीन मेल : चतरा संसदीय क्षेत्र से दो बार के विजयी प्रत्याशी सीटिंग सांसद सुनील सिंह का टिकट इस बार कट गया। इसके पीछे क्या रणनीति रही है।**

**उत्तर :** बदलाव भी समय की मांग है। पहली बार चतरा से भाजपा ने स्थानीय उम्मीदवार को जगह दिया है। इसमें कोई राजनीति नहीं है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है, जहां सभी को मौका मिलता है।

**नवीन मेल : पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के बारे में क्या राय है?**

**उत्तर :** पलामू संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी वीडी राम जी काफी पढ़े लिखे हैं। झारखंड में सर्विस किए। यहां से चुनाव लड़े। दो बार जीते भी, पलामू के लोग उन्हें प्यार करते हैं। उन्हें बुलंदियों पर देखना चाहते हैं। इस बार भी पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया है। पलामू के हक-अधिकार के लिए वे संसद में आवाज उठाते रहे हैं। आगे उठाते रहेंगे।

**नवीन मेल : झारखंड के राजनीतिज्ञ सरयू राय जो कभी भाजपा और आपके बेहद करीब रहे, धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी का नाम आते ही कई तरह की प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं। इसके क्या मायने हैं।**

**उत्तर :** (मुस्कुराने लगते हैं, फिर जोर से हंसते हुए कहते हैं) इस पर क्या प्रतिक्रिया दूं, अपनी जगह पर वे इसे अच्छा समझते होंगे। (फिर मुस्कुराते हुए कहते हैं) जिसके साथ मंत्रिमंडल में मंत्री रहे, उसी के खिलाफ लक्ष्य करके चुनाव लड़े। उनका अपना अलग अंदाज है। उस पर क्या बोलूं? (फिर मुस्कुराने लगते हैं)

**नवीन मेल : भाजपा लोकसभा चुनाव में किन मुद्दों को लेकर झारखंड में चुनाव प्रचार कर रही है।**

**उत्तर :** झारखंड में भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है। छोटे-छोटे स्तर पर हम लोग परेशान हैं। विधि व्यवस्था की स्थिति खराब है। इसके अलावा, विकास सबसे बड़ा मुद्दा है। क्योंकि, राज्य सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। ऐसे में यहां विकास का जो इंडिकेटर है, आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

**नवीन मेल : आप झारखंड की बागडोर संभाल चुके हैं। ऐसे में वर्तमान सरकार के क्रियाकलाप पर क्या कहना चाहेंगे।**

**उत्तर :** करप्शन से सिस्टम प्रभावित है। पूर्व सीएम का हाल झारखंड की जनता देख रही है। वह होटवार जेल में पहुंच गए हैं। जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार उन पर चार्जशीट भी समर्पित कर दी गई है। वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन लाचार और बेबस दिखते हैं। हेमंत सोरेन जी के भाई बसंत सोरेन उन्हें हड़काते हैं, हेमंत सोरेन जी की पत्नी कल्पना सोरेन जी उन्हें हड़काती हैं। इसके अलावा उन्हें हेमंत सोरेन जी से मिलने जेल भी जाना पड़ रहा है। ऐसे में उनकी हालत बेबस व लाचार इंसान जैसी हो गई है। वे स्वतंत्र रूप से कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। सीएम ठीक से सो भी नहीं पा रहे होंगे। उन्हें बार-बार सचेत कर रहा हूं। मामले की जांच कराइए। लेखागार से जमीन संबंधी कागजात गायब हुए हैं, इसकी जांच करानी चाहिए। (श्री मरांडी गंभीर होकर कहते हैं) अगर जांच नहीं कराते हैं, तो जब जांच होगी, तब चंपाई सोरेन जी को भी होटवार जाना पड़ सकता है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है।

### पुलिस को वसूली में लगा दिया गया है

**नवीन मेल : सिंहभूम से पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा के बारे में आपका क्या विचार है?**

**उत्तर :** गीता कोड़ा पर कोई मामला अदालत में नहीं है। उनकी छवि साफ है।

**नवीन मेल : झारखंड के आदिवासी सरकार को भाजपा जानबूझकर परेशान कर रही है। इसमें कितनी सच्चाई है।**

**उत्तर :** ऐसा कुछ भी नहीं है। भाजपा की केंद्र में सरकार नहीं थी, उस समय भी शिबू सोरेन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। नरसिम्हा राव की सरकार को बचाने के लिए जो हुआ, वह पूरा देश जानता है। उस समय ना तो मोदी जी थे, और ना अमित शाह जी थे सत्ता में। फिर भ्रष्टाचार में शिबू सोरेन का नाम आया था या नहीं? यह जनता जानती है! यह सिस्टम है, रूल आफ लॉ चलता है यहां। किसी को कुछ लग रहा है, तो वह मामले को लेकर कोर्ट तक जाएं। सभी के लिए न्यायालय का दरवाजा खुला है। किसी को लग रहा है कि जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है, तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट जाने से कौन मना कर रहा है।

**नवीन मेल : आप विपक्ष के नेता रहे, पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं अभी प्रदेश भाजपा की बागडोर संभाले हुए हैं। वर्तमान में पुलिस की कार्य प्रणाली पर आपकी क्या राय है?**

**उत्तर :** पुलिस को जो काम करना चाहिए, आज पुलिस नहीं कर रही है। पुलिस को वसूली में लगा दिया गया है। पुलिस का काम बालू के पीछे भागना नहीं है। अब ऐसे में अपराध का ग्राफ बढ़ेगा कि नहीं?

**नवीन मेल : शुरू की** ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### आईएएस प्रांजल डांढा व सीओ कपिल देव ठाकुर को

## बंधक बनाने के मामले में तीन गिरफ्तार



**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा के पुलिस ने रविवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं शिकारीपाड़ा सीओ कपिल देव ठाकुर को बंधक बनाने के मामले में दर्ज प्राथमिक के दो प्राथमिक अभियुक्त एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।
बीजीआर कंपनी की कोयला साईडिंग के लिए प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी प्रांजल डांढा एवं अंचाधिकारी कपिल देव ठाकुर 20 फरवरी को डिंबादहा गांव होते हुए भिलाई टांड गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उक्त दोनों अधिकारी के वाहनों को रोकते हुए उनके भ्रमण करने का कारण जानना चाहा। पदाधिकारी के द्वारा उचित कारण नहीं बताए जाने और ग्रामीण पर भड़कने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों पदाधिकारी को बंधक बना लिया था। सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार महतो शिकारीपाड़ा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश पासवान, सहायक अवर निरीक्षक परवेज आलम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम के मौके पर पहुंचे। उसके बाद भी ग्रामीण पदाधिकारियों को छोड़ने को तैयार नहीं हुए। तब जाकर डिंबादहा, भिलाईटांड एवं लाताकांदर के ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। जिसमें पदाधिकारी के द्वारा लिखित कागजात देने पर उन्हें छोड़ा गया। मामले में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पांच लाख की भीड़ जुटेगी उलगुलान न्याय महारैली में

### लोकसभा चुनाव को लेकर आपसी समन्वय बनाने के लिए होगा मंथन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष के कांके रोड स्थित आवास के सभागार में झारखण्ड प्रदेश के इंडी गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और पार्टी की नेत्री कल्पना सोरेन, केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के झारखण्ड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, राजद के सत्यानंद भोक्ता, कैलाश यादव तथा सुनील श्रीवास्तव शामिल हुए। इस बैठक में 21 अप्रैल को रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित होने वाले उलगुलान न्याय महारैली की सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया और रणनीति बनाई गई, साथ ही वर्तमान लोकसभा चुनाव के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई।


**गठबंधन के सभी साथियों से मांगा सहयोग :** बैठक में झामुमो द्वारा आयोजित ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा

बैठक में यह तय किया गया कि इंडी गठबंधन के सभी बड़े नेताओं को निमंत्रण भेजा जाएगा, जिसकी जिम्मेवारी जिम्मेदारी कल्पना सोरेन को सौंपा गया। निमंत्रण भेजे जाने वालों की सूची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव प्रियंका गांधी, राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालीन, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, एनीसीपी प्रमुख शरद पवार, फारूख अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, वाम नेता सीताराम येचूरी, डी राजा सहित अन्य गठबंधन के नेताओं नाम शामिल हैं।

## मुख्य सचिव खियांग्ते के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड पुलिस साइबर अपराध को रोकने का लगातार प्रयासरत है, लेकिन इस पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है। साइबर ठगों के गिरोह ने रांची उपायुक्त सहित कई बड़े अधिकारियों का फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी का प्रयास किया था। इस बार झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते का फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर ठगी करने का प्रयास किया गया। साइबर अपराधियों ने 8604244052 नंबर से मुख्य सचिव एल खियांग्ते के नाम से फेक व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर कुछ लोगों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। फेसबुक और व्हाट्सएप अकाउंट से फोटो चोरी कर साइबर अपराधी फेक प्रोफाइल बनाते हैं। इस फर्जी प्रोफाइल के जरिये वे यूजर्स के जानने वालों से पैसों की मांग करते हैं। कई बार अपराधी फेसबुक को हैक कर भी यूजर के प्रोफाइल को इस्तेमाल कर लेते हैं और यूजर को इसकी भनक भी नहीं लगती है। प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर के उपयोग से साइबर अपराधी विदेशी नंबर से व्हाट्सएप्प पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों से बढ़ रहा बहुरोगवाद



सुनील बादल

**भारत** के बड़े शहरी इलाकों में बढ़ती एक साथ कई बीमारियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन मल्टीमोरबिडिटी यानी बहुरोगवाद कहता है। भारत के शहरी इलाकों में एनीमिया, अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और मोटापे की बीमारी आम है। कम और मध्यम आमदनी वाले जिन राज्यों में आम तौर पर बड़े पैमाने पर गांवों के शहरों की ओर पलायन होता है, उन देशों में स्वास्थ्य की समस्या बढ़ जाती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि गांवों से शहरों में आकर रहने वाले संघर्षशील लोगों के रहन-सहन में बहुत बड़ा बदलाव आता है। जलवायु परिवर्तन की भयंकर घटनाओं जैसे कि शहरों में भयंकर गर्मी, बाढ़ और सूखे के असर से कम आमदनी वाले समूह के लोगों को बहुत सी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और शहरों की ओर से मिली जुली आबादी बढ़ती जा रही है। जिससे झारखंड सहित तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में देखा गया है कि विशाखापट्टनम और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में अनेक बीमारियां एक साथ होने की दर बहुत बढ़ गई है। भारत में 'पैटर्न्स ऑफ मल्टी मोरबिडिटी' नाम से की गई एक अध्ययन में पाया गया है कि महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में असमानता, और महिलाओं के हाशिए पर पड़े तबके का होने की वजह से उनमें कई बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। तेजी से बढ़ती आबादी और बीमारियों को लेकर यह बदलाव, भारत के लिए स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती खड़ी कर रहा है। मल्टीमोरबिडिटी की समस्या गांवों (5.7 प्रतिशत) की तुलना में शहरों में (9.7 प्रतिशत) कहीं ज्यादा है। शहरों में 40 से 49 साल के वयस्कों के बीच कम से कम एक मल्टीमोरबिडिटी 56 से 64 प्रतिशत लोगों को होती है, जबकि गांवों में इसका प्रतिशत 39 से 50 के बीच है। ये समस्या इसलिए और बढ़ जाती है, क्योंकि शहरों में मिश्रित आय वर्ग के लोग रहते हैं जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था तक एकसमान पहुंच में बहुत अंतर पैदा कर दिया है। शहरों में जो सबसे गरीब लोग होते हैं, उनमें मल्टीमोरबिडिटी का प्रकोप (47.88 प्रतिशत), गरीब लोगों की तुलना में (41.44 प्रतिशत ) अधिक होता है। कम आमदनी वाले लोग आम तौर पर पर्याप्त स्वास्थ्य सेवा हासिल करने में अधिक बाधाओं जैसे कि इलाज का महंगा होना, स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी न होने और यहां तक कि अपनी सेहत को लेकर सही जानकारी न होने का सामना करते हैं। इसके अलावा पीने के साफ पानी और शौच और नहाने की उचित व्यवस्था की सुविधाएं न होने से उनके मल्टीमोरबिडिटी का शिकार होने का जोखिम और बढ़ जाता है। अध्ययनों से ये भी पता चला है कि भले ही लोग किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हों, ज्यादातर लोग जल्दी ठीक हो जाने वाली छोटी मोटी बीमारियों जैसे कि सर्दी, जुकाम और बुखार का इलाज कराते हैं पर भयंकर और लंबे समय तक इलाज की जरूरत वाली बीमारियों की अनदेखी करते हैं। हालांकि, सामाजिक आर्थिक समूहों के भीतर भी लंबी और भयंकर बीमारियों जैसे कि डायबिटीज और हाइपरटेंशन के इलाज को लेकर असमानताएं साफ दिखती हैं। इन्हें आम तौर पर प्रमुख को-मोरबिडिटी माना जाता है। भयंकर को-मोरबिडिटी की जांच और फिर उसके इलाज का खर्च जैसे जैसे बढ़ता जाता है, वैसे वैसे 'इनवर्स केयर का नियम' लागू होता जाता है क्योंकि, खर्च बढ़ने पर कम आमदनी वाले समूहों के लोग इन बीमारियों का इलाज कराने से बचते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच, डॉक्टर से कम सलाह मशवरा और फिजिशियन पर दबाव बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया भर के शहरों में भयंकर मौसम, जैसे कि शहरों में बेतहाशा गर्मी वाले इलाके बनने और अचानक भयंकर बाढ़ आने की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। भयंकर गर्मी वाले इलाके से शहरों का तापमान बहुत बढ़ जाता है क्योंकि शहरों में कंक्रीट के घने जंगल, आधुनिक मूलभूत ढांचे जैसे कि सड़कों और इमारतों का घनत्व अधिक होता है, जो गर्मी को बाहर निकालने के बजाय उसे सोख लेते हैं इस से बिजली की खपत बढ़ती है और ग्रीन हाउस गैसों और दूसरे प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन भी, जिससे इंसान की सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। जिससे खाने और पानी की समस्या बढ़ जाती है और फिर इससे कुपोषण और जलजनित बीमारियाँ बढ़ जाती हैं। शहरों में खास तौर से बाढ़ की समस्या बारिश का पानी निकालने की व्यवस्था में कमी की वजह से पैदा होती है. इससे पानी से और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है। भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था मुख्य रूप से एक बीमारी पर केन्द्रित है इसलिए, सरकार को मरीजों का खयाल रखने पर केंद्रित एक एकीकृत और चहुंमुखी स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे आयुष्मान कार्ड को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना चाहिए।



## कृषि बाजार में लगी आग, परिसर में खड़ी आठ गाड़िया जली

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार समिति परिसर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर वहाँ खड़ी 8 गाड़िया जल कर खाक हो गयी। सभी गाड़िया बरवाअड्डा थाना के द्वारा जब्त की गयी थी। जैसे ही आग लगी कृषि बाजार समिति के लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद अग्निशमन विभाग की दो गाड़िया लेकर मौके पर पहुंचे दीपक कुमार और उनकी टीम ने घंटो मसाकत के बाद आग पर कबू पाया ,जिससे एक बड़ी घटना घटने से बच गयी। बरवा अड्डा चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जहाँ आगजनी की घटना घटी है, वहां 400 से भी ज्यादा दुकाने है और थाना द्वारा जब्त 5 दर्जन से ज्यादा गाड़िया इसी कैंपस मे खड़ी की गयी है। जिसमे तीन डीजल से भरे टैंकर भी वहीं लगा हुआ है। यदि आग इन टैंकर में लगती तो बड़ी घटना घट सकती थी।

## एक नजर

### मालगाड़ी से कटकर महिला की मौत

**हुसैनाबाद।** बीडी रेलखंड के जपला - हैदरनगर रेलवे स्टेशन के बीच नावाडीह गांव के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात महिला की मौत करीब शाम सात बजे हो गई। वरीय स्टेशन प्रबंधक मो. सलाहुद्दीन खान ने बताया कि आसपास के जुटे लोगों ने अब तक मृतका की पहचान नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना आरपीएफ पोस्ट जपला व जीआरपी को दे दी गई है।

### हुसैनाबाद में इफ्तार पार्टी कल

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के सद्भावना चौकड़ी कमेटी के तत्वावधान में थाना के बगल में स्थित होटल रुद्रा में इफ्तार पार्टी का आयोजन मंगलवार को किया गया है। इस संबंध में सद्भावना चौकड़ी समिति के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने बताया कि मंगलवार को शाम करीब 6:15 बजे इफ्तार पार्टी में सद्भावना चौकड़ी समिति के सभी सदस्यों के अलावा रोजेदारों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर सद्भावना चौकड़ी कमेटी के सदस्य सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी समेत अन्य लोग भी शामिल होंगे।

### आग लगने से लाखों का नुकसान, थाने में सनहा दर्ज



**छतरपुर।** थाना के गोठा इलाके में किसान चंद्रदीप के खलिहान में आग लगने से लाखों रुपए के अनाज नष्ट हो गए हैं। उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है भुक्तभोगी ने छतरपुर थाने में मामले की प्राथमिक दर्ज कराई है, साथ ही अंचल पदाधिकारी छतरपुर से भी मुआवजे की गुहार लगाई है। इस संबंध में चंद्रदीप ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## एसडीएम व एसडीपीओ ने एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया

# हेलमेट पहन कर चलायें बाइक, नहीं तो होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में एंटी क्राईम चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें हुसैनाबाद एसडीएम पीयूष सिन्हा और एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने झारखंड बिहार सीमा के पथरा गांव के समीप व जपला छतरपुर मुख्य रोड में शनिवार की रात्रि व रविवार को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों की जांच की गई। साथ ही बिना हेलमेट पहने बाइक सवारों को कड़ी फटकार के साथ चेतावनी दी गईं कि बिना हेलमेट पहने अब पकड़े जाने पर किसी भी कीमत पर उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा । इस संबंध में एसडीपीओ मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि एंटी क्राइम के तहत मुख्य तौर पर वाहनों के साथ ले जाने वाले सामानों की जांच की जाती है। एसडीपीओ द्वारा चलाए गए इस अभियान से सड़क पर आने जाने वाले वाहन चालकों में अफरा-तफरी देखने को मिली। इस अभियान में पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### हुसैनाबाद के अधिकारियों ने कई बूथों का किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर हुसैनाबाद क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण व सुरक्षा को लेकर अभियान तेज है। डीसी के निर्देश पर हुसैनाबाद एसडीओ सह आईएएस पीयूष सिंहा व एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने रविवार को क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही कई अतिसंवेदनशील बूथों की सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। इस क्रम में पदाधिकारियों ने कचरा, विश्वसिया, अमही, सीताचुआ, डंडिला, सड़ेया समेत दर्जनों बूथों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। एसडीओ ने ग्रामीणों से अपने अपने मत का प्रयोग करने के लिये प्रेरित किया। साथ ही मतदान से जुड़े कई बिंदुओं से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कई जगहों पर गांव के युवाओं को भी इस संदर्भ में जानकारी दी। क्रिकेट खेल रहे युवाओं के साथ भी साझेदारी की। एसडीपीओ ने कहा कि सुरक्षा को लेकर सुरक्षा अभियान जारी है। हर बूथों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। उन्होंने निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की। पदाधिकारियों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी।

## सोशल मीडिया व असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी : थाना प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** रविवार को हरिहरगंज थाना परिसर में आगामी रामनवमी व ईद पर्व को लेकर बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के सदस्यों से रामनवमी के उपलक्ष्य पर जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी लिया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में उपस्थित रहकर पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया व असमाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। क्षेत्र में अधिकारी गश्ती करते रहेंगे। बैठक में एसआई सतीश गुप्ता, विगेश राय, राकेश सिंह, सोनू गुप्ता, धनंजय गोप, नंदलाल साहनी, सुधांशु झा, अविनाश, रणजीत सिंह के अलावे राजीव रंजन, गंगा जायसवाल, भोला गुप्ता, महेंद्र यादव, राघो सिंह, जितेंद्र विश्वकर्मा, अजीत सिंह, इरशाद आलम, ओमप्रकाश अकेला, बुधन यादव, प्रमोद रवि, सनी गुप्ता, कृष्ण सिंह, अजय सिंह, उदय सिंह, आनंद यदुवंशी, दीपक यादव, महादेव यादव, चंदन जायसवाल, अमित सिंह, बबलू सिंह, अशोक यादव, शमशाद अंसारी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, शंभू यादव, अवधेश मेहता, सूरजमल राम, मुस्लिम अंसारी, विश्वजीत, संजय, अशोक, अनिल, तस्लीम, गुप्ता, संतोष, विनोद आदि मौजूद थे।

## श्याम साव हत्याकांड के आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कारोबारी श्याम साव हत्याकांड के पांच आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले पांचों आरोपियों को पलामू पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। दरअसल दो मार्च को पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के टाउन थाना क्षेत्र के कान्दू मोहल्ला में कारोबारी श्याम साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। श्याम साव सब्जी लेकर घर जा रहे थे, इसी क्रम में अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया था। पूरे मामले में आईपीसी की धारा 302, 120 बी और 27 आर्म्स एक्ट के धाराओं में एफआईआर दर्ज की गयी थी। श्याम साव की हत्या का आरोप अमित कुमार सिंह उर्फ टनटन, विशाल शर्मा उर्फ तेजा, सन्नी कुमार, सुल्तान खान और चंदन वर्मा पर लगा था। घटना को अंजाम देने के बाद से सभी आरोपी फरार थे। शनिवार को सभी आरोपियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि हत्याकांड से जुड़े पांच आरोपियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेने का प्रयास कर रही है। रिमांड पर लेने के बाद हत्याकांड से जुड़े कई बिंदुओं का खुलासा होगा। दरअसल, शुरूआत में यह जानकारी निकल कर सामने आई थी कि जमीन विवाद और आपसी रंजिश में श्याम साव की गोली मारकर हत्या की गई थी. दो दिनों पहले पलामू पुलिस ढोल नगाड़े के साथ पांचों आरोपी के घर गई थी और इस्तेहार चिपकाया था।

# लाखों की चोरी की घटना का अभी तक नहीं हुआ उद्भेदन

- घटना के दिन बेकार साबित हुआ लाखों की लागत से लगा सीसीटीवी
- तीन गार्ड की ड्यूटी के बाद हुई थी चोरी



> लोकसभा चुनाव को लेकर सबों की जिम्मेवारियां बढ़ गई हैं, जिसके कारण थोड़ा विलंब हो रहा। फिर भी नावाबाजार पुलिस लगातार इस पर काम कर रही है।
>
> **चिंटू कुमार, थाना प्रभारी, नावाबाजार।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड व अंचल कार्यालय का ताला तोड़कर 25 फरवरी की रात लाखों की हुई चोरी की की घटना का उद्भेदन लगभग 43 दिन बीतने के बाद भी नहीं हो पाया। बीडीओ विजय प्रकाश मरांडी के द्वारा थाने में लिखित आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आवेदन में छह प्रिंटर मशीन व छह कार्टेज, सात किलोग्राम की एक मूंग बीज का पैकेट की चोरी होने की बात कही गई है। वहीं नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंच स्थिति की जानकारी लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई थी। फिर भी चोरी की घटना का उद्भेदन नहीं हो पाया। जानकारी के अनुसार प्रखंड व अंचल कार्यालय की सुरक्षा को लेकर तीन गार्ड को तैनात किया गया है। वहीं करीब दो वर्ष पूर्व प्रखंड व अंचल कार्यालय की निगरानी के लिये लाखों की लागत से लगा सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है। जो की घटना के कुछ दिनों पूर्व तक अंचल गार्ड व कैमरा दोनों ही सुव्यवस्थित रूप से कम कर रहे थे। अचानक 25 फरवरी की रात दोनों का कार्य न करना एक यक्ष प्रश्न छोड़ जाता है। 16 तालों को तोड़कर छह प्रिंटर मशीन व छह कार्टेज, सात किलोग्राम की एक मूंग बीज का पैकेट की चोरी कर ली गई। जबकि कार्यालय में कई और भी महंगी सामग्री उपलब्ध हैं। चोरी की घटना जिम्मेवार लोगों की लापरवाही को दर्शाता है। वहीं थाना प्रभारी चिंटू कुमार के लिए चोरी की घटना का उद्भेदन करना भी एक चैलेंज होगा।

## पंचायत सहायक संघ ने पांकी विधायक को किया सम्मानित



### डॉ मेहता ने विधानसभा में मामला उठाकर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के पंचायत सहायक संघ ने पांकी विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता को बुके व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित। ज्ञात हो की पिछले दिनों झारखण्ड के सहायक संघ के मांग पर पांकी विधायक डॉ मेहता ने विधानसभा में मामला उठाकर सरकार को ध्यान आकृष्ट कराया था। जिसके बाद पांकी विधायक के मांग पर सरकार ने गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए प्रति माह 2500 रुपया वेतन लागू किया और पंचायत स्वयंसेवक की जगह पंचायत सहायक का नाम का दर्जा दिया गया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने आश्वासन देते हुए कहा की हम हमेशा आपलोग के साथ खड़े रहेंगे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता को लेकर ग्रामीणों ने की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम डेवडर के आंगनबाड़ी केंद्र बूथ संख्या 179 पर मतदाता जागरूकता समूह की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत सचिव अनुज कुमार ने की। बैठक में बैठक में ग्राम मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान 100 प्रतिशत कराये जाने हेतु प्रयास करने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत की मुखिया कलमा देवी, उप मुखिया दुर्गेश कुमार, बीएलओ राधिका देवी, शिक्षक विजय सिंह, मनरेगा मेठ, जल सहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक काम करके दिखाया है : वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने रविवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही गांव में कार्यकत्ताओं के साथ बैठक की। उन्होने लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकताओं के साथ विचार विर्मश किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक काम करके दिखाया है। धारा 370, राम मंदिर जैसे कई जटिल समस्याओं को सुलझाया है। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। सांसद विष्णु दयाल राम ने क्षेत्र भ्रमण कर किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत कार्ड, आवास योजना के दर्जनों लाभार्थियों से मिलकर लाभुकों से पूछा कि आपलोग मोदी सरकार से खुश हैं या नहीं। इसपर सभी लाभुकों ने एक स्वर में कहा कि हमलोग मोदी सरकार से खुश हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से फिर से भाजपा सरकार बनाने की अपील की।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष व सांसद का किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** जिले के ऊंटारी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी व सांसद विष्णु दयाल राम को कार्यकताओं ने अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में हुसैनाबाद जाने के क्रम में उंटारी के कार्यकताओं ने अपने नेताओं का स्वागत कर अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धि को घर-घर जाकर बताने व मतदाताओं को जागरूक करने का संकल्प लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर ,सांसद प्रतिनिधि राजाराम मेहता, विधायक प्रतिनिधि मनोज सिंह, पूर्व प्रमुख रामसेवक राम, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुनील तिवारी , अरविंद मेहता ,महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा सिंह, अखिलेश दीक्षित, रामसुंदर विश्वकर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, दिलीप सिंह सहित अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी मेराल मुखिया छोटू सिंह गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**पाटन।** पाटन थाना के मेराल के मुखिया छोटू सिंह उर्फ धनन्जय सिंह को उनके पैतृक गांव सिक्कीकला से पाटन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार मुखिया पर पाटन थाना तहत नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज थी। 24 जुलाई 2023 को मेडिकल कालेज में सरकारी स्कूल की संयोजिका ने इलाज के दौरान फर्द बयान दर्ज कराते हुए मुखिया छोटू सिंह एवं अन्य तीन व्यक्तियों पर घर मे घुसकर दुष्कर्म करने एवं रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। साथ ही मुखिया के कुकृत्य एवं प्रताड़ना से आहत होकर विषैला पदार्थ खा कर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। फर्द बयान के उपरांत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

## हिंदूवादी संगठनों ने छोटू व विनोद को शहादत दिवस पर किया नमन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** हिंदूवादी संगठन ने पुण्य तिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को श्रद्धांजलि दी। .हिंदूवादी संगठनों ने दोनों के पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया। यहाँ उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलूस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थी। तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है। इसके अलावा श्रधांजलि सभा का भी आयोजन करते है.रविवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। श्रद्धाजलि सभा में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओ के अलावा स्थानीय लोगों ने भी छोटू व विनोद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही सम्मान में लोगो ने 2 मिनट का मौन भी रखा। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बजरंग दल के संयोजक मोनू गुप्ता व संचालन पंकज कुमार लाल ने किया। मौके पर पुष्प रंजन मेहता,राजकुमार मेहता सुरेश ठाकुर,अमित गुप्ता, शशि ठाकुर,स्व छोटू साह के पिता राजू साह,खुटुल ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, कृष्णा केशरी, प्रदीप बिश्वकर्मा, शिंकू जी, सत्यनरायण सोनी रामनावमी पूजा समिति अध्यक्ष मुनु कुमार,कन्हाई मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

**संबोधन**

## हैदरनगर में बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

# केन्द्र सरकार ने ही अब तक कई योजनाओं को धरातल पर उतारा : मरांडी



### साईकिल से दो बोरा बालू ढोने वाले गरीब को पुलिस पकड़ने में लगी है : बाबूलाल

श्री मरांडी ने कहा कि उनके कार्यकाल में झारखंड में बालू फ्री मिला करते हैं। आज स्थिति है कि साईकिल में बालू ढो रहे गरीबों को दो बोरा तक बालू पुलिस पकड़ने में लगी है। इस देश में भाजपा से भ्रष्टाचारी, विभिन्न अवैध कारोबार से जुड़े माफिया भूमिगत हो गये या फिर जेल की सलाखों की हवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी इसी देश में बाराती जाने के लिये सुदूर गांव, अस्पताल तक रोगी पैदल जाते थे। आज नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में गांवों तक सड़कों का जाल बिछ गया है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** केन्द्र सरकार ही अब तक सुदूर क्षेत्र में बहुपयोगी व कई योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीण मतदाताओं तक जाना है। वर्ष 2014 से पूर्व और वर्तमान देश की स्थिति से उन्हें अवगत भी कराना है। रविवार को हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंडल व बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरी बार पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जीताने व देश में पुनः नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिये उन्हें अपना मत देने व आसपास को हर हाल में शत प्रतिशत मतदान कराने के प्रति सजग व सक्रिय रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि प्रवासी मतदाताओं तक संपर्क करने व मतदान के समय घरों तक हरसंभव बुलाने के प्रयास किया जाना चाहिये। निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पद अनुरुप जनता के लिये जो काम किया जाना चाहिये, उस पर खरा उतरने का काम किया है। पलामू में केन्द्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को सामने रखते हुए कहा कि देवरी सोन नदी में पुल, सोन, कोयल, ओरंगा नदी लिफ्ट इरिगेशन से विभिन्न जलाशयों में जल भंडारण करने व क्षेत्र की सूखी पड़ी खेती योग्य भूमि को सिंचित कराने के लिये गये योजना को चुनाव के बाद भाजपा सरकार अवश्य पूरा करेगी। साथ रेल यातायात से संबधित विभिन्न स्थानों से मिले प्रस्ताव को भी पूरा कराने की कोशिश होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव ने और संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा व पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल ने किया। कार्यक्रम को निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रफुल सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, पूर्व सांसद घुरन राम, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार सिंह, श्रवण अग्रवाल, जिला पार्षद संगीता देवी, अजय गुप्ता, महेंद्र सिंह, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, माणिकचंद शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुसुम देवी ने भी संबोधित किया। साथ ही वक्ताओं ने हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सात मंडलों से डेढ़ लाख से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का संकल्प लिया। वही, बालू, गरीबों के राशन, शिक्षा घोटाला का हिसाब लेने का आग्रह बाबूलाल मरांडी से किया गया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम सहित हजारों पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

### मानवता को बचाना है तो सनातन को बचाना होगा : मरांडी



**छत्तरपुर।** हाई स्कूल के मैदान में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सम्बोधित किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा- विष्णु दयाल को पलामू से रिकॉर्ड मतों से जीताना है। नरेन्द्र मोदी के काल खंड में जितना काम हुआ, उतना काम कभी नहीं हुआ। इस बार मोदी को प्रधानमंत्री के रूप संसद में भेजिये, वे अर्थव्यवस्था को सुधार कर देश तीसरे स्थान पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। आज पूरा विपक्ष भी नरेन्द्र मोदी को हराने के योजना बना रहा है, ताकि देश का विकास रुक जाए। धारा 370 भी खत्म हो गया, राम मंदिर भी बन गया है। मानवता को बचाना है तो सनातन को बचाना होगा। झारखंड राज्य में पुलिस चोर बदमाश अपराधी को नहीं पकड़ती, बल्कि पुलिस को वसूली में लगा दिया है। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि कार्यकर्ता अपनी शक्ति को जगाने का कार्य करें। विश्रामपुर के विधायक पूर्व मंत्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। हरेक बूथ पर कम से कम 370 वोट चाहिए, क्योंकि कश्मीर से धारा 370 हटाया गयी है। विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पीएम के योजनाओं का लाभ हरेक समुदाय के लोगों को मिला है। पीएम के कारण ही हम जैसी महिला एक विधानसभा का नेतृत्व कर रही है। मनोज कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि छत्तरपुर विधानसभा पूरे पलामू में परचम लहराने का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम में अमित तिवारी जिला अध्यक्ष, मनोज सिंह प्रदेश महामंत्री, मनोज कुमार पूर्व सांसद, घूरन राम पूर्व सांसद, प्रभात भुइयां, नरेन्द्र पांडेय, उदय शुक्ला, भोला सिंह, अरविंद सिंह भगवान दास, जितेंद्र गुप्ता, चन्दन यादव, सुधीर सिन्हा अशोक सोनी सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

18वीं लोकसभा चुनाव महापर्व में यह संकल्प लें कि पहले मतदान करेंगे, तब जलपान करेंगे। इससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और देश में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी।

**भोला प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी, हरिहरगंज, पलामू।**

# विश्व हिन्दू परिषद ने रामनवमी की तैयारी को लेकर की समीक्षा, 151 जगहों पर कार्यक्रम करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार सात अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद_ बजरंग दल की प्रखंड बैठक प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में संपन्न हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सभी पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नौ अप्रैल से 24 अप्रैल तक राम जन्मोत्सव और हनुमान जन्मोत्सव के आयोजन पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। आचार संहिता के कारण सभी कार्यक्रम मंदिर केंद्रित होंगे। प्रखंड में कम से कम 151 जगहों पर कार्यक्रम करना है। मौके पर सतबरवा प्रखंड से सुनील कुमार विश्वकर्मा, नंदकिशोर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

# स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का उपचार किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रविवार को पड़वा प्रखंड के पतरा पंचायत के लामी पतरा गांव के पंचायत भवन में नई संस्कृति सोसाइटी के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं प्राथमिक उपचार हेतु होम्योपैथी मेडिसिन के माध्यम से उपचार भी किया गया। उक्त अवसर पर डॉक्टर देव प्रकाश गिरी का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर में गांव की मुखिया सुनीता देवी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही साथ पंचायत की स्वास्थ्य सहिया आदि ने ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया। विदित हो कि नई संस्कृति सोसाइटी द्वारा विगत माह में ही पतरा पंचायत के कुपोषित




बच्चों का सर्वेक्षण कराया था। गाँव में कुपोषण के शिकार बच्चे मिले थे। इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दे दी गई है। नई संस्कृति सोसाइटी ने योजनाबद्ध तरीके से वहां होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष सर्वेक्षण कराते हुए उन समस्याओं का संपूर्ण निराकरण कैसे हो, उस पर अपनी प्रतिक्रिया सरकार एवं सक्षम संस्थाओं तक पहुचाने का कार्य करेगी। उपरोक्त कार्य में संस्था के सचिव अजीत कुमार पाठक, अशोक कुमार पांडेय, चंदा कुमारी, हिमांशु त्रिवेदी, शशांक शेखर पांडे, सुनिल कुमार ने अपनी महती भूमिका निभाई।

# नशे की हालत में मिले युवक को पहुंचाया गया अस्पताल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा बाईपास रोड डीआईजी आवास के समीप रविवार की सुबह एक 15 वर्षीय अज्ञात युवक नशे की हालत में गिर कर घायल पड़ा हुआ था।इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस और चाइल्ड हेल्प लाइन के स्टाफ सुधांशु शुक्ला और मनीष पाल घायल युवक को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के बाद वह होश में आ गया गया है।होस में आने के बाद युवक ने अपना नाम आकाश कुमार पिता नगीना उरांव पता लातेहार जुबली चौक बता रहा



है। वही अस्पताल में इलाज के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन के स्टाफ उसे अपने साथ बाल गृह लेकर चले गए हैं।यदि कोई व्यक्ति इस युवक को पहचानते है तो इसके परिजनों को सूचित करे।

## किडनी रोग से ग्रसित 23 वर्षीय युवक आकाश अग्रवाल की मौत

**मेदिनीनगर।** शाहपुर सेमराटाड़ निवासी रमेश अग्रवाल के पुत्र 23 वर्षीय आकाश कुमार अग्रवाल की शनिवार को मौत हो गई। जानकारी के अनुशार आकाश अग्रवाल कई महीनों से किडनी की बीमारी से जूझ रहा था। जिसका इलाज निजी क्लीनिक और मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। उसकी मौत के बाद से घर में मातम का माहौल है। ज्ञात हो कि मृतक के पिता की मेदिनीनगर के जिला स्कूल चौक के पास समोसा के दुकान है। इसी दुकान से वह अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। आकाश की मौत की खबर मिलते ही सगे संबंधियों सहित कई लोग उनके घर पर शोक प्रकट करने उमड़ पड़े।

## एक नजर

### डॉ आंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। उन्होंने कहा कि डॉ आंबेडकर की जयंती के दिन मोर्चा कार्यालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए थाना रोड स्थत आंबेडकर पार्क में पहुंचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

### डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर फास्ट फूड यूनिट खुला

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सुविधा के लिए एक फास्ट फूड यूनिट खुल गया है। यह आम भाषा में एफएफयू कहा जाता है। यह एफएफयू पूनम एंटरप्राइज की है। इसका हेड ऑफिस पुणे में है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि इस एफएफयू में लोगों को चाय ,कॉफी, दही, लस्सी ,खाने पीने की चीज मिल रही है। इस यूनिट में सफाई और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखना और करने की सक्त निर्देश दिए गए हैं। पूनम एंटरप्राइज पुणे की एक संस्था पूनम एंटरप्राइज ने डाल्टनगंज के रेलवे स्टेशन पर अपना एकएफयू खोला है। इस एफएफयू में सभी अपनी जरूरत के अनुसार चीजों को ले सकते हैं।

### मनमाने दामों पर बिक रही किताबें व यूनिफार्म,अभिभावक परेशान

# स्कूल संचालकों और बुक स्टोर के बीच पीसने को विवश हैं अभिभावक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के निजी स्कूल संचालक कमीशन के फेरे में अभिभावकों को महंगी किताबों की सूची थमा रहे है। प्राइवेट पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के रिजल्ट आने शुरू हो चुके हैं। ज्यादातर सभी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल स्टाफ द्वारा यह बता दिया जाता है कि आप अपने बच्चों की किताबें कापियां व अन्य स्टेशनरी का सामान शहर की किसी भी बुक शॉप से ले सकते हैं या ऑनलाइन मंगवा सकते हैं। इसी प्रकार आप बच्चों की यूनिफॉर्म आप कहीं से भी ले सकते हैं। परंतु जब अभिभावक बाजार में बुक स्टोर व स्टेशनरी की दुकानों पर बच्चों की किताबें कापियां व अन्य स्टेशनरी का सामान खरीदने गए तो अभिभावकों को दुकानदारों की यह बात सुन निराशा होती है कि यह किताबें- कापियां तो केवल स्कूल संचालकों द्वारा निर्धारित दुकान से मिलेंगी। हर प्राइवेट पब्लिक स्कूल संचालक द्वारा शहर में निर्धारित उन्हीं की दुकान पर ही यह किताबें, कापियां व अन्य स्टेशनरी का सामान मिल रहा है। वह भी पूरे सेट में न कि एक एक किताब। अभिभावक इन दुकानों के बाहर लाइन लगाए हुए अपनी बारी का इंतजार करते हुए लूटने को बेबस नजर आ रहे हैं। अभिभावक नरेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की मनमानी के कारण हमारे अलावे अन्य अभिभावक भी काफी चिंतित और परेशान हैं।

**किताब और कॉपियां कई माह पहले ही छपवा लिए जाते हैं**

सूत्रों की मानें तो प्राइवेट पब्लिक स्कूल संचालकों द्वारा ही उनके निर्धारित पब्लिशर से हर स्कूल की हर कक्षाओं की हजारों किताब- कापियां के सेट कई महीने पहले ही छपवा लिए जाते है और उन किताब- कॉपियों पर पब्लिशर्स के द्वारा मनमाने दाम अंकित रहते हैं। ऐसे में एक ही निर्धारित दुकानों से किताबें कापियां व यूनिफॉर्म खरीदना अभिभावकों की मजबूरी बन जाती है।

# सीएस ऑफिस से स्टाफ की मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल सीएस ऑफिस से शनिवार की शाम 4:30 बजे सीएस ऑफिस के एक स्टाफ की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। इस संबंध में भुक्तभोगी शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह 10:00 बजे सीएस ऑफिस में वह अपना मोटरसाइकिल जेएच03एए 8052 को पार्क कर ऑफिस में काम करने चला गया था। शाम को ऑफिस से अपना काम खत्म करने के बाद बाहर निकाला तो देखा कि उसका मोटरसाइकिल गायब है। सुरेंद्र ने अपने मोटरसाइकिल को सीएस ऑफिस कैंपस के चारों ओर खोजा, लेकिन मोटरसाइकिल का कहीं भी पता नहीं चल पाया। इसके



बाद ऑफिस के कर्मचारियों के द्वारा ऑफिस के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई। सीसीटीवी कैमरा में जांच के क्रम में मुंह पर मास्क लगाए एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल चोरी करते हुवे देखा गया।इसके बाद भुक्तभोगी सुरेंद्र कुमार के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी होने से संबंधित मामला शहर थाना में दर्ज कर दिया गया है। मामला दर्ज होने के बाद से शहर थाना की पुलिस मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अज्ञात चोर की खोजबीन में जुट गई है।

# हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जायेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान ने हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम निर्धारित किया है। संस्थान की पलामू शाखा के द्वारा स्वर्वेद शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया है। यह जानकारी संस्थान के पलामू प्रधान संयोजक भानू प्रताप देव एवं जिला संयोजक बनारसी प्रसाद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में नववर्ष पर स्वर्वेद शोभायात्रा निकालने की तैयारी जोरों पर चल रही है।पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के अलावा हुसेनाबाद, छतरपुर, पांकी, पाटन, नावा बाजार, पड़वा, विश्रामपुर एवं चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में स्वर्वेद शोभायात्रा निकाली जायेगी।




मंगलवार की सुबह सात बजे से शोभायात्रा का समय निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विहंगम योग के अनुयायी आध्यात्मिक तरीके से नववर्ष का स्वागत करेंगे। इस दौरान भक्तजन सदगुरुदेव की पूजा अर्चना करेंगे और स्वर्वेद शोभायात्रा में शामिल होंगे। स्वर्वेद शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सेवा प्रभारी सक्रिय हैं। प्रखंड सेवा प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में भी शोभायात्रा की तैयारी चल रही है। शहर के एसओ पेट्रोल पंप के समीप स्थित बबलु पाठक के आवासीय परिसर से सुबह सात बजे शोभायात्रा शुरू होगी। उन्होंने शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भक्तजनों को भाग लेने की अपील की है।

## सप्लाई पाइप लीक होने से हो रही पानी की बर्बादी

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहर के नगर निगम क्षेत्र के आबादगंज, निमिया, बैरिया, हमीदगंज, कांदू मोहल्ले में पेय जल की कमी महसूस की जाती है, लेकिन सप्लाई पाइप लीकेज होने के कारण हजारों लीटर पानी सड़क पर बह जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के कई क्षेत्रों में पाइपलाइन लीकेज होने के कारण प्रत्येक दिन पानी बर्बाद होता है। दूसरी तरफ नगर निगम के कई लोग पानी का दुरूपयोग करते है। नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त एमएफ रहमान ने बताया कि वार्ड की सभी जमादारों को जलापूर्ति पाइप में लीकेज की समस्या को चिह्नित कर कार्यालय में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है ताकि उसका निदान निकाला जा सके।

# तेंदुए ने बछड़े का शिकार किया महुआ के पेड़ पर मिला शव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसांड़ रेंज में तेंदुए ने एक बछड़े का शिकार किया। यह घटना बारेसांड रेंज के खुकरी कोना मायापुर की है। बारेसांड रेंज के प्रभारी वनपाल रणजीत तिवारी ने बताया कि यह गाय का बछड़ा ऐनुल बीबी का था। प्रभारी वनपाल परमजीत तिवारी बताते हैं कि आज रविवार की सुबह जब ट्रैकर और ग्रामीण महुआ पेड़ के पास पहुंचे तो वहां सिर्फ हड्डियां मिली। तेंदुआ ने उस बछड़े को शिकार कर लिया था। पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि सरकारी प्रावधानों के अनुसार बछड़े के मारे पर पशुपाल को हर्जाना के रूप में 8000 रुपये बहुत जल्द दे दिए जाएंगे।

# ममता भुईयां को जीत दिलाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सात अप्रैल रविवार को शहर के माली मोहल्ला स्थित राजद नेता जेयाउद्दीन अंसारी के आवास पर राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। मौके पर लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चंद्रवंशी ने की। उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी घटक दलों को एक मंच पर आना होगा। सामूहिक प्रयास से ही जीत हासिल होगी। राजद के प्रदेश एवं जिला स्तर के नेताओं ने चुनाव की रणनीति बनायी । साथ ही महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीत दिलाने का संकल्प लिया। पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि लोक सभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने के लिए राजद के नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ साथ कांग्रेस,झामुमो और माले सहित अन्य दलों के सक्रिय भागीदारी की जरूरत है। बैठक में चुनाव संचालन समिति के गठन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई । सर्वसम्मति से राजद विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता रामदेव प्रसाद यादव को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का चुनाव समिति का प्रभारी बनाने के लिए प्रस्ताव रखा गया। बैठक में रामदेव प्रसाद यादव, ईश्वरी मेहता, जेयाउद्दीन अंसारी, विश्वनाथ राम, केदार यादव, जावेद खान,प्रमोद यादव, कय्यूम रूमानी, राहिल राज, उमेश पासवान, कमलजीत सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किये।

# सरहुल पूजा महोत्सव पारंपरिक तरीके से मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अद्दि कुड़ूख सरना समाज की पलामू जिला ईकाई की रविवार को शहर के पोखराहा कला स्थित केंद्रीय सरना स्थल स्थित धुमकुड़िया भवन में बैठक हुई। इसमें 11 अप्रैल को प्रकृति महापर्व सरहुल पूजा महोत्सव-2024 को पारंपरिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन करते हुए सरहुल महोत्सव आयोजन की रूपरेखा तय की गई। जिला अध्यक्ष मिथिलेश उरांव की अध्यक्षता एवं



जिला सचिव शंकर उरांव के संचालन में हुई बैठक में पलामू जिले के 16 प्रखंडों के अध्यक्ष, सचिव एवं जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया। अद्दि कुड़ूख सरना समाज जिला संयोजक श्याम लाल उरांव ने कहा कि संसार के प्रत्येक प्राणी को प्रकृति की बनाई हुई विधि के अनुसार हर कार्य करना चाहिए। पूर्वजों ने अतीत में कहा है कि प्रकृति को जाने, प्रकृति को सुने और प्रकृति के नियमों का पालन करें। वबैठक में जिला उपाध्यक्ष सरिता उरांव, अनिता भगत, संतोष उरांव, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण उरांव, पूर्व कोषाध्यक्ष धीरन भगत, संयुक्त सचिव सह पाहन मुखदेव उरांव, भोलानाथ उरांव, प्रमुख बसंती उरांव, लालमनि उरांव, संजित उरांव, बृन्दा उरांव, धर्मेंद्र उरांव, कमेश उरांव, कृष्णा उरांव, परमेश्वर उरांव, अंकित उरांव, सीमा उरांव, पूनम उरांव, किस्मत टोप्पो, बिरेंद्र उरांव, बिकास उरांव आदि शामिल थे।

## रेंगाई पंचायत भवन में शिविर लगाकर ग्रामीणों के आंखों की हुई जांच

**मेदिनीनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पलामू में कार्यरत स्वयंसेवी संगठन सेसा ने लातेहार जिले के महुआडांड प्रखंड के रेंगाई पंचायत भवन में एकदिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच सह चश्मा वितरण शिविर लगाया। शिविर में 40 साल और उससे अधक उम्र के वृद्ध लोगों को पहले निशुल्क नेत्र जांच की गई और फिर जरूरत के अनुरूप चश्मा दिया गया। मेदिनीनगर लौटने पर संस्था के महासचिव कौशिक मल्लिक ने बताया कि शिविर का उद्घाटन रेंगाई पंचायत की मुखिया कमला किंडो ने किया। शिविर का आयोजन बेंगलुरू की वन साइट एसिलर लक्जॉटिका फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को ऑपरेशन के लिए बड़े अस्पताल से संपर्क करने का अनुरोध किया गया। नेत्र सहायक श्याम सुंदर साह, अमरेंद्र कुमार एवं नीलध्वज कुमार ने स्वैच्छिक सेवा प्रदान किया। शिविर की अध्यक्षता सेसा संस्था के परियोजना निदेशक डॉक्टर जसबीर बग्गा और संचालन स्वयं संस्था के महासचिव डॉक्टर कौशिक मल्लिक ने किया। उप सचिव संजय कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन हुआ। कौशिक मल्लिक ने बताया कि शिविर में 170 लोगों के आंखों की जांच की गई जबकि 125 लोगों को चश्मा दिया गया। शिविर में अजय कुमार, ज्योति टोप्पो, कंचन कुजूर, जुस्टीन कुजुर, धनंजय कुमार, लिविंन गिद्ध, अजीत मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

# पलामू के सभी प्रखंडों में वैश्य दिवस मनाया जाएगाः अरविंद गुप्ता




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक सात अप्रैल दिन रविवार को ज्योतिलोक होटल में किया गया। मौके पर निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश संघी के द्वारा 9 अप्रैल से 30 अप्रैल तक वैश्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा।बैठक में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर भी मौजूद थे। प्रदेश संघठन महामंत्री अरविंद गुप्ता ने कहा कि पलामू के सभी प्रखंडों में वैश्य दिवस विशेष रूप से मनाया जाएगा। इसको लेकर सभी प्रखंडों में प्रभारियों का नाम घोषित कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि श्रीरामनवमी में पूजा छः मुहान पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह भंडारा युवा अध्यक्ष शुभम प्रसाद के नेतृत्व में किया जाएगा। मंच संचालन राजेश गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन दिनेश गुप्ता ने किया। साथ ही प्रथम महापौर अरुणा शंकर के पिताजी स्व. राजकुमार गुप्ता के निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में राजहंस अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, मनीष मिवानिया, अरुण गुप्ता, पवन साहु, मोहित अग्रवाल, मुकेश गुप्ता अंकित लाल, अनंद, शेखर, राजु, सिद्धनाथ प्रसाद, अभिषेक, मिथलेश, रजनीश, रौशन इत्यादि लोग शामिल थे।

# रोगियों के साथ-साथ सदर अस्पताल को भी उपचार की आवश्यकता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के नाम पर भले ही हर महीने लाखों के खर्च का हिसाब दिया जाता हो, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां मरीजों की सुविधा मिलने के बजाए अलग से कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी का पारा जैसे-जैसे बढ़ता जा रहा है। वैसे-वैसे सदर अस्पताल का विभिन्न वार्ड हिट चेंबर में तब्दील होता जा रहा है। कई वार्डों में कई पंखे खराब है, जिसे दुरुस्त करने की प्रक्रिया इस भीषण गर्मी में भी नहीं की जा रही है। अस्पताल में फैली अव्यवस्था से रोगी व तीमारदारों पर भारी पड़ रही है। जगह-जगह कमियां मरीजों की पीड़ा बढ़ा रही है। अस्पताल का इमरजेंसी वार्ड हो या सर्जिकल, जनरल वार्ड सभी के हालत खराब है। कुछ वार्डों में पंखे इतने धीरे चलते हैं कि उसकी हवा बेड तक नहीं पहुंच पाती है। अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीज भीषण गर्मी से बेहाल हैं। इमरजेंसी वार्ड में गर्मी से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। इवहीं, अस्पताल में गंदगी की वजह से जो बदबू पैदा हो रही है, उससे मरीजों को उल्टियां भी आ रही हैं। वहीं, परिजनों का कहना है कि यहां मरीजों के साथ-साथ अस्पताल को भी इलाज की जरूरत है। इस गर्मी में अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों के लिए पीने के ठंडे पानी तक की व्यवस्था नहीं है। लोगों को पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है।



**आयोजन**

## रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने कहा-

# असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्ती बरतेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी और ईद त्योहार को लेकर शहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने की। वहीं संचालन ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने किया। इस दौरान दोनों समुदाय के लोगो ने शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी और ईद त्योहार मनाने का संकल्प लिया। साथ ही साफ-सफाई, बिजली आदि पर खास विशेष ध्यान देने की बात कही गई। सदर सीओ ने कहा की रामजन्मोत्सव भाईचारा व उल्लास का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग मिल जुलकर शांति व सद्भाव के साथ रामनवमी मनाएं। वहीं, मौके पर उपस्थित शहर थाना प्रभारी देवव्रत



पोद्दार ने कहा कि रामनवमी और ईद पर्व के दौरान प्रशासन की पैनी निगाह होगी। असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्ती बरतेगी। इसके अलावा रामनवमी के दौरान आदर्श आचार संहिता का भी ख्याल रखना होगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण रूप से पर्व त्यौहार मनाएं। प्रशासन आपके साथ है। किसी तरह की कोई दिक्कत हो तो थाना से संपर्क करें। आस-पास की समस्याओं से मुझे अवगत कराएं। मौके पर डीपीएम दीपक कुमार,टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद महावीर नव युवक दल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल, मंत्री चिंटू गुप्ता,अभिनाश राजा, विनय ओझा, मोहर्रम इंटेजामिया कमिटी के अध्यक्ष सैयद सहरेयार,पूर्व अध्यक्ष जिशान खान, मोहम्मद इसराइल उर्फ मिंटू, कलाम खान, मुमताज खान, छोटी मस्जिद अध्यक्ष नेहाल अहमद खान, हिक्मत यार अली, फिरोज राइन, रानू खान, इरफान खान, मोहम्मद मोबिन अख्तर, इमामुद्दीन खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### रामनवमी और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**धुरकी ।** धुरकी थाना परिसर में रामनवमी और ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक बीडीओ सह सीओ जुलफिकार अंसारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने किया। बैठक में दोनों समाज के गण मान्य लोग शामिल हुए। बैठक में सभी अखाड़ा से कहा गया कि प्रशासन से लाइसेंस ले कर ही रामनवमी का जुलूस निकालें। रामनवमी जुलूस में हुडदंग करने वालों और सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी से कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मुखिया महबूब अंसारी, पूर्व मुखिया लक्षण यादव, मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह,योगेन्द्र यादव, विवेक सिंह, रामजिवन यादव, अजमल हुसैन, इसलाम अंसारी, इत्यादि लोग शामिल थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' कार्यक्रम

**गढ़वा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को सदर अस्पताल के सभागार में मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, उमाशंकर द्विवेदी, स्वास्थ्य विभाग के बिमलेश कुमार, बीटीटी आशा शर्मा भी उपस्थित थे। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने कहा कि कोविड काल में भी कई स्वास्थ्य योजनाएं शुरू की गई हैं। मौके पर अरबन हेल्थ मैनेजर सच्चिदानंद पांडेय, प्रतिमा देवी, मंजू देवी समेत बड़ी संख्या में जीएनएनएम, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया आदि उपस्थित थे।

### पंचायत कर्मियों ने चलाया साफ-सफाई अभियान

**श्री बंशीधर नगर ।** नगर पंचायत अंतर्गत गोसाईबाग स्थित ईदगाह के मैदान में नगर पंचायत कर्मियों द्वारा साफ सफाई अभियान चलाया गया।मौके पर उपस्थित नगर प्रबंधक रवि कुमार ने मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों को ईद उल फितर की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आगामी ईद उल फितर के त्योहार को लेकर ईदगाह की साफ सफाई कराया जा रहा है,ताकि मुस्लिम समुदाय के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नही हो। ईदगाह इंतजामिया कमेटी के सदर सुहैल आलम पप्पू ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ईदगाह की सफाई नगर पंचायत के कर्मियों के द्वारा किया जा रहा है। ईद उल फितर त्योहार को देखते हुए ईदगाह की दीवार का रंग रोगन व साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। मौके पर अबुताज शहंशाह बाबू खलीफा,गुड्डू खान बाबू,अजहरुल्लाह हक,जाफिर खान,जहांगीर खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत, चार घायल

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी(गढ़वा) ।** धुरकी थाना क्षेत्र के परासपानी कला गांव में शनिवार की शाम बुध बाजार स्थित महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर होने के बाद एक ही मोटरसाइकिल पर सवार दोनों चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों चाचा भतीजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुरकी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने रघुवीर राम को मृत घोषित कर दिया। घटना शनिवार के 8 बजे रात्रि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोल गांव निवासी 50 वर्षीय रघुवीर राम तथा 27 वर्षीय अजय राम अपने रिश्तेदार सोन डीहा गांव से वापस अपने घर डोल जा रहे थे तभी अचानक एक व्यक्ति को बचाने के क्रम में मोटरसाइकिल असंतुलित हो गया तथा आगे जाकर महुआ के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी की घायल व्यक्ति के पैर के हड्डी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। इधर उसके भतीजे की हालत नाजुक बनी हुई है उसकी हालत भी खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर सूचना मिलने पर धुरकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतू सदर अस्पताल भेज दिया तथा उसके भतीजे को एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया गया जहां उसे भी चिकत्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस खबर को सुनकर घर के परिजनों में सन्नाटा छा गया। उनके घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल था। लोगों के आंसू नहीं थम रहे थे। खबर मिलने पर गांव के जनप्रतिनिधि एवं समाज सेवायों ने मृतक के घर पहुंच कर उसके परिजनों को ढांढस बनाया एवं सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री थी।

### बाइक हादसे में दो घायल

**डंडई ।** गढ़वा मेराल डंडई सड़क में बाना के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल डंडई थाना क्षेत्र के हारादाग गांव निवासी स्वर्गीय संतोष राम का पुत्र आलोक कुमार एवं पांडू थाना क्षेत्र के बास डीह गांव निवासी विकास कुमार का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि विकास कुमार अपने बहन के यहां हारा दाग गया हुआ था। इसके बाद अपने जीजा के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेराल घूमने आ रहा था। इसी बीच बाना के समय मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसके बाद दोनों व्यक्ति घायल हो गए आसपास के सहयोग से उसे उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कांडी(गढ़वा)।** थाना क्षेत्र के एक युवक की रांची में हुए सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। स्कूटी से जा रहे दो युवकों को थार जीप ने अपनी चपेट में लेकर रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन वापस गांव आ रहे हैं। जिनके देर रात तक घर पहुंचने की संभावना है। एक होनहार युवक के इस तरह असमय गुजर जाने से गांव सहित पूरे इलाके में मातम पसर गया है। कांडी थाना क्षेत्र के पतिला पंचायत अंतर्गत चोका गांव के नवडीहवा टोला निवासी सीआरपीएफ के जवान राजकुमार साह के पुत्र अनुज कुमार साह 25 वर्ष की रांची में हुए एक सड़क हादसे में काफी दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना शनिवार देर शाम करीब 8:30 बजे की है। मृतक के बड़े भाई अमित कुमार साह से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुज कुमार साह भोपाल से बीटेक करने के बाद विप्रो कंपनी में कोलकाता में बतौर इंजीनियर पोस्टेड था।

# साइबर क्राइम : एक व्यक्ति के अकाउंट से 29 हजार 700 सौ रुपये की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** गुमला सदर थाना स्थित बिकास नगर बरटोली ग्राम निवासी संगीत देवी (उसके पुत्र ) ने बताया कि मेरा एसबीआई बैंक गुमला में खाता है। कल हमलोग अपने घर पर थे। इसी क्रम में लगभग ढाई बजे मोबाइल पर एक कॉल आया और दूसरे तरफ से मोबाइल कर्ता ने बताया गया कि मैं सुखा राहत कोष पदाधिकारी बोल रहा हूं और आपको 28000 रुपया मिलेगा। जिसे मैं इंक्वारी कर रहा हूं, इसके लिए आपको ?1000 का डाउन पेमेंट भेजना होगा। पहले आप मेरे द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड नंबर आप एक रुपया भेजे और इधर से जैसे ही एक रुपया भेजा गया। साइबर अपराधी द्वारा 29 हजार सात सौ रुपये संगीता देवी के बैंक अकाउंट से कट गया। बैंक अकाउंट में पैसे कटते देख मां-बेटे का होश उड़ गये और दूसरी तरफ से साइबर अपराधियों ने अपना मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ कर दिया। तब मां-बेटे को ठगी का एहसास हुआ। बाद में गुमला सदर थाना में आवेदन देकर अज्ञात साइबर अपराधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए 29,700 रुपया वापस दिलाने की गुहार लगाई हैं ।




### एक लाख नकद सहित सोने चांदी के आभूषणों की चोरी

**गुमला ।** गुमला सदर थाना के पालकोट रोड स्थित जिओ ऑफिस के समक्ष स्थित सौरभ कुमार गुप्ता ने गुमला सदर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करते हुए बताया कि उसके घर के बगल में एक पिकअप वाहन लगे होने का फायदा उठाकर और उक्त पिकअप वाहन पर चढ़कर मेरे घर के छत के रास्ते घर व दुकान में लगभग बारह से एक बजे रात्रि के बीच मेरे घर सह दुकान में प्रवेश कर चार ऐनरॉयट मोबाइल फोन, सोने की तीन अंगूठी और एक जोड़े झुमके तथा चांदी के पायल आदि आभूषण और दुकान में रखें, एक लाख रुपये नकदी की चोरी अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली है। आसपास के सीसीटीवी कैमरा में देखने पर एक महिला और एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में देखे जा रहे हैं।

## क्षत्रिय महासभा लोकसभा चुनाव में बीजेपी का करेगा विरोध



**श्री बंशीधर नगर ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा श्री बंशीधर नगर अनुमंडलीय इकाई लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता और एनडीए का विरोध करेगी। भोजपुर रोड स्थित महासभा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी गयी। महासभा के अनुमंडलीय अध्यक्ष इंदल सिंह ने बताया कि महासभा की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें भाजपा और एनडीए के विरोध का निर्णय लिया गया। इंदल सिंह ने बताया कि क्षत्रिय समाज ने देश मे लोकतंत्र स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई रियासतों का विलय कर राष्ट्र एकता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लेकिन आज के राजनीतिक दल क्षत्रिय समाज के योगदान को नजरअंदाज करने का काम कर रहे हैं। झारखंड में 2 सीट पर भाजपा के सांसद थे। उपाध्यक्ष मनिरत्न प्रताप देव उर्फ चंचल सिंह, प्रवक्ता दीपक कुमार सिंह, क्षत्रिय सभा के संरक्षक ललन प्रताप देव, कामेश्वर प्रताप देव, शैलेंद्र प्रताप देव, विक्रांत सिंह, श्यामबरण सिंह, योगेंद्र सिंह, नागेंद्र प्रताप देव, लल्लू सिंह, धीरू सिंह, अक्षय सिंह, मंटू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चंदनी में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 24 से

**खरौंधी।** श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा एवं राम कथा ज्ञान यज्ञ खरौंधी के चन्दनी में आगामी 24 अप्रैल 2024 से 28 अप्रैल 2024 तक पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें गर्भ गृह में हनुमान जी की प्रतिमा के साथ श्री गणेश जी की प्रतिमा एवं श्री लक्ष्मी नारायण की प्रतिमा एवं श्री सीताराम भगवान की प्रतिमा के साथ श्री राधे कृष्ण भगवान की प्रतिमा मंदिर के चारों कोनों पर मंदिर में प्रतिस्थापित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम का आयोजन चन्दनी हनुमान मंदिर कमिटी के द्वारा समापन कराया जाएगा। सभी कार्यक्रम आचार्य श्री सौरव भारद्वाज गुप्तकाशी उत्तर प्रदेश के द्वारा संपन्न कराया जाएगा । इसकी जानकारी कमेटी के अध्यक्ष पूर्व सरपंच चन्दनी शम्भू नाथ द्विवेदी ने दी है ।मौके पर मंदिर निर्माण कार्य कर रहे मुख्य मिस्त्री राम केवल मेहता, मुंद्रिका मेहता ,राम लखन राम, भरदुल प्रजापति के साथ साथ कमेटी के सभी लोग उपस्थित थे।



### नववर्ष को लेकर तैयारी जोरों पर, भव्य होगी शोभायात्रा



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक किस्को प्रखंड के आरेया गांव में प्रखंड प्रभारी हरिओम प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। बैठक में नववर्ष को लेकर भावी रणनीति बनाई गई। जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा नववर्ष विक्रम संवत के मौके पर जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो पंचायत अध्यक्ष जीवन प्रजापति आदि उपस्थित थे।

## शिविर में 225 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दी गई दवा




नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर ।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेल भवनाथपुर के तत्वावधान में दहेड़ीया ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 225 मरीजों की स्वास्थ्य जांचकर दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ सेल भवनाथपुर के एजीएम राजेश, तुलसी दामर डोलोमाइट माइंस के एजीएम वी पाणिग्रही, माइंस अस्पताल के डॉ विजय कुमार राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ विजय कुमार राम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सेल द्वारा समाजिक कल्याण के तहत निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ साथ आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी अनिला मिंज, मुकेश दुबे,सरोज कुमारी,अमित कुमार,राजमणि सिंह,विद्यालय के शिक्षक रामचन्द्र यादव,राधा प्रसाद यादव सहित सेलकर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

## आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए मनाएं सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व



**भंडरिया ।** थाना परिसर में रविवार को सरहुल, ईद व रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के गन्यमान्य व बुद्धिजीवी लोग उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने उपस्थित लोगों को पर्व से पूर्व अग्रिम बधाई देते हुए लोगों से कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है। उनके प्रोटोकॉल को मानते हुए सभी तीनों त्यौहार को शांति और सौहार्द पूर्ण मनाना है। वहीं थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि सभी गांव में होने वाले रामनवमी जुलूस की रूट चार्ट की आवेदन थाना को उपलब्ध कराए। किसी भी परिस्थिति में पहले से निर्धारित रामनवमी के जुलूस का रूट नहीं बदली जाएगी। बैठक में उपस्थित अंचलाधिकारी राकेश भूषण ने लोगों से अपने-अपने त्यौहार को शांति ढंग से संपन्न करने का अपील किया है। बैठक में इन सबों के अलावे चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय किशोर रजक जीप सदस्य हीरवंती देवी मुखिया विनय सिंह उप प्रमुख श्रद्धा देवी विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह राजेश्वर ठाकुर, राजू घांसी आदि लोगों ने भी अपने-अपने विचार शांति समिति के बैठक में रखा। मौके पर निरंजन जायसवाल, निर्मल ठाकुर, हरिदास तिर्की, अशोक प्रसाद देवानंद, विनोद गुप्ता, मनोज, मुमताज अंसारी, सुनीत मिंज, वाजुद्दीन अंसारी, मुंशी रहमान आदि उपस्थित थे।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एकदिवसीय सामूहिक उपवास




**गढ़वा ।** गढ़वा जिला में समाहरणालय के समीप स्थित एक दिवसीय सामूहिक उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आप नेता सह जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार सिंह, शंकरप्रिय चंद्रवंशी भवनाथपुर विधान सभा प्रभारी, गौतम कुमार जिला उपाध्यक्ष, ध्रुव राज, प्रभात रंजन जिला मीडिया प्रभारी, अरविंद कुमार आदि उपस्थित होकर हमारे नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक दिवसीय सामूहिक उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर गढ़वा में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया है। देश के लोग अरविंद केजरीवाल को बहुत प्यार करते हैं। सभी चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की जल्द रिहाई हो। भाजपा अभी तक आम आदमी पार्टी के नेताओं के शराब घोटाले का एक पैसा भी नहीं दिखा पाई है। भाजपा पर छापा क्यों नहीं मारा गया, या उन पर आरोप क्यों नहीं लगाया गया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को क्यों नहीं बुलाया गया या गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया।

## नूरी जामा मस्जिद में खत्म नमाजे ए तरावीह संपन्न



**श्री बंशीधर नगर ।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत हुलहुला खुर्द स्थित नूरी जमा मस्जिद में खत्म नमाजे ए तरावीह हाफिज सफाअत हुसैन के द्वारा सम्पन्न कराया गया। खत्म नमाजे ए तरावीह समापन के बाद फातिहा खानी किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मुल्क में अमन चैन, भाईचारे व खुशहाली की दुआ मांगी। अंजुमन कमेटी के द्वारा फूल माला पहनाकर हाफिज सफाहत हुसैन को सम्मानित किया गया।हाफिज सफाअत हुसैन ने कहा कि माह -ए-रमजान के चांद नजर आने के बाद ही शुरू होने वाली इस विशेष नमाजे -ए- तरावीह की काफी अहमियत है अपने रब को राजी करने के लिये ईशा की नमाज के बाद तरावीह की नमाज लोग घंटों खड़े होकर पढ़ते हैं साथ ही कुरआन भी सुनते हैं उन्होंने बताया कि तमाम महीनों में रमजान का महीना सबसे अफजल है। अल्लाह इस महीने में अपने बंदों के लिए अन्न बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि रमजान माह में नमाजे-ए-तरावीह के दौरान पूरी कुरआन पढ़ी जाने के बाद सुरह-ए-तरावीह पढ़ी जाती है। मौके पर सदर नेयामत अंसारी,सेक्रेटरी गयासुद्दीन अंसारी,पेशे इमाम रिजवान अंसारी, मौलना तौसीफ रजा, मौलना कलीम अहमद, ग्रामीण पुलिस इसहाक अंसारी, लेयाकत अंसारी, नसीम अंसारी, ज्याहुल हक अंसारी, वकील अंसारी, सतार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रामनवमी में श्रद्धालुओं को होगी परेशानी

# चतुर्भुजी मंदिर जाने वाली सड़क पर बह रहा नाली का पानी

**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र का सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर जाने वाली सड़क पर पिछले कई महीनों से बाजार के कई घरों के नाली का गंदा पानी बह रहा है। इस कारण सड़क नाली के बदबुदार पानी से बजबजा रही है। इस सड़क से श्रद्धालुओं को चतुर्भुजी मंदिर जाने में परेशानी हो रही है। इससे परेशान होकर श्रद्धालु बाजार स्थित रास्ते को छोड़कर दुसरे रास्ते से मंदिर जाने को विवश हैं। श्रद्धालुओं को दुसरे रास्ते से मंदिर जाने से व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। विदित हो की मंगलवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है। इस अवसर पर चतुर्भुजी मंदिर परिसर में एक माह का नवरात्र मेल लगता है ।वहीं नवरात्र के प्रथम दिन कलशयात्रा भी निकाली जाती है। इस रास्ते पर नाली का पानी बहाव पर रोक नहीं लगाई गई तो सुबह- शाम मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को बहुत परेशानी होगी।




### मंदिर विकास समिति ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए दिया था आवेदन

चतुर्भुजी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक, त्रिपुरारी सिंह ने तत्कालीन अंचलाधिकारी सुनील कुमार को आवेदन देकर उक्त सड़क पर नाली का पानी बहाये जाने और अतिक्रमण मुक्त कराने का अनुरोध किया था। इसके बाद सीओ ने सड़क के दोनों किनारों पर रखे गये मिट्टी को हटवाकर सड़क पर जमे नाली की पानी हटवाया था। लेकिन पुनः स्थानीय किसानों ने अपने खेतों में नाली का पानी बहने से रोक लगा दी।

## पोकलेन से कुआं खुदाई मामले में दो लोगों पर केस दर्ज

**डंडाई।** प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में पोकलेन से सिंचाई कूप खुदाई मामले में पंचायत सचिव दीपक कुमार तिवारी ने दो लोगों के खिलाफ नामजद और अज्ञात एक मालिक के खिलाफ भी स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उनमें लाभुक अमरेश प्रजापति और पोकलेन चालक शुभम कुमार का नाम शामिल है। इससे पहले पंचायत सचिव के द्वारा स्थल पहुंच मामले की जांच पड़ताल करने का काम किया गया। पंचायत सचिव ने बताया कि मामला समाचार पत्र में आने के बाद मुझे जानकारी मिली कि मेरे पंचायत में पोकलेन से कुआं का खुदाई किया गया है। उसके बाद बीडीओ जागो महतो के साथ जब मैं स्थल पर पहुंचा तो पोकलेन से कुआं खुदाई होने का कई शिनाख्त देखा गया। जिससे साबित हुआ कि कुएं की खुदाई पोकलेन से ही किया गया । इस बीच ना तो हमारी लाभुक से मुलाकात हुई और न ही पोकलेन चालक से। उन्होंने कहा कि बीडीओ जागो महतो के निर्देश पर उक्त लोगों के खिलाफ प्राथमिक के दर्ज कराने का काम किया गया है। साथ ही कहा कि समाचार पत्र में छपे नाम के आधार पर मैं उनके खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराने का काम किया हूं। पोकलेन से कुआं खुदाई मामले में जांच पड़ताल कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज तो करा दिया गया लेकिन उसमें एक मामले पर न तो जांच हो पाया और न ही उसके खिलाफ किसी भी तरह की करवाई ही हो पाई। बताते चलें कि जिस मामले में लाभुक और पोकलेन चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है उसी मामले में लाभुक के द्वारा मुखिया पति अजय पासवान पर पैंतीस हजार रुपये की राशि रिश्वत देने का भी आरोप लगाया गया था।

## चिनिया में खेलते हुए बच्चों ने गेहूं के बोझे में लगाई आग, पूरा घर जलकर हुआ खाक



**चिनिया ।** चिनिया थाना क्षेत्र के पाल्हे गांव में रविवार को बच्चों के द्वारा खेलते ही खेलते घर के ही समीप खलिहान में रखे लगभग सैकड़ो बोझा गेहूं की फसल में आग लग गई। जिससे गेहूं के बोझे में लगी आग की लपेटो ने उक्त गांव निवासी कामेश्वर सिंह व जगदीश सिंह के खपरैल घर को भी अपनी लपटों में ले लिया जिससे देखते ही देखते पूरा घर जलकर खाक हो गया। वही आनन फानन में ग्रामीणों ने काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। लगी आग के कारण लगभग 70 से 80 बोझा गेहूं की फसल पूरी तरीके से जलकर नष्ट हो गया। घर के अंदर रखे खाने पीने की सामग्री बिस्तर, कपड़े, चौकी, खटिया, सहित अन्य सामान भी जलकर बर्बाद हो गए । जिसके कारण यह गरीब परिवार घर से बेघर हो गया। परिवार वालों के सामने अब एक बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। इधर सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया रामेश्वर सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर घटना की जानकारी ली व परिवार वालों को हर संभव मदद देने की बात कही और चिनीया प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिलकर जल्द ही परिवार वालों को तत्काल मुआवजा व प्रधानमंत्री आवास दिलवाले को भी कही।

### खलिहान में रखे 150 बोझा गेहूं जलकर राख

**श्री बंशीधर नगर ।** थाना क्षेत्र के पिपरडीह ग्राम निवासी सुरेन्द्र राम के खलिहान में आग लगने से खलिहान में रखे 150 बोझा गेहूं जलकर राख हो गया घटना की जानकारी देते हुये सुरेन्द्र राम ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही है घटना सुबह लगभग 8 बजे की है। आग जब लगी तो आसपास के लोगों ने बताया कि खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में आग लग गई है। आसपास के लोगों के सहयोग से आग बुझाने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन जबतक आग पर काबू पाया गया तबतक गेहूं का बोझा जलकर राख हो गया। आग बुझाने वालों में अर्जुन कुमार,विकास कुमार,श्रवण राम,मनु राम, गिरिवर सहित अन्य के नाम शामिल है।

## एक नजर

### गर्मी शुरू होते ही गहराया पेयजल संकट दर्जनों चापाकल खराब



**कुंदा(चतरा)।** गर्मी की शुरूवाती दौर में ही कुंदा प्रखंड में पेयजल का संकट गहराने लगा है। टोलो-मोहल्लों में लगे अधिकांश चापाकल खराब हो चुके हैं। बौधाडीह पंचायत क्षेत्र के कई गावों में चापाकल खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। वही पंचायत क्षेत्र के स्थानीय मुखिया अनिता देवी ने बताई की चापाकल खराब होने की सूचना फोन के माध्यम से विभाग को एक सप्ताह पूर्व ही दे दी गई है। लेकिन कई स्थानों पर अभी भी चापाकल नहीं बन सका। वही संबंधित विभाग का कहना है की लगातार क्षेत्र में खराब चापाकल मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह से ही मिस्त्री अपने कार्य में निकल पड़ते हैं। जैसे-जैसे कंप्लेन मिलते जा रहा है मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही बाकी बचे खराब चपकालों को भी बना दिया जाएगा। जबकी कई ग्रामीणों का अरोप है कि शिकायत पर विाग द्वारा मरम्मत नही किया जा रहा है।

### कैटल गार्ड की लापरवाही से जंगल में लगे एक हजार पौधे नष्ट

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के रोहमर वन क्षेत्र में वर्ष 2021-22 में दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा 10000 पौधारोपण किया गया था। पौधारोपण कैम्पा योजना अंतर्गत सिल्विकल्चर के तहत की गई थी। बताया गया कि रोहमर वन क्षेत्र में दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा 50 हेक्टेयर में सागवान, शीशम, आंवला, बांस, चकुड़ी, गम्हार, सेमल, अजुर्ना व जामुन सहित अन्य पौधे लगाए गए थे। परंतु रखरखाव एवं देख भाल के अभाव में जंगल क्षेत्र में लगे लगभग पौधे नष्ट हो गए। उक्त स्थल पर एक भी पौधे नहीं है। जबकी विभाग द्वारा पौधारोपण में लाखों रुपए खर्च किए गए हैं। परंतु कैटल गार्ड के लापरवाही के कारण पौधे नष्ट हो गए।

### विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लोहरदगा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में स्वास्थ्य जांच हेतु शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ कुमुद अग्रवाल और समाजसेवी दीपक सर्राफ उपस्थित थे। मौके पर डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वस्थ शरीर और निरोग रहना बहुत जरूरी होता है। मौके पर यशोदा कुमारी, सह प्रमुख ऋद्धि मिश्रा और महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में रश्मि साहू, चेतना प्रिया, अर्चना कुमारी, सनोज कुमार साहू, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत तथा महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण में अनुपस्थित पदाधिकारी व 12 कर्मियों से निर्वाचन पदाधिकारी ने मांगा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह के द्वारा आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 5 अप्रैल को गांधी इन्टर कॉलेज, लातेहार एवं बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार में पीठासीन पदाधिकारी हेतु आयोजित प्रशिक्षण में बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 12 कर्मी व पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है।चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य से अनुपस्थित रहना उनके कार्य के प्रति लापरवाही एवं कर्त्तव्यहीनता का द्योतक है। बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित पाया जाना जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 एवं क्ढउ की धारा-187 एवं 188 का



उल्लंघन तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करता है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 24 घंटे के अंदर अनुपस्थित कर्मी/पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है एवं स्पष्टीकरण समय पर अप्राप्त रहने एवं संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उक्त के विरूद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, धारा-187 एवं 188 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए हैं। अनुपस्थित कमी और अधिकारी में रंजन दानिएल बारला, टीजीटी, स्तरोन्नत+2 उवि सरयू,अरूण कुमार सिंह, सहा शि, राजकीय कृत मध्य वि, मारंगलोईया, बालूमाथ,शिवनाथ मांझी, सहा शि, राजकीय कृत मध्य वि०, सेरेगाड़ा, बालूमाथ।मासा सोरेन, प्रबंधक (खान), तेतरियाखाड़ ओसीपी, बालूमाथ,रमेश नगेसिया, सहा शि, उमवि, कबरी, गारू,दिवाकर मिश्रा, व्याख्याता, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, श्रवण कुमार सिंह यादव, सहा शि, उउवि मोरवाई कला, बरवाडीह, जोसेफ एक्का, प्रधानाध्यापक, खीस्त राजा हाई स्कूल, चन्दवा, मंगरा आइंद, प्रारूपक, पथ प्रमण्डल, लातेहार, प्रभाकर कुमार, वरीय लिपिक, पथ प्रमण्डल, लातेहार, राजगीर सिंह, सहा शि, राजकीय कृत मध्य वि, सेरेगाड़ा, बालूमाथ, सुमन कुमार साव, टीजीटी, अंग्रेजी, जवाहर नावोदय विद्यालय, लातेहार के नाम शामिल हैं जिन्हें जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर घर घर पहुंच रहे बीडीओ

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची में नामांकन दर्ज करवाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार गावों में घर-घर तक पहुंच कर नाम जोड़ने को लेकर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को प्रखंड के दौरान सरगांव गांव में दस घर, दिगही में दस घर तथा महुवारी गांव में 20 घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिनकी उम्र 2024 जनवरी के पहली तारीख से लेकर एक अप्रैल तक 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, वे अपने नजदीकी बीएलओ से मिलकर मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करवाएं। मतदान से पूर्व उन्हें मतदाता सूची में जोड़ दिया जायेगा। ताकी मतदान देने का अधिकार मिलेगा। इसे लेकर निर्वाचन आयोग ने छः से ग्यारह अप्रैल तक मतदाता नामांकन अभियान चलाया है। इस दौरान बीएलओ से लेकर जिले के उपायुक्त स्तर तक के अधिकारी सभी क्षेत्र में घूमेंगे।

## चुनाव को ले प्रशासन ने तेज किया सघन वाहन जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के बाद से चंदवा में प्रशासन के द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वाहन जांच के दौरान जिले के बरियातू में दो जगह, बरवाडीह व लातेहार में बड़ी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद प्रशासन के द्वारा जांच अभियान को और सख्त कर दिया गया है। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के साथ बीडीओ सह उप निवार्ची पदाधिकारी चंदन प्रसाद व सीओ जयशंकर पाठक समय समय पर स्वयं मोर्चा संभाले नजर आ रहे है। रविवार की देर शाम खराब मौसम के बावजूद सीओ जयशंकर पाठक मुस्तैदी के साथ वाहनों की जांच करते नजर आए। बता दें कि चुनाव को भय व भ्रष्टाचार मुक्त संपन्न करने व धनबल-शराब के अवैध इस्तेमाल पर रोक को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार



उपायुक्त गरिमा सिंह व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार चंदवा पुलिस के द्वारा एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा प्रखण्ड कार्यलय के समीप स्थित वन विभाग चेकनाका के पास चेकिंग पॉइंट बनाया गया है, जहां वाहनों की जांच की जा रही है। हालांकि जांच के दौरान अब तक किसी प्रकार की अवैध पैसे या सामग्री की बरामदगी की सूचना नहीं है। जांच में मजिस्ट्रेट निशांत कुमार, सअनि जयप्रकाश शर्मा समेत चंदवा थाना के जवान शामिल थे।

## चंदवा प्रखंड के मतदान केंद्रों पर ली विधि व्यवस्था की जानकारी



**चंदवा।** आसन लोक सभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी एवं मतदान केंद्रों में विधि व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रखण्ड के सुदूरवर्ती मतदान केन्दों पर विधि व्यवस्था का जायजा लेने लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार चंदवा पहुंचे, जहां उन्होंने अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद के साथ प्रखण्ड के माल्हन, डुमारो, हुटाप एवं सासंग पंचायत अंतर्गत दर्जनों बूथों पर विधि व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्दों में बिजली, पानी, शौचालय, पथ की जानकारी ली व व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान सासंग व बोरसीदाग में बनाये गए स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। एसडीओ ने कहा कि मतदाताओं व मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की परेशान न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाए।

## संजय शर्मा बने रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष, टुन्नी सिंह एवं सतीश महासचिव



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पूजा महासमिति के गठन के लिए रविवार को कृषि फार्म स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में महासमिति के कार्यकताओं की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा महासमिति का पुनर्गठन करते हुए संजय शर्मा को दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया। जबकि टुन्नी सिंह तथा सतीश सिंह को महासचिव बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, बबलू राज, ओमप्रकाश सिंह, मन्टू कुमार दांगी, सुधीर राय को, सचिव शक्ति सिंह, राहुल केशरी, राजू शर्मा, अशोक सिंह, संयुक्त सचिव अंजू सिंह कोषध्यक्ष पंकज सिंह व मीडिया प्रभारी के रूप में सौरभ तिवारी का चयन किया गया। साथ ही संरक्षक के रूप में मुखिया जुगेश्वर दांगी, पंचायत समिति सदस्य मृत्युंजय सिंह, सरिता देवी, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश राम, संदीप सिन्हा, संतोष सोनी, रतन शर्मा, सच्चिदानंद प्रसाद, इंद्रदेव केशरी, दिलीप साव का मनोनयन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी समिति में बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद तथा संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति के सदस्यों को शामिल किया गया। रामनवमी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने व रामनवमी के दिन निकाले जाने वाली झांकियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड के हर चौक चौराहे पर विद्युत साज सज्जा, महावीरी पताकों से पूरे क्षेत्र को पाटने, शरबत व पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था करने के अलावे मुख्य मंच के समीप एक स्वास्थ्य शिविर भी लगाने की बात कही गई।

## सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले पर होगी करवाई



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति कि बैठक हुई। बैठक में ईद व रामनवमी महापर्व को आपसी सौहार्द के साथ मानने की अपील की गई। साथ ही कहा गया कि पर्व के दौरान असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का काम प्रशासन करेंगी। इस दौरान वॉट्सएप, फेसबुक, ट्यूटर, इस्टाग्राम सहित अन्य इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने से बचें। ऐसा करने वाले लोगो पर कड़ी करवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने लोगो से ईद व रामनवमी पर्व को शांति पूर्ण मानने की अपील करते हुए कई आवश्यक जानकारी दी। बैठक में इंस्पेक्टर पप्पु कुमार सहाय, प्रमुख, थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता, सोनी खलको, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, उप मुखिया मंजू देवी, मनोज कुमार कुशवाहा, बसंत सिंह, मुकेश साव, प्राणेश कुमार गुप्ता, बबलू कुमार साव, यदुनंदन पांडेय, मनोज कुमार वर्मा, विनोद कुमार ठाकुर, देवनारायण दांगी, विकास कुमार, अबूल कलाम, मेराज अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## चंदवा में धूमधाम से मनाया जाएगा प्रकृति पर्व सरहुल



### बैठक में तय की गई कार्यक्रम की रूपरेखा

**चंदवा।** आदिवासियों का प्रकृति पर्व सरहुल को धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को प्रखंड के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में हरि कुमार भगत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 11 अप्रैल को आदिवासी समुदाय का महापर्व सरहुल को भव्य तरीके से मनाने के लिए आयोजन समिति के बीच कार्य का बंटवारा किया गया। जिसमें अलग अलग कार्य के लिए बिनेसर उरांव,भुटू उरांव, करमा मुण्डा, सुरेश नाथ लोहरा, श्याम उरांव, शंकर भगत, राजेंद्र भगत, दिलीप भगत, नारायण भोगता, चंद्रदेव पाहन, चंद्रदेव उरांव समेत कई लोगों को सरहुल कार्य की जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर चंद्रदेव उरांव ग्राम प्रधान जोबिया, कृष्णा उरांव, प्रदीप उरांव, राजेश उरांव, लालबिहारी उरांव, सचिव मंजय उरांव, कोषाध्यक्ष विनोद उरांव, रूपेश उरांव, राजेंद्र भगत, अनुप बड़ाईक,बीरबल भगत, अनिल उरांव,राजेश उरांव समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से वोट देने की अपील की

**बरवाडीह ।** भारतीय जनता पार्टी के चतरा लोकसभा उम्मीदवार कालीचरण सिंह रविवार सुबह भाजपा कार्यकर्ताओ व अपने समर्थकों केसाथ बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हए लोगो से क्षेत्र के विकास के लिए वोट करने की अपील किया।भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में लोक सभा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने प्रखंड के राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज में पूर्व मंत्री यमुना सिंह, भगत सिंह चौक पर वीर भगत सिंह की प्रतिमा, बस स्टैंड महावीर चोक में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा, अस्पताल चौक स्वामी विवेकानद और सुभाष पार्क स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के साथ साथ मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के आवास पर दिवंगत वरीय भाजपा नेता स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की तस्वीर पर बारी बारी से माल्यार्पण किया। भाजपा उम्मीदवार ने अपने दौरे के




क्रम के पहाड़ी शिव व हनुमान मंदिर पहुंच पूजा अर्चना करने के साथ पहाड़ी मंदिर परिसर में भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में आयोजित युवा चौपाल कार्यकर्म में शामिल होकर युवाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही प्रत्याशी श्री सिंह ने प्रखंड के गढ़वाटाड़ के देवी मंडप और बाजार पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए बाजार के मुख्य मार्ग में पैदल चल कर जनसंपर्क अभियान भी चलाया। अपने कार्यक्रम के दौरान प्रत्याशी श्री सिंह ने छिपादोहर क्षेत्र का भी भ्रमण कर कार्यकताओं एवं अपने समर्थकों से मुलाकात किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जीप सदस्य संतोषी शेखर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश सिंह, मंजू देवी,रामदेव सिंह हर्षवर्धन सिंह, दीपक तिवारी, मनोज यादव, मनोज प्रसाद ,उपेंद्र प्रसाद, राकेश रंजन, शिबू साव,सोनू सरदार, जितेंद्र सिंह, रूपाली देवी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ शामिल थे।

## स्थांतरित डीएसडब्ल्यूओ व सेवानिवृत्त सहायक को दी गई विदाई

**चतरा।** स्थानांतरित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी व विभाग के सेवानिवृत प्रधान सहायक मधुसूदन वर्मा को जिला मुख्यालय स्थित साई रेसीडेंसी होटल में समारोह आयोजित कर संयुक्त रूप से भावभीनी विदाई रविवार को दी गई। ज्ञात हो कि डीएसडब्ल्यूओ का स्थानांतरण सिमडेगा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के रूप में हुई है। विदाई समारोह में सहकर्मी परिवार की ओर से स्थांतरित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सेवानिवृत्त प्रधान सहायक को अंगवस्त्र व उपहार भेंट की गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बदलाव प्रकृति का नियम है। सरकारी सेवा में भी स्थानान्तरण और सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है। उन्होंने अपने पदस्थापन के दौरान 3 वर्ष के सफल कार्यों की चर्चा करते हुवे कहा की आप सभी के सहयोग से ही कोविड़ के



विषम परिस्थिति में भी बेहतर कार्य करने में सफल रही। आगे उन्होंने विभागीय कर्मियों को अपने जीवन में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दी। वहीं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति धनंजय तिवारी ने स्थानातारित डीएसडब्ल्यूओ व सेवानिवृत प्रधान सहायक श्री वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में प्रधान सहायक सुरेन्द्र पासवा, सहायक सह नाजीर अनिल कुमार, ऑपरेटर मिथलेश कुमार राणा, आफरीन, महिला पर्यवेक्षक प्रियंका भारती, अजेमरी खातून, समर अभियान के अमरेश कुमार, वन स्टॉप सेंटर नरेंद्र राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

## गुनाह मिटाने को खास रमजान में रोजा रखा जाता है : हजरत हाफिज



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड के ग्राम कामता जमा मस्जिद में 27वीं शब को हजरत हाफिज व कारी मौलाना कलीमुल्लाह नूरी के द्वारा मुकम्मल कुरान नमाज तरबी में सुनाया गया। उसके बाद जश्ने मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। रमजान शरीफ में कुरान के मुताबिक बयान को बताया गया। जिसमें मौलाना ने कहा कि रमजान का मतलब गुनाहों को जलाने व गुनाह मिटाने का खास रमजान में जो रोजा रखा जाता है। अंजुमन कमेटी कामता के द्वारा हाफिज व कारी मौलाना कलीमुल्लाह नूरी को माला पहनकर हौसला अफजाई किया गया। मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर मनीर आलम, सीक्रेट्री रौशन अंसारी ने बताया की ईदुलफित्र की नमाज अहले सुन्नत बूरहान उल उलूम मदरसा के प्रांगण, ईदगाह में सुबह 8 बजे बिना तासीर की ईद की नमाज अदा की जाएगी। मौके पर मदरसा सदर जियाउल हक, अमानत हुसैन, तस्दीक आलम, फारूक अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, मोइन अंसारी, साजिद हुसैन, सरवर अंसारी, मोबिन अंसारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नवगठित प्रेस क्लब चतरा की पहली कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# पत्रकार हित में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**चतरा।** परिषद भवन परिसर स्थित उत्सव पैलेस में रविवार को प्रेस क्लब चतरा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कश्यप व संचालन सचिव जितेंद्र कुमार तिवारी ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष अजीत कुमार सिंहा, संयुक्त सचिव धर्मेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार समेत कार्यकारिणी सदस्य नवीन पांडेय, रणधीर सिंह, संतोष केसरी, शैलेश कुमार, अजय चौरसिया, श्रीकांत राणा, कुलदीप राम, जितेंद्र कुमार, अजीत पांडेय, अमीत सिंह शामिल हुए। बैठक में प्रेस क्लब कार्य समिति के पदाधिकारी व सदस्यों ने निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शिता पूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करने वाले तदर्थ कमेटी, चुनाव संचालन समिति, सदस्यता समीक्षा समिति और निवार्ची पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त



करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि चतरा जिले में पहली बार 156 पत्रकार बंधुओं में से 15 ने मताधिकार का प्रयोग कर नई कमेटी को कार्य करने का मौका दिया है। इसके लिए पूरी कमेटी सभी पत्रकार बंधुओ के प्रति आभार व्यक्त करती है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रेस के गठन में योगदान देने वाले पत्रकार साथियों के साथ वरिष्ठ पत्रकारों व पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने वाले महानुभावों को प्रेस क्लब जल्द ही समारोह आयोजित कर सम्मानित करेगी। इसके अलावे बायोलॉज के अनुरूप पत्रकार हित में काम करने का निर्णय लिया गया। चतरा प्रेस क्लब के नाम से वेबसाइट बनाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे पत्रकारों को पहचान पत्र देने व अन्य सुविधाओं को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। क्लब के उपाध्यक्ष ने कहा कि आंचलिक पत्रकारों के उत्थान के लिए प्रेस क्लब जल्द ही कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रेस क्लब को हाईटेक बनाने पर भी चर्चा की गई। साथ ही वक्ताओं ने कहा कि जल्द ही सम्मान समारोह आयोजित कर जिले के पत्रकारों को आमंत्रित किया जायेगा और कार्यक्रम में आने का आग्रह न्योता भेजा जायेग। सम्मान समारोह में राज्य के कई नामचीन पत्रकारों को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

## पीड़ित परिवार को कंपनी व प्रशासन से आर्थिक सहयोग दिलाने का करेंगे प्रयास



**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के चमातू ग्राम स्थित तिलैया ताड़ टोला में बीते दिनों हृदय विदारक घटना पिता पुत्र और पुत्री का एक साथ संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद की गई थी। घटना को लेकर रविवार को बालूमाथ पूर्वी जिप सदस्य प्रियंका कुमारी वह भाजपा नेता मृतक विनोद उरांव के घर पहुंचे एवं उनके पत्नी गुड्डी देवी से मिल ढाढस बनधवाने का प्रयास किया। मौके पर प्रियंका देवी ने घटना का कड़ी निंदा करते हुए कहां की पुलिस यथाशीघ्र दोषियों को गिरफ्तार कर मामले का उद्बेदन करें । सीसीएल यथाशीघ्र मृतक की पत्नी को सीसीएल नौकरी और मुआवजा दें। कहीं जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग दिलाने का पहला करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ मृतक के पत्नी गुड्डी देवी को उचित इलाज के लिए पहल करने की बात कही। मौके पर अमित कुमार ने सीसीएल से मांग किया कि जल्द से जल्द मृतक की पत्नी को उचित इलाज के लिए गांधीनगर हॉस्पिटल रांची शिफ्ट करने की मांग की। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, संतोष पासवान, समाजसेवी ईश्वर साव, तुलसी समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### नववर्ष के अवसर पर शोभायात्रा में शामिल होने की अपील

**लोहरदगा।** नववर्ष विक्रम संवत को लेकर जय श्री राम समिति के द्वारा घर-घर एवं हर दुकान में आमंत्रण पत्र बाटी जा रही है। ज्ञात हो कि 9 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा ललित नारायण स्टेडियम से निकाली जाएगी ' कार्यक्रम के प्रभारी सुनील अग्रवाल ने कहा आज नगर क्षेत्र में डोर टू डोर आमंत्रण पत्र बाटी जा रही है और लोगों से अपील भी कर रहे हैं कि आगामी 9 अप्रैल को अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर शोभायात्रा में शामिल हो' मौके पर सुनील अग्रवाल,अजय सोनी,अनिल उरांव,जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,बजरंग साहू, विक्की कसेरा नगर अध्यक्ष दीपक साहू नगर महामंत्री सुशील पटनायक,संजय,सुजल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बच्चों ने पुवाल गांज में माचिस से लगाई आग , फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग, बड़ा हादसा टला, गत माह इसी तरह की घटना में आग से जले तीन बच्चों की रिम्स में इलाज के क्रम में मौत

**गुमला ।** गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना स्थित सीलम ग्राम में गांव के बच्चों ने कृष्णा उरांव के आंगन में पशुओं को खिलाने के लिए रखा गया पुवाल में खलते खलते किसी एक बच्चे हांथ कही से माचिस का डब्बा मिल गया और फिर क्या था, बच्चों ने माचिस की तिल्ली जलानी शुरू कर दे और उक्त पुवाल में आग लग गई और सही समय पर बच्चों ने पुएल के आग से दुर भाग गये जिसके कारण किसी की जान माल की क्षति नहीं हुई , नहीं तो एक माह पूर्व ही ठीक इसी तरह के खेल में तीन बच्चे अपने आप को गंभीर रूप से जला लिए थे और उक्त तीनों बच्चों का इलाज के क्रम में रांची रिम्स में एक-एक कर तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। बाद में ग्रामीणों ने रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को उक्त घटना की जानकारी दी गई।

## गर्मी में भी नन्हे रोजेदार रोजा रख कर रहे खुदा की इबादत

**गुमला ।** तपती गर्मी के बीच माहे रमजान के पवित्र महीने में भुखे प्यासे रहकर नन्हे रोजेदार खुदा की इबादत कर रहे है। इतना ज्यादा गर्मी व चिलचिलाती धूप होने के बाद भी नन्हे रोजेदार अपने इमान में है और खुदा की बंदगी में लगे हुये है। बड़े बुजुर्गों के अलावा नन्हे रोजेदार पूरे नियम का पालन कर रहे है। आजाद बस्ती निवासी आयशा सिद्दीका (4) ने कही कि वे इस वर्ष पहली बार रोजा रख रही है। रोजा रखने से हमें नेकी मिलेगा और हम नेकी से हमेशा आगे बढ़ते हुए तरक्की करेंगे। रजा कॉलोनी निवासी रौनक आलम (12) तीन वर्षों से रोजा रख रहा है। उन्होंने कहा कि मैं अपने से बड़ों को रोजा रखते हुये देख रहे है, जिसके बाद हम भी रोजा रखना शुरू कर दिये है। बाबर गली निवासी नायाब जरीन (10) चार वर्षों से रोजा रख रहे है। उन्होंने कहा कि रोजा रखना अच्छा लगता है वहीं बाजार तांड के रहने वाले 10 वर्षीय हुजैफा कामरान अंसारी पिता हाजी सुल्तान अंसारी ने कहा कि रमजान के मौके पर हम सब पाबंदी के साथ रोज और नमाज में लग जाते हैं जिससे बहुत सुकून मिलता है बाकी दिनों में भी कोशिश करूंगा नमाज पाबंदी के साथ हम सभी पढ़े और इस दौरान हम खुदा की इबादत कर सभी के लिये खुशी की दुआ करते है। थाना रोड निवासी आतिफ अनवर (9) दो वर्षों से रोजा रख रहे है। उन्होंने कहा कि रोजा रखने के बाद सुबह का सेहरी व शाम में इफ्तार करना अच्छा लगता है। आजाद बस्ती निवासी अयान अहमद (8) ने कहा कि तीन वर्षों से रोजा रख रहे है। रोजा रखने से खुदा खुश होंगे और हम सभी की दुआ को कबूल करेंगे। इस मौके पर थाना रोड के रहने वाले 55 वर्षीय साजिद अख्तर ने बताया कि रमजान के मौके पर हम सब बहुत ही श्रद्धा के साथ इबादत करते हैं।

# रामगढ़ के चुटुपालू घाटी में सड़क दुर्घटना में एक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** घाघरा थाना क्षेत्र के तुरियाडीह निवासी बीएसएफ के जवान लगभग 35 वर्ष से कमलेश



भगत की रामगढ़ चुटुपालू घाटी में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्रामीण रामरीत उरांव ने बताया कि कमलेश बीएसएफ का जवान था अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए रांची में अपनी पत्नी व दो बच्चों को रखा था जहां दोनों बच्चे पढ़ाई करते थे। एक बेटा 9 वर्ष व दूसरा 3 वर्ष का है। कमलेश का नौकरी 2012 में लगा था वह राजस्थान में बीएसएफ जवान के रूप में तैनात था। छुट्टी में रांची आया था जहां से वह हजारीबाग कैंटीन घर के लिए सामान लाने जा रहा था। इसी दौरान चुटुपालु घाटी में बस, ट्रेलर व दो मोटरसाइकिल एक साथ घटना घटी जिसमें कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में उसे रिम्स रांची लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी सुनीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। यहां बता दें कि 10 दिन पूर्व ही कमलेश छुट्टी में रांची आया था कैंटीन से सामान लाने के बाद अपना पैतृक गांव तुरियाडीह आता जिससे पूर्व ही घटना घटी जिसमें कमलेश की मौत हो गई।

### आॅटो हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत

**गुमला** गुमला सदर थाना स्थित जर्जटा निवासी 64 वर्षीय वृद्ध महिला गोतयारो देवी की आॅटो (टेंपो) सड़क दुर्घटना में शरीर के विभिन्न हिस्सों गंभीर और अंदरूनी खबरें चोट आने के कारण उक्त वृद्ध महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, बाद में उक्त वृद्ध महिला को उसके परिजनों द्वारा आत्म संतुष्टि हेतु इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया , जहां डॉक्टरों ने उक्त वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया गया, बाद में इसकी सूचना गुमला सदर थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही गुमला सदर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ,सदर अस्पताल गुमला पहूंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया।

## सरना झंडा उखाड़ने के मामले का थाना प्रभारी ने जांच कर किया खुलासा

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातु ।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे सरहुल पुजा कमिटी द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था।जिस पर तत्वरित कारवाई करते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व में जांच कर खुलासा किया गया। जांच मे स्पष्ट हुआ कि एक मानसिक रुप से विक्षिप्त व्यक्ति ने सरना झंडा उखाड़ कर इधर उधर किया है। मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की पहचान बारियातु, लोदम दाग निवासी किटु भुईयां के रुप मे की गई है।जो मानसिक संतुलन खराब रहने के कारण रात्रि में घुमते रहता है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से स्पष्ट हुआ। सरना झंडा उखाड़ने के संबंध मे थाना प्रभारी बारियातु द्वारा किए गए तत्वरित जांच व खुलासे के लिए सरहुल पुजा कमिटी ने थाना प्रभारी व थाना परिवार को अभार जताया है। इस संबन्ध में सरहुल पूजा समिति अध्यक्ष पुर्व प्रमुख महावीर उरांव ने, कहा है कि आदिवासी समुदाय सदियो से शांति पसंद समुदाय रहा है। यह समुदाय किसी भी समुदाय से किसी भी तरह का द्वेश भाव नही रखता है। नाही किसी के मान सम्मान को हानी पहुँचाता है ।सभी का आदर करता है। सरहुल पुजा समिति थाना प्रभारी राजा दिलावार व समस्त थाना परिवार का सम्मान करती है। इस मामले मे तत्वरित कारवाई कर खुलासा करने व क्षेत्र मे शांतिव्यवस्था बनाए रखने हेतु पूर्ण सहयोग के लिए अभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं, क्षेत्र मे शांतिव्यवस्था व सद्भावना बनाए रखने मे हमारा सहयोग बना रहेगा।

# उग्रवादियों की धमकी से बंद कराए गए पुल निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने शुरू करवाया

**घाघरा ।** घाघरा प्रखंड के डूको शिकवार स्थित कोयल नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य को टीपीसी उग्रवादियों द्वारा धमकी देकर बंद करने के बाद। ग्रामीणों ने उक्त स्थल पर शनिवार को पारंपरिक हथियार के साथ बैठक कर कार्य को शुरू करवाया। इस क्रम में ग्रामीणों ने कहा कि डूको सिकवार से सिसई प्रखंड के जलका गांव को जोड़ने हेतु कोयल नदी पर पुल बन रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी लाभ मिलेगा। लेकिन बीते दिन बताया गया कि उग्रवादी संगठन के धमकी से पुल निर्माण का कार्य बंद कर दिया गया है।जिसे लेकर ग्रामीणों ने उक्त स्थल पर बैठक किया। बैठक में साफ चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी हाल में पुल निर्माण का कार्य बंद नहीं होगा। वैसे लोग जो असामाजिक तत्व है या फिर



उग्रवादी है, लोग सुधर जाए। ग्रामीणों द्वारा अभी सिर्फ चेतावनी दिया जा रहा है अन्यथा ग्रामीण सेंदरा करने भी जानती है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से भी उक्त पुल बनाने में पुलिस से सुरक्षा देने की मांग की है। ताकि निर्माण कार्य में किसी भी तरह का कोई परेशानी न हो सके। विकास का कार्य धीमी ना हो।इस क्रम में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार की रात पांच की संख्या में मुंह पर कपड़ा बंधाए पांच लोग उक्त पुल बना रहे ऑफिस में मुंशी के पास पहुंचे थे और टीएसपीसी नाम का पर्चा छोड़ पूल निर्माण कार्य को बंद करने की धमकी दी थी। इसके मुंशी द्वारा शुक्रवार को पुल निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया था। इधर घटना की सूचना ठेकेदार द्वारा पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस शुक्रवार की देर दोपहर घटनास्थल पहुंच पर्चा को बरामद किया और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द करें : एसपी



गुमला जिले के घाघरा प्रखंड के डुको सिकवार गांव में कोयल नदी पर चल रहे पुल निर्माण कार्य को लेवी हेतु अज्ञात उग्रवादियों द्वारा बंद करा दिये जाने की खबर सामने आई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक गुमला शंभु कुमार सिंह के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और कांड के अनुसंधान एवं अपराधियों के गिरफ्तारी संबंधित जरूरी दिशा निर्देश दिए।

## मसमानो में जय श्री राम समिति का हुआ विस्तार



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत में जय श्रीराम समिति की बैठक प्रखंड रामकुमार साहू की अध्यक्षता में की गई। बैठक में कमेटी विस्तार एवं नववर्ष को लेकर खास चर्चा की गई। जिसमें मसमानो अध्यक्ष लाल अमित नाथ शाहदेव कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र भगत एवं बेदाल अध्यक्ष मणिलाल महतो कार्यकारी अध्यक्ष रामा महतो महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू समेत अन्य पदाधिकारी बनाए गए ' साथ ही सुरसा,कलहु टोली, कोटारी, हेसागुडू, बानपुर,लठदाग, बोंडा के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक हुई जिसमें नववर्ष को लेकर आमंत्रण पत्र बांटी गई ' प्रखंड प्रभारी रामकुमार साहू ने कहा जय श्रीराम समिति की बढ़ती लोकप्रियता का ही असर है कि लोग खुद ब खुद समिति से जुड़कर समाज के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत रखते हैं' सेवा से बढ़कर कुछ नहीं ऐसा हम सब के मन की धारणा है मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो प्रखंड प्रभारी अवधेश मिश्रा, तुलसीराम, प्रमोद दास, लाल देवव्रत नाथ शाहदेव, श्याम नारायण सिंह, मंगरा उरांव, विनय उरांव, बालमोहन गोप, राजेंद्र गोप, संदीप सिंह, मंगल उरांव, राम किशुन सिंह, दीपक गोप आदि लोग मौजूद थे।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है : बिपिन

**लोहरदगा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जांच तथा रक्त परीक्षण का कार्य बालाजी पैथोलॉजी लैब के संचालक मुकेश कुमार महतो व सहयोगी सुरुचि कुमारी एवं विजेता खलखो के द्वारा संपन्न कराया गया। पैथोलॉजी के संचालक मुकेश कुमार महतो ने स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान केंद्रित करवाया। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग व संतुलित आहार महत्वपूर्ण है। इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि-₹ स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। साथ ही एक स्वस्थ नागरिक ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है। प्रत्येक व्यक्ति को जीवन रक्षाणार्थ रक्त समूह की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

## झारखंड में भाजपा ने राजपूत को एक भी सीट नहीं देकर राजपूत समाज का किया अपमान



**मझिआंव ।** राष्ट्रीय करणी सेना के गढ़वा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर पंचायत मंझिआंव क्षेत्र अंतर्गत शिव मंदिर परिसर में राजपूत समाज की बैठक की गई। बैठक में अलग अलग क्षेत्रों से आए राजपूत समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा ने राजपूत को एक भी सीट नहीं देकर राजपूत समाज का अपमान किया है। बैठक को संबोधित करते हुए करणी सेना के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि आगामी होने वाला लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड में 14 लोकसभा सीट में सभी जाति को सीट देकर खुश किया और राजपूत समाज को इग्नोर किया है। जबकि धनबाद एवं चतरा लोकसभा सीट से निरंतर राजपूत समाज के ही लोग जीते आ रहे हैं। फिर भी राजपूत समाज के लोकसभा उम्मीदवार नहीं दिया गया। बैठक में अभिमन्यु सिंह, नवल किशोर सिंह,उमेश सिंह, विजय सिंह, बिन्दा सिंह, रोहित सिंह, रविंद्र कुमार सिंह,संजीव कुमार सिंह, ललित सिंह, जयराम सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह सुदामा सिंह, कुंदन सिंह, रोहित कुमार सिंह, चंदन अलावा काफी संख्या में राजपूत समाज के लोग शामिल थे।

### रामनवमी, सरहुल तथा ईद को लेकर शांति समिति बैठक

**रमना (गढ़वा) ।** रामनवमी पर्व, सरहुल तथा ईद को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें रामनवमी पर्व पर आयोजित होने वाले जुलूस तथा ईदगाह में नमाज में शांति बनाए रखने को लेकर चर्चा किया गया। रामनवमी, सरहुल तथा ईद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया। मौके पर सीओं बासुदेव राय ने कहा कि यह सुखद है कि ईद, रामनवमी और सरहुल तीनों पर्व कुछ अंतराल के बाद एक साथ आ रहें है। सभी लोगो का प्रयास हो कि पर्व शंति और सौहार्द के साथ संपन्न हो।उन्होंने कहा कि आम चुनाव को लेकर पुरे देश में आदर्श चुनाव अचार सहीता लागू है। इसको ध्यान में रखते हुए किसी भी कार्यक्रम का आयोजन करें। मौके पर मुखिया संतोष सिंह, विरेंची पासवान, दिलीप कुमार ठाकुर, बिरेंद्र बैठा, कुलदिप पासवान, नसरुदीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## ईद व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित




**भंडरा ।** ईद सरहुल एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में भंडरा थाना परिसर में हुई। शांति समिति की बैठक में प्रमुख त्यौहार में सभी लोग मिलजुल कर सद्भावनापूर्वक त्योहार मनाने का निर्णय लिए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र के सांप्रदायिक सौहार्द के इतिहास को बनाए रखने की बात कही। उपस्थित सदस्यों ने बताया कि यहां का सांप्रदायिक सौहार्द का इतिहास रहा है। सभी लोग मिलजुल कर एक दूसरे का त्यौहार में खुशी बांटते हैं और मिलजुल कर त्यौहार मनाते हैं । इस सांप्रदायिक सौहार्द की वातावरण को सभी लोगों को बनाए रखने की आवश्यकता है। असामाजिक तत्वों पर शांति समिति के लोग ध्यान रखेंगे। प्रशासन के द्वारा शांति समिति के लोगों को आश्वस्त किया गया कि किसी भी तरह की सामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। शांति समिति की बैठक में भंडारा प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर संजय कुमार, बालकृष्ण सिंह,जितेंद्र साहू, आफताब आलम ,जुल्फान अंसारी, मनोज साहू ,मुखिया टेले उरांव, जगजीवन उरांव , राजू बाखला , मजेबुल मीरदहा, किस्सा साहू सहित शांति समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भारतीय रेलवे मंत्रालय ने प्रतियोगिताओं का किया आयोजन



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा परिसर में भारतीय रेलवे मंत्रालय द्वारा विद्यालय स्तर पर 'विकसित भारत विकसित रेलवे'शीर्षक पर आधारित चित्रकला व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में अर्पण तिर्की ने प्रथम कुमारी पलक ने द्वितीय तथा पलक सिंह व तन्वी कुमारी ने तृतीय स्थान अर्जित किया। निबंध प्रतियोगिता में मानसी रानी ने प्रथम ऋषभ पोद्दार व कनिका सिंह ने द्वितीय तथा आदित्य पंकज व तन्मय राज ने तृतीय स्थान अर्जित किया। रेलवे मंत्रालय की ओर से सभी विजित प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व शील्ड प्रदान किए गए।

## लोहरदगा के कुडू में इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुंदरू में आयोजित इफ्तार पार्टी में विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की माह ए रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है। रमजान का महीना इबादत का महीना है। बुराइयों से दूर और नेक कार्य करते है सभी रोजेदार। मुस्लिम समुदाय के द्वारा करने से इफ्तार पार्टी में गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिलती है और इस्लाम के अनुयायियों के लिए उपवास, दुआ और आत्मनिरीक्षण का पवित्र महीना है बहुत कुछ सीख देती है।। मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय नाथ शाहदेव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, इकबाल खान, विशाल डुंगडुंग, संजय नायक, असलम अंसारी,राजू उरांव, मौलाना परवेज, कारी नेसार, जसीम अंसारी, माजिद अंसारी, गणेश उरांव, समसुल अंसारी, सुशील उरांव, मुनीम अंसारी, कमरूल इस्लाम,रसीद अंसारी, असलम खान, अख्तर अंसारी, आजम राय, भोटे राय, अमस अंसारी,फरहान अंसारी, सहाबुल राय, शंकर उरांव, मोबिन अंसारी, शिव शंकर भगत, अरशद अंसारी, अख्तर अंसारी, आदि उपस्थित थे ।

## सीआरपीएफ 218 बटालियन कैंप में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया



**चैनपुर ।** चैनपुर में सीआरपीएफ 218 बटालियन कैंप में कंपनी कमांडेंट सर्वेश्वर सिंह के नेतृत्व में माहे रमजान को लेकर इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सीआरपीएफ के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी, पदाधिकारी और मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। सर्वप्रथम सभी रोजेदारों ने निर्धारित समय पर अपना रोज खोलकर नमाज अदा करते हुए सभी लोगों के अमन-चैन की मांगी दुआ। तत्पश्चात सभी अतिथियों इफ्तार पार्टी का आनंद लिया। मौके पर कंपनी कमांडेंट ने कहा कि इस तरह के आयोजन हर प्रकार के धर्म के अनुसार आने वाले त्योहारों पर सीआरपीएफ द्वारा किया जाता है। यह आपसी सौहार्द का कार्यक्रम है। जिसमें एक दूसरे को प्रेम बांटते हैं और इसी प्रकार से हम सब मिलकर देश को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करते हैं। मौके पर एसडीपीओ अमिता लकड़ा, बीडीओ यादव बैठा, मुखिया शोभा देवी, थाना प्रभारी अजय यादव, नसरुद्दीन खान, मौलाना हसमतरजा हाफिज अब्दुल वाहिद सहित कई लोग एवं सीआरपीएफ के जवान उपस्थित रहे।

### जंगल-पहाड़ की गोद में बसे अलकर गांव के ग्रामीणों ने की बैठक

## अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर गांव में चल रहे धर्मांतरण के खेल पर रोक लगाने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर ।** प्राकृतिक छटाओं से परिपूर्ण जंगल पहाड़ की गोद में बसे अलकर गांव के ग्रामीणों ने गांव में चल रहे धर्मांतरण के खेल को लेकर रविवार को बैठक किया। इसमें सर्वसम्मति से अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर हिंदुओं को ईसाई बनाए जाने पर रोक लगाने की मांग करने का निर्णय लिया गया। निर्णय के मुताबिक ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर गांव में चल रहे धर्मांतरण के खेल पर रोक लगाने की मांग की है।

आवेदन में लिखा है कि गांव में अधिकतर हरिजन, आदिवासी निवास करते हैं। ईसाई मिशनरियों के द्वारा अशिक्षा, अंधविश्वास, भूत-प्रेत से निजात दिलाने के नाम पर गांव के करीब 20-25 घर के भोले भाले गरीब ग्रामीणों को ईसाई बना दिया गया है। भविष्य में यह



समस्या और विकराल होने की संभावना है। धर्मांतरण की यह समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, जो गांव के अन्य समाज के लोगों के लिए चिंता का विषय बनते जा रहा है। अगर समय रहते इस पर रोक नहीं लगाया गया तो भविष्य में यह गांव हिंसा की आग में झुलसने लगेगा।

धर्मांतरण की यह समस्या हिंदू समाज के लिए अत्यंत ही चिंता का विषय बना हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ईसाई धर्म अपना चुके परिवार के सदस्यों को उनके मूल धर्म में वापस कराया जाए। अन्यथा हम सभी ग्रामीण विवश होकर धर्मांतरण कर चुके लोगों का सामाजिक बहिष्कार कर देंगे। मांग करने वालों में दयाशंकर सिंह, विंदेश्वरी सिंह, मनदीप सिंह, देवबंश सिंह, जगन सिंह, राम प्रवेश सिंह, उमेश सिंह, उमेश कुमार, तेजू सिंह, प्रवीण सिंह, जयप्रकाश सिंह, विश्वनाथ, प्रगाश भुइयासहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## रामनवमी मेला आयोजन को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बाजार डॉडू में रामनवमी मेला आयोजन को लेकर मिथलेश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में 17 अप्रैल को भव्य तरीके से मेला और अस्त्र शस्त्र प्रतियोगिता आयोजित करने को लेकर चर्चा किया गया। वही मिथलेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार डॉडू में वर्ष 1971 ई।से रामनवमी मेला लगना प्रारम्भ हुआ था।प्रारम्भ में मेला लगाने के लिये पेट्रोमैक्स जला कर और गांव गांव घूम कर लोग मेला आने का निमंत्रण देते थे। परन्तु अब धीरे धीरे बदलाव हुआ। मेला से पूर्व लगातार दो दिन सप्तमी व अष्टमी को ढोल नगाड़ा और बैंड बाजा के साथ पारम्परिक अस्त्र शस्त्र लेकर जुलूस भ्रमण कर ग्रामीण भक्तों द्वारा मेला आने के लिये निमंत्रण दिया जाता है।इस बार भी भव्य तरीके से मेला आयोजित करने के लिये आगामी 11 अप्रैल को केंद्रीय कमिटी के बैठक बाजार डॉडू स्थित मेला टांड में आयोजित करने की बात कही। मौके पर राजेन्द्र नायक, रामदेनी नायक, मनोहर नायक, बिनोद नायक, नितेश नायक, जनक नायक, गोपाल नायक, रामप्रताप नायक,रामदेव मोहन नायक सहित अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### ईद व सरहुल पर्व को शांतिपूर्ण तरीके मनाने की अपील



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना परिसर में ईद व सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। सीओ राकेश कुमार तिवारी ने शांति समिति के सदस्य व आम जनों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार में एक-दूसरे की आस्था का ख्याल रखें और सभी लोग आपस मे मिलजुलकर खुशी के साथ पर्व त्यौहार मनाये। खुशी की बात है कि ईद और सरहुल का पर्व एक साथ मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है।इस लिये प्रेम से भाईचारा के साथ आपस मे मिल जुल कर पर्व त्यौहार मनाने से खुशी दोगुनी हो जाती है।

**सुप्रभात**

**ताकत शारीरिक शक्ति से नहीं आती है ; यह अदम्य इच्छाशक्ति से आती है. : महात्मा गांधी**

# अप्रैल में लू एक गंभीर चेतावनी

अप्रैल शुरू होते ही एक तरफ मौसम विभाग ने चेताया कि गर्मी और लू का असर झेलने के लिए तैयार हो जाएं, तो दूसरी तरफ केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग ने भी राज्यों को बता दिया है कि बढ़ती गर्मी पर निगाह रखें और लोगों को इससे सतर्क रहने के लिए जागरूक करें। झारखंड के पलामू,पूर्वी सिंहभूम जैसे इलाकों,गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर यहां शहरों में तपन का एहसास समय से पहले और सीमा से अधिक है। धनबाद,जमशेदपुर और पलामू प्रमंडल सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश, तपना शुरू हो गया है जो कई छोटी-मंझोली नदियों का घर है और कभी घने जंगलों के लिए जाना जाता था, बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में है। हरित प्रदेश कहलाने वाला यह इलाका आने वाले दशकों में बुंदेलखंड की तरह सूखे-पलायन-निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। जिन क्षेत्रों में शहरीकरण का विस्तार तेजी से हुआ, वहां लू और गर्मी का विस्तार अधिक हुआ। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, देश के अलग-अलग हिस्सों में अब हर साल लगभग 272 दिनों को 'लू - दिन' के रूप में दर्ज किया जा रहा है। तकनीकी भाषा में इसे 'अर्बन हीट आइलैंड' अर्थात शहरी ताप द्वीप कहा जा सकता है। जब किसी शहर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले तापमान अधिक बढ़ जाता है, तो उसे अर्बन हीट आइलैंड कहते हैं। ऊंची इमारतें, छायादार पेड़ों की कमी, जल-निधियों जैसे तालाब-जोहड़ और नदी के दायरे का घटना-ऐसे कारण हैं, जो शहर में गर्मी की मार को जानलेवा बना देते हैं। इसके कुप्रभावों को चौगुना करने में कंकरीट से बनी ऊंची इमारतें, एयरकंडीशनर से निकलने वाली गर्मी, वाहनों से उत्सर्जित ऊष्मा और यातायात थमने से उपजी गैस भी शहरों को तपा रही हैं। जलवायु पारदर्शिता रिपोर्ट-2022 के अनुसार, वर्ष 2021 में भीषण गर्मी के चलते भारत में सेवा, विनिर्माण, खेती और निर्माण क्षेत्रों में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। गर्मी बढ़ने से 167 अरब घंटे संभावित श्रम का नुकसान हुआ, जो वर्ष 1999 के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक है। इस रिपोर्ट के अनुसार, तापमान में डेढ़ फीसदी इजाफा होने पर बाढ़ से हर साल होने वाला नुकसान 49 प्रतिशत बढ़ सकता है। गर्मी बढ़ेगी, तो समुद्र का तापमान भी बढ़ेगा और इससे उपजने वाले चक्रवात से होने वाली तबाही में भी इजाफा होगा। लेंसेट काउंट डाउन की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वर्ष 2000-2004 और 2017-21 के बीच भीषण गर्मी से होने वाली मौतों में 55 प्रतिशत का उछाल आया है। बढ़ते तापमान से स्वास्थ्य प्रणाली पर हानिकारक असर हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी/लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते। शहरों का बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरणीय संकट बढ़ाएगा, बल्कि सामाजिक-आर्थिक त्रासदी और असमानता का कारक भी बनेगा। गर्मी सिर्फ स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि इससे इंसान की कार्यक्षमता भी प्रभावित होती है। गर्मी बढ़ने पर पानी, बिजली की मांग के साथ उत्पादन लागत भी बढ़ती है। अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शीर्ष वैज्ञानिकों के एक अध्ययन के मुताबिक, बढ़ती आबादी और गर्मी के कारण देश के चार बड़े शहर-दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि बाहरी भीड़ को नहीं रोका गया, तो तापमान तेजी से बढ़ेगा, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह साबित होगा। ऐसे में जरूरी है कि शहरों में रहने वाले श्रमजीवियों को लू-गर्मी के कुप्रभावों से बचाने के लिए अनुकूल परिवेश और कार्य समय निर्धारित किया जाए। मजबूरी में खुले में काम करने वाले लोगों के लिए छांव, साफ पानी की व्यवस्था होनी चाहिए, जिसके लिए सरकार एवं समाज, दोनों को साथ आना होगा। उमस भरी गर्मी और लू से राहत के लिए अधिक छायादार पेड़ों को लगाना जरूरी है। शहर के बीच से बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि निर्मल और अविरल रहेंगे, तो ये गर्मी सोखने में सक्षम होंगे। कार्यालयों के समय में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, बहुमंजिला भवनों को पर्यावरण अनुकूल बनाना, ऊर्जा संचयन सहित कुछ ऐसे उपाय हैं, जो कम लागत में शहरों को भट्ठी बनने से बचा सकते हैं। दूरगामी उपाय के तहत शहरों की तरफ बढ़ रहे पलायन को रोकना ही होगा। विकास के नाम पर बिना भविष्य की चिंता किये सड़कें और इमारतें बनाई जाती हैं तो यह विचार नहीं किया जाता कि अगले पचास वर्षों के बाद आबादी या गाड़ियों के दबाव के लिए जगह छोड़ी जाए जिस कारण हर बार पेड़ काटे जाते हैं और फिर लगाए जाते हैं जो पैसों की बबार्दी के अलावा पर्यावरण की बबार्दी का कारण बनता है ।

स्वास्थ्य

# चिकित्सा पद्धति : समन्वित हों, दुश्मन न बने



राकेश दुबे



**पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निदेशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं।**

***भारतीय*** जनमानस में एक अजीब भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई है, भरत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद और एलोपैथी आमने समाने खड़ी कर दी गई हैं। यूँ तो झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। बाबा रामदेव कई मायनों में श्रद्धेय हैं। कमोबेश इस दौर के 'योग-पुरुष' हैं, जिन्होंने एक कड़ी साधना को इतना आसान बना दिया है कि औसत पार्क या सभा-स्थलों पर असंख्य लोग योगासन करते देखे जा सकते हैं। नतीजतन स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है। ऐसे 'योग-साधक' को सर्वोच्च अदालत में माफीनामा देना पड़े और न्यायिक पीठ उसे स्वीकार करने के बजाय महज 'जुबानी जमा खर्च' करार दे, तो शीर्ष अदालत की इस कड़ी चेतावनी को समझना बेहद जरूरी है। बाबा की कंपनी 'पतंजलि आयुर्वेद' एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी 'एलोपैथी' के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निदेशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके माध्यम से स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। 'जन औषधि केंद्रों' के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन आधुनिक चिकित्सा प्रणाली 'एलोपैथी' को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर कोई भी 'आयुर्वेद'को नहीं बेच सकते। विचार का बिंदु है कि जिस देश में नीमहकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता कैसे किया जा सकता? एक रास्ता है नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। जांच की प्रक्रिया के बाद अपने निष्कर्ष देश के सामने रखें कि पतंजलि शित आयुर्वेदिक दवाओं का सच क्या है? बाबा रामदेव क्या कोई भी देश, उसके संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकते। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान भी आम लोगों से खिलवाड़ हुआ और कई गलत दावे किए गए। सम्यक जांच होनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत में सुनवाई के दौरान पतंजलि को खूब फटकार भी लगाई गई है। बाबा रामदेव ने फार्मा और मेडिकल इंडस्ट्री की गलत धारणाओं से बचने की चेतावनी देश को दी थी और यहां तक आरोप लगाए थे कि ये जहर बेच रहे हैं, । शरीर के भीतर किसी रोग की गहराई तक पहुंच हो तो उसके लिए आयुर्वेद सहित सभी आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में अनेक अनुसंधान किए जाए। प्राचीन पद्धतियों में अपनी परंपरागत खामियां भी हैं। उन्हें दूर करने के भी प्रयास हों। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काव्य कोना

### आदमी की बिसात

आदमी की बिसात तो देखिये
यथार्थ से दूरी बनाने का अंदाजा तो
देखिये सोचिये अहम के भ्रम का,
हाव-भाव से बनाते तीक्ष्ण और
आडंबर के खेल की कहानियों का
क्या कहें? रास्ते में तोला भर के पत्थर
की ठोकर गिरा वर्तमान से भूतपूर्व हो
गया आदमी की बिसात तो देखिये।
व्यथा के कलम से लिखी जिन्दगी की
कहानी कफन में लिपटा भी नहीं
दुविधा बड़ी है अर्थी पर डाले कि
वारिस पहले बनाये
चिता तक ले जाये कि वसूले कर्ज
पहले कर्ज उसका जो भी है सब पर
स्वाहा हो जायेगा यूँ भी
अपने-अपने की रट लगाते
आदमी की बिसात तो देखिए।

■ नाग मणि

## आपकी बात

### आम चुनाव



अमित गुप्ता

बीत गए बसंत, अब होंगे वादे अनंत
वो जो दूर हरियालियों में
टंगे पड़े थे
अब सब गिर पड़ेंगे फिर
बन महंत
वैसे ही जैसे पेड़ों से गिरते
हैं आम कुछ पक्के,
अधपक्के व सड़े आम
किंतु ये गिरेंगे आपके पैरों पर तमाम
आप सहर्ष उठाएंगे, पर खा न पाएंगे
आदतन ख्याली ही होंगे ये तमाम
फिर भी आम गिरेंगे, उठेंगे जयचंद
करेंगे सलाम ये कथित भरोसेमंद
कर्ज माफी होगी, सब्सिडी बढ़ेगी
कई योजनाओं की भेंट मिलेगी
भाषणों में, हिंदू - मुस्लिम एक होंगे
होगी अमन व शांति बढ़ेगी भाईचारगी
बड़े से बड़े नेता अब आएंगे गांव
वादे करेंगे - लाएंगे नई बदलाव
पैसे देकर लेंगे सभी को बुलाव
फिर से होगी देश में आम चुनाव

**(शिक्षक सह युवा विचारक )**

### घट गए पनघट

अभी पूरे विश्व में पानी कमी महसूस की जा रही है। हमारा शहर भी इससे अछूता नहीं है। अभी पानी की यह स्थिति है कि गर्मी आने से पहले ही लोग पानी की कमी की चिंता से परेशान हैं। वहीं लगभग तीन दशक पहले तक यहां के पुराने मुहल्लों में पीछे पड़ी खाली जमीन पर पांच फीट खोदते ही पानी निकल जाया करते थे। कुंड मुहल्ले में लगभग हर चार- पांच मकान के बाद घर में एक कुआं अवश्य रहता था। कई कुएं निजी होने के बाद भी सार्वजनिक रूप से प्रयोग में आया करते थे। शहर के मुख्य स्थानों पर कुएं मौजूद थे। अभी सिर्फ बाजार क्षेत्र में लालकोठा के पास का ही कुआं जीवित है। शहर के मुहल्लों के ये कुएं गांव के पनघट की ही रूप हुआ करते थे। सुबह-सुबह उस कुएं पर महिलाएं और पुरूष नहाने और घरेलू काम के लिए पानी भरने आ जाया करते थे। सुबह-सुबह ही उस कुएं पर सभी के घरों की बातें और गांव-देहात की खबर मिल जाया करती थी। यहां तक किस घर में सास-बहू में झगड़ा हो गया है। किसके भाई को नौकरी मिल गई है, किसे लड़की पंसद नहीं है। इस तरह की तमाम बातें इस पनघट पर पता चल जाती थी।

वसंत ऋतु

# देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है।**

***भारतीय*** नववर्ष की शुरूआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। इसलिए यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी। प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था। कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से

**Amar Kant** is with **Kundan Kumar Choudhary** and **10 others.**
28 m ·

पेंटिंग क्लास @ राँची प्रेस क्लब
इन बच्चों की तन्मयता देखकर बरबस अपने बचपन... See more



Amar Kant and 19 others · 1 comment

Like · Comment · Send · Share

## X - से

**Babulal Marandi (Modi Ka Parivar)**
@yourBabulal

प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी ने पिछले 10 सालों में देश में विकास की नई लकीर खींच दी है, जिसकी सराहना पूरा विश्व कर रहा है।

विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर मोदी जी को रोकने का प्रयास कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विपक्ष के इस नापाक मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने देंगे।

@BJP4India @JPNadda @AmitShah @blsanthosh @BJP4Jharkhand

Translate post



5:18 PM · 05/04/24 From Earth · 3.2K Views

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# सहकारिता से मिलेगा करोड़ों को स्वरोजगार



आरके सिन्हा

***अगर*** भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है। ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है। देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं, और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहाँ भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे। प्रबंधन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी। और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे। कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है। बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# बोधगया : बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति का स्थल

हालांकि ये वास्तुशिल्प अवशेषों और मॉडलों पर आधारित थे जैसे कि मंदिर के मॉडल में दिखाया गया है, पूर्व-पुनर्स्थापना चित्रों और तस्वीरों से पता चलता है कि कितना आविष्कार किया गया था, जैसे कि दूसरी मंजिल पर प्रवेश द्वार मंडप, चार कोने के शिखर, और बहुत कुछ सतही आभूषण जीर्णोद्धार की इस अवधि और परिसर की आंशिक खुदाई से कई छोटे 'मन्नत' (एक इच्छा से संबंधित) मंदिर और छवियां भी प्रकाश में आईं, जो सदियों से मंदिर के चारों ओर लगातार बनी हुई थीं।



**कई महाबोधिः बोधगया की प्रतिकृति**

बोधगया और महाबोधि मंदिर परिसर की एक महत्वपूर्ण विशेषता पूरे एशिया में इसकी प्रतिकृति है। जिसे 'प्रतिकृति' कहा जा सकता है, महाबोधि मंदिर 13वीं शताब्दी के बाद से पूरे एशिया में बनाए गए थेः म्यांमार में महाबोधि चरण, थाईलैंड में वाट चेत योट, चीन में वुटा सी और नेपाल में महाबुद्ध मंदिर इसके महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। हम जो देख रहे हैं उसे समझाने के लिए आइए इस कैप्शन में और कुछ जोड़ें। महाबोधि मंदिर का मॉडल, 11वीं - 12वीं शताब्दी, बिहार, भारत (मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट) महाबोधि मंदिर का मॉडल, 11वीं-12वीं सदी, बिहार, भारत ( कला का महानगर संग्रहालय ) इनमें से प्रत्येक संरचना बोधगया में महाबोधि मंदिर के रूप की नकल करती है, हालांकि वे शैली, निर्माण तकनीक और सामग्री में भिन्न हैं। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# अब घर बैठे पासपोर्ट ऑनलाइन रिन्यू करें

**पासपोर्ट को ऑनलाइन रिन्यू करने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन करें :** 1. **पोर्टल पर प्रवेश करें:** सबसे पहले, भारतीय पासपोर्ट पोर्टल पर जाएं। यहाँ आपको 'ऑनलाइन पासपोर्ट सेवाएं' या 'पासपोर्ट सेवाएं' का विकल्प मिलेगा।



2. **पंजीकरणः** पोर्टल पर पंजीकरण करें और एक खाता बनाएं। अगर आपके पास पहले से ही खाता है, तो उसमें प्रवेश करें।

3. **आवेदन पत्र भरें:** आपको अपने पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना होगा। यहाँ आपको अपना नाम, पता, पिता का नाम, जन्मतिथि, आदि जानकारी देनी होगी।

4. **दस्तावेज अपलोड करें:** आवेदन पत्र भरने के बाद, आपको आवश्यकता होगी अपने दस्तावेज अपलोड करने की। ये दस्तावेज आपकी पहचान के साक्ष्य के रूप में काम करते हैं।

5. **फीस भुगतान करें:** रिन्यू के लिए शुल्क भुगतान करें। आप अपने पासपोर्ट की जानकारी और अन्य आवश्यक विवरणों के साथ फीस का भुगतान कर सकते हैं।

6. **समय स्लॉट बुक करें:** आपको अपने रिन्यू प्रक्रिया के लिए एक समय स्लॉट बुक करना होगा। यह समय आपकी सुविधा के अनुसार चुना जा सकता है। **(क्रमशः)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी ने भगवान घंटाकर्ण देवता का लिया आशीर्वाद

**देवप्रयाग।** गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी रविवार को अपने चुनाव प्रचार के लिए देवप्रयाग विधानसभा पहुंचे। उन्होंने बड़ियारगढ़ क्षेत्र में भगवान घंटाकर्ण देवता (घंडियाल देवता) के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा प्रत्याशी ने कहा क इस क्षेत्र के आराध्य भगवान घंडियाल का बड़ा लोक महत्व है। सुरम्य स्थान पर स्थित मंदिर परिसर को विधायक विनोद कंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष टिहरी सोना सजवान, स्थानीय निवासियों और भक्तों ने बहुत सुंदर स्वरूप दिया है।

### हार के डर से माकपा 'बम' रणनीति का सहारा ले रही है : केरल के नेता प्रतिपक्ष सतीसन

**कोच्चि।** केरल में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने रविवार को सत्तारूढ़ माकपा पर लोकसभा चुनाव से पहले बम संस्कृति शुरू करके लोगों में डर पैदा करने का आरोप लगाया। सतीसन ने कहा, बम बनाने की संस्कृति, जिसमें माकपा सक्रिय रूप से शामिल है, मतदाताओं को डराने के लिए है क्योंकि उन्हें अब एहसास हो गया है कि वे चुनाव में हारने वाले हैं। इसलिए, अब उनका लक्ष्य चुनावों के सुचारू संचालन को विफल करना है। उनकी टिप्पणी माकपा का गढ़ माने जाने वाले कन्नूर में हाल ही में हुए बम विस्फोट के मद्देनजर आई है, जहां से विजयन सहित शीर्ष नेता आते हैं।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा की पत्नी की चोरी हुई कार वाराणसी से बरामद, दो गिरफ्तार

**वाराणसी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्नी की चोरी हुई सफेद रंग की फॉरच्यूनर कार रविवार को दिल्ली पुलिस ने वाराणसी से बरामद की। बरामद कार पर सांसद का स्टीकर भी लगा हुआ था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की टीम ने दो कार चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार भाजपा अध्यक्ष नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की फॉर्च्यूनर कार बीते 19 मार्च को दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हुई थी।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप नेताओं का सामूहिक उपवास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी कैबिनेट के सदस्य, आम आदमी पार्टी के विधायक, सांसद और कार्यकर्ता रविवार को सामूहिक उपवास कर रहे हैं। गौरतलब है कि ईडी ने दिल्ली सीएम को कथित आबकारी नीति घोटाले से जड़े मनी लाउंड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी की इस कार्रवाई के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर और पंजाब में शहीद भगत सिंह के गांव खटखड़कलां में आप के विधायक,



मंत्री, सांसद, पार्षद और पदाधिकारी उपवास कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर दिल्ली कैबिनेट के मंत्रियों के अलावा सुबह से ही आम आदमी पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं का जुटना जारी है। दिल्ली कैबिनेट में मंत्री और आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश के संयोजक गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश समेत देश के 25 राज्यों की राजधानियों, जिला तथा ब्लॉक मुख्यालयों, गांव व कस्बों में सामूहिक उपवास का कार्यक्रम रखा गया है। गोपाल राय ने बताया कि भारत के अलावा अमेरिका के न्यूयार्क, बोस्टन, लॉस एंजिल्स, वाशिंगटन डीसी, कनाडा में टोरंटो, ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न, ब्रिटेन में लंदन समेत विदेशों में भी कई स्थानों पर सामूहिक उपवास हो रहा है।

### यूपी में चुनाव इस बार असामान्य रूप से शांत है


**लखनऊ।** सबसे ज्यादा संख्या में सांसद भेजने वाले उत्तर प्रदेश में इस बार लाउडस्पीकर पर 'जीतेगा भाई, जीतेगा' की आवाज जो पहले खूब सुनाई देती थी, इस बार आश्चर्यजनक रूप से गायब है। जमीन पर कोई रंग नजर नहीं आ रहा है और पोस्टर व होर्डिंग्स भी कम ही नजर आ रहे हैं। यहां तक कि मोबाइल फोन पर संदेश भी मिलना मुश्किल है। जो शोर हो रहा है वो केवल टेलीविजन पर ही हो रहा है जहां कुछ न कुछ डिबेट हमेशा चलती रहती है। उत्तर प्रदेश में इस बार चुनाव प्रचार असामान्य रूप से शांत है।

# सशस्त्र बलों का 'परिवर्तन चिंतन' सम्मेलन सोमवार को

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं के लिए 'परिवर्तन चिंतन' नामक एक सम्मेलन का आयोजन सोमवार, 8 अप्रैल को किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि सम्मेलन का उद्देश्य संयोजन और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए नए और ताजा विचार, पहल और सुधार पैदा करना है। दिनभर चलने वाले सम्मेलन की अध्यक्षता चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि 'चिंतन' सभी त्रि-सेवा संस्थानों के प्रमुखों






का पहला सम्मेलन होगा।

सम्मेलन में सैन्य मामलों के विभाग, एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और तीनों सेनाओं की भागीदारी होगी। साथ ही विभिन्न सेवा वर्ग के अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। वे अपनी विविध समझ और अनुभव साझा करेंगे, वांछित संयुक्त और एकीकृत अंतिम स्थिति तक तेजी से पहुंचने के उपायों की सिफारिश करेंगे।

# हम जनता को जनार्दन मानते हैं जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को : राजनाथ

**एजेंसी। जयपुर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि केंद्र में भाजपा सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार रहा है क्योंकि वह जनता को जनार्दन मानती है जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा जनता से किये गये सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीकानेर के कोलायत में सिंह ने भाजपा उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का ट्रैक रिकार्ड बेहद शानदार है और इसलिये शानदार है क्योंकि हम जनता को जनार्दन मानते है और कांग्रेस के लोग एक परिवार को। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस



सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है तो उन्हें दुख होता है। सिंह ने कहा, कांग्रेस हमारी सेना के जवानों पर सवाल उठाती है। वे सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। पूरी दुनिया को सबूत मिल गया है, सिर्फ कांग्रेस को नहीं मिला। उन्होंने ह्यएक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश का पैसा, समय और संसाधन बचेंगे। उन्होंने कहा, एक देश, एक चुनाव को लोगों का समर्थन मिलेगा लेकिन कांग्रेस आदतन इसका विरोध कर रही है।

# पूरा विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश की जनता हमारा समर्थन करेगी, सत्य की जीत होगी : प्रियंका गांधी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को विश्वास जताया कि राज्य के लोग उनकी पार्टी को समर्थन देंगे और सत्य की जीत होगी। प्रियंका ने कहा कि एक तरफ सत्ता के लिए धनबल और एजेंसियों के माध्यम से लोकतंत्र को खत्म करने वाली भाजपा की राजनीति है, जबकि दूसरी ओर सत्य, साहस और धैर्य से जनता के लिए अथक परिश्रम करने का कांग्रेस का संकल्प है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से



मिली। उनकी एकजुटता, मेहनत एवं मजबूती से चुनाव लड़ने के जज्बे और जनता के प्रति उनके समर्पण पर मुझे गर्व है। प्रियंका ने कहा, एक तरफ भाजपा का भय, लालच और झूठ का साम्राज्य है। धनबल और एजेंसियों के माध्यम से सत्ता के लिए लोकतंत्र को खत्म करने वाली राजनीति है। दूसरी तरफ, कांग्रेस के पास सत्य, साहस और धैर्य से जनता के लिए अथक परिश्रम करने का संकल्प है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जनता हमारा साथ देगी और जीत सत्य की ही होगी।

हिमाचल प्रदेश में एक जून को लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होंगे। बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव कराने जरूरी हो गए हैं। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा सीट हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा हैं। भाजपा ने 2019 में सभी चार सीट पर जीत हासिल की थी। बाद में, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने तत्कालीन सांसद राम स्वरूप शर्मा के निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में मंडी सीट भाजपा से छीन ली थी।

# बंद रेलवे फाटक तोड़ चलती ट्रेन से टकराई कार, चालक की मौत

**एजेंसी। मध्य प्रदेश**

अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में एक कार बंद रेलवे फाटक को तोड़ते हुए चलती ट्रेन से टकरा गई, जिससे कार चालक की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हादसा शनिवार आधी रात के आसपास जैथारी इलाके में हुआ। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने बताया कि कार बंद रेलवे फाटक को तोड़ते हुए हीराकुंड एक्सप्रेस से टकरा गई।

जैथारी थाने के निरीक्षक पीसी कोल ने बताया कि कार चालक की पहचान नरेन्द्र वर्मा के रूप में हुई है, उसकी मौके पर ही



मौत हो गई जबकि अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को पटरी से हटाया गया। साहू ने कहा कि इस हादसे में ट्रेन में सवार कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि कार के टकराने से ट्रेन के तीन डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिसे बदलने के बाद हीराकुंड एक्सप्रेस अनूपपुर स्टेशन से आगे बढ़ी।

# राकांपा नेता एकनाथ खडसे की जल्द होगी घर वापसी, भाजपा हाईकमान से बुलावे का इन्तजार

**एजेंसी। मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के नेता एकनाथ खडसे बहुत जल्द भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने खुद इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि वे पुराने कार्यकताओं के आग्रह की वजह से भाजपा में आ रहे हैं। एकनाथ खडसे ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि भाजपा में शामिल होने के बारे में पिछले चार-छह महीने से चर्चा चल रही थी लेकिन मैं अपनी



राजनीतिक स्थिति के मुताबिक फैसला नहीं कर सका।

अब केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा के बाद तय तारीख को दिल्ली जाकर भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। एकनाथ खडसे 30 साल से अधिक समय तक भारतीय जनता पार्टी में रहने के बाद 23 अक्टूबर, 2020 को राकांपा में शामिल हो गए थे। उन्होंने आंतरिक विवाद, भोसरी प्लॉट घोटाला, देवेंद्र फड ?वीस के साथ मतभेद जैसे कई मुद्दों के कारण पार्टी छोड़ दी थी। 2020 में राकांपा में शामिल होने के बाद उन्हें तुरंत नेता नियुक्त कर दिया गया था लेकिन शिवसेना और राकांपा में बगावत होने के बाद एकनाथ खडसे खुद को असहज महसूस कर रहे थे।

### गुजरात की पारुल यूनिवर्सिटी में राजस्थान के छात्र ने की खुदकुशी

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा में पारुल यूनिवर्सिटी परिसर की इमारत की छठी मंजिल से छलांग लगाकर एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने रविवार को बताया की मृतक छात्र राजस्थान का निवासी है। यूनिवर्सिटी में घटना शनिवार रात घटी। आत्महत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और जांच जारी है। रिपोर्ट के अनुसार, वडोदरा की पारुल यूनिवर्सिटी हाल ही में विवादों का केंद्र रही है।

# केरल में तेज गर्मी से प्रत्याशी चुनाव प्रचार कार्यक्रमों में बदलाव को मजबूर

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

तापमान बढ़ने और प्री-मॉनसून बारिश, जिसे 'मैंगो शॉवर' भी कहा जाता है, के बेअसर होने के कारण लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपने प्रचार कार्यक्रमों में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। केरल में पड़ रही चिलचिलाती गर्मी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले उम्मीदवारों को अपना



शेड्यूल बदलने को मजबूर कर रही है।

केरल में 20 लोकसभा सीटें हैं। इसके लिए सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए मुकाबले में हैं। लेकिन गर्मी ने तीनों मोर्चों को प्रचार के लिए एक समान पैटर्न अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है। सभी उम्मीदवार और उनकी टीमें सुबह 8 बजे से ही प्रचार अभियान में जुट जा रही हैं। दोपहर के बाद चाय के समय तक का ब्रेक होता है। इसके बाद रात तक के लिए सभी सड़कों पर वापस आ जाते हैं।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पीएम से पूछे कई सवाल

**एजेंसी। भोपाल**

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कई सवाल पूछे हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा, लोकायुक्त ने भाजपा के नेताओं तथा अधिकारियों पर छापे के बाद 265 मामले दर्ज किए। लेकिन, भाजपा सरकार ने 60 मामलों में केस चलाने की बजाय केस वापस ले लिए। कुछ दिन पहले लोकायुक्त की टीम ने पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मांगी। लेकिन, सरकार ने केस चलाने की अनुमति क्यों नहीं दी?

उन्होंने कहा है कि पीएम बताएं कि व्यापमं कांड का असली गुनहगार कौन है? आज तक ये पता क्यों नहीं



चला कि असली आरोपी कौन था? जिस मामले ने राज्य को देश में कलंकित किया, उसके आरोपियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो पाई? उन्होंने एक सवाल में कहा, देश में मोदी की गारंटियों का चलन चलवाया गया। प्रधानमंत्री ने 2023 के विधानसभा चुनाव में एमएसपी सहित पांच गारंटी दी थी। वे पूरी क्यों नहीं हुईं? किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2,700 रुपये और धान का 3,100 रुपए प्रति क्विंटल देने की बात कही थी?

# हम अयोध्या में रामलला को विराजमान करते हैं तो आतंकवादियों का राम नाम सत्य भी करते हैं: योगी

**एजेंसी। भरतपुर**

**दौसा/सीकर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान के चुनावी रण में उतरकर पार्टी के पक्ष में धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने भरतपुर, दौसा और सीकर में भाजपा उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील की। सीएम योगी के निशाने पर राजस्थान में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस रही। उन्होंने कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उसके शासनकाल में गरीबों के हक पर डाका डालने के साथ ही आतंकियों को बिरयानी



खिलाई जाती थी और दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीरामलला का भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि देश में चार करोड़ गरीबों के मकान भी पीएम मोदी के शासनकाल में बने हैं। योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर में रामस्वरूप कोली, दौसा में कन्हैया लाल मीणा और सीकर में सुमेधानंद सरस्वती के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाली। भरतपुर लोकसभा के लिए जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि 'अबकी बार 400 पार' के लिए रामस्वरूप कोली को भी विजयी बनाना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की मोदी व राज्य की भजनलाल सरकार के कार्यों के बलबूते भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया तो वहीं कांग्रेस को निशाने पर रखा। साथ ही राजस्थान विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए राजस्थान वासियों के प्रति आभार जताया।

### हैदराबाद में बंदूक मिसफायर होने से पुलिस कांस्टेबल की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में रविवार को बंदूक मिसफायर होने के बाद एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। हुसैनी आलम पुलिस स्टेशन की सीमा में कबूतर खाना के पास ड्यूटी के दौरान कांस्टेबल बालेश्वर (52) मृत पाए गए। सिपाही की बंदूक से दो राउंड गोली चली। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह मिसफायर का मामला है या उसकी मौत आत्महत्या से हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल भेज दिया है। 1995 बैच का यह पुलिस कर्मचारी तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले के अचम्पेट का रहने वाला था।

# यूपी में आवारा कुत्तों ने महिला को नोंच-नोंचकर मार डाला

**एजेंसी। कुशीनगर**

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के नन्हू मुंडेरा गांव के पास आवारा कुत्तों ने मानसिक रूप से विक्षिप्त 35 साल की एक महिला को नोच-नोचकर मार डाला। पुलिस चौकी प्रभारी विक्रम अजीत राय के मुताबिक, शनिवार को नान्हू मुंडेरा गांव में नहर के पास स्थानीय लोगों ने आंशिक रूप से खाया हुआ एक शव देखा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि उसके पूरे शरीर, विशेषकर उसकी आंखों और गर्दन पर गहरे घाव थे। स्थानीय लोगों ने बताया



कि महिला तीन दिन पहले इलाके में आई थी और गांव के बाहर नहर के किनारे रह रही थी। ग्राम प्रधान सुरेश कुशवाह ने कहा कि आवारा कुत्तों के आतंक को लेकर कई बार आवेदन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। क्षेत्राधिकारी (सीओ) कैप्टनगंज राजकुमार बरनवाल ने कहा कि मांस और मुर्गी पालन के प्रचलन के कारण कुत्ते मांस खाकर आक्रामक हो जाते हैं और लोगों पर हमला कर देते हैं।

### ग्वालियर में विधानसभा चुनाव हारे उम्मीदवारों के बीच मुकाबला

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश की ग्वालियर संसदीय सीट की पहचान सिंधिया राज परिवार के गढ़ के तौर पर है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है जो अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में हार चुके हैं। ग्वालियर से भारतीय जनता पार्टी ने इस बार भारत सिंह कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। उन्हें विवेक नारायण शेजवलकर के स्थान पर मैदान में उतारा गया है। कुशवाहा अभी हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में ग्वालियर ग्रामीण से पराजित हुए थे। वहीं, कांग्रेस ने प्रवीण पाठक को उम्मीदवार बनाया है।

# मुख्तार अंसारी के घर पहुंचे पूर्व सीएम अखिलेश यादव, परिजनों से की मुलाकात

**एजेंसी। गाजीपुर**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी और बेटे उमर अंसारी से मुलाकात की। पूर्व सीएम ने परिवार के साथ करीब एक घंटा बिताया।

गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की 28 मार्च को मौत के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके घर का दौरा किया है। अंसारी परिवार से मिलने वाले पहले राजनीतिक नेताओं में से एक



ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी थे। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने पूर्व लोकसभा सांसद धर्मेंद्र यादव और राज्यसभा सांसद बलराम यादव को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद भेजा था। दोनों नेताओं ने कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तारी अंसारी की कब्र पर फूल चढ़ाए और उनके आवास पर जाकर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की थी।

# बीजेपी को लगा बड़ा झटका, पार्टी उपाध्यक्ष लेखाश्री सामंतसिंघर ने ज्वाइन की बीजेडी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनावों से पहले रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश उपाध्यक्ष लेखाश्री सामंतसिंघर पार्टी से इस्तीफा देकर सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हो गईं। लेखाश्री भाजपा की ओडिशा इकाई की दूसरी उपाध्यक्ष हैं जिन्होंने चुनाव के कुछ सप्ताह पहले पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले भृगु बक्सीपात्रा भी पार्टी छोड़कर बीजद में शामिल हो गए थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल को लिखे अपने त्यागपत्र में



लेखाश्री ने कहा कि नेतृत्व का विश्वास अर्जित करने में विफल होने के कारण उन्होंने भाजपा छोड़ने का फैसला किया है। लेखाश्री ने त्यागपत्र में कहा मैंने पिछले दस वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के लिए अपना खून-पसीना बहाया है। लेकिन पूरी ईमानदारी और कड़ी मेहनत के बावजूद मैं नेतृत्व का विश्वास हासिल नहीं कर सकी। इसलिए, मुझे लगता है कि यहां मेरे लिए करने के लिए कुछ नहीं बचा है और ओडिशा के लोगों की सेवा करने की मेरी इच्छा बाधित हो रही है। लेखाश्री रविवार को बीजू जनता दल के सांसदों-- मानस रंजन मंगराज और सस्मित पात्रा की मौजूदगी में बीजद में शामिल हुईं। बीजद के प्रदेश मुख्यालय संखा भवन में पार्टी में शामिल होने के बाद लेखाश्री ने संवाददाताओं से कहा, ऐसी पार्टी के लिए पसीना बहाने के बाद बदलाव करना मुश्किल है जिसने मेरी मेहनत को नहीं पहचाना। मुझे स्वीकार करने के लिए मैं बीजद को धन्यवाद देती हूं।

# आप नेता आतिशी लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए असम का दौरा करेंगी

**एजेंसी। गुवाहाटी**

आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रचार के लिए अगले सप्ताह असम की तीन दिनों की यात्रा करेंगी। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आप के पूर्वोत्तर पर्यवेक्षक राजेश शर्मा ने कहा कि आतिशी 8 अप्रैल को क्रमशः डिब्रूगढ़ और सोनितपुर लोकसभा क्षेत्रों से पार्टी




उम्मीदवारों मनोज धनोंवर और ऋषिराज कौंडिन्य के समर्थन में चुनावी रैलियों और रोड शो में भाग लेंगी।

वह उसी दिन आप उम्मीदवार धनोवर के लिए प्रचार करने के लिए दुलियाजान में एक रोड शो में भी शामिल होंगी। दूसरे दिन (9 अप्रैल) आप नेता तिनसुकिया जिले के मार्गेरिटा में एक बाइक रैली और एक सार्वजनिक बैठक में शामिल होंगी, जहां वह एक रोड शो में भी शामिल होंगी। आतिशी 10 अप्रैल को सोनितपुर लोकसभा सीट के उम्मीदवार ऋषिराज कौंडिन्य के लिए तेजपुर में एक रोड शो में भी हिस्सा लेंगी।

### तमिलनाडु वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए बढ़ाई निगरानी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मायलादुथुराई के सीमानकुलम में 2 अप्रैल की रात को स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया तेंदुआ पांच दिन बाद भी पकड़ से बाहर है। वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है और अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) वी नागनाथन अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। तमिलनाडु वन विभाग की कुल 13 टीमें तलाशी अभियान में शामिल हैं और मायलादुथुराई में कई जगहों पर कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं।

# अनिल बलूनी प्रचार के लिए पहुंचे देवप्रयाग के नैनीसैण,मिला नारी शक्ति का समर्थन

**एजेंसी। देवप्रयाग**

उत्तराखंड की गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी अपने चुनाव-प्रचार में जोर शोर से लगे हुए हैं। वह रविवार को अपने चुनाव-प्रचार के लिए टिहरी जनपद की देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे जहां भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नैनीसैण में मातृशक्ति ने उनको आशीर्वाद देते हुए उनका स्वागत किया। जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने जनता से उनके समर्थन में वोट की अपील की। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धि बताते हुए



फिर से भाजपा सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि, यह दृश्य उत्साह का है, अपने भारत को, अपने गढ़वाल को उन्नत करने के सपने का है। संपूर्ण चुनावी यात्रा में जनता प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल और उस कार्यकाल में विकसित भारत के रोड मैप को अंगीकार कर चुकी है।

## आज का राशिफल

**मेष** – आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानांतरण मिल सकता है।

**वृषभ** – संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा।

**मिथुन** – पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा।

**कर्क** – मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह** – निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा।

**कन्या** – कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**तुला** – ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक** – विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु** – अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे।

**मकर** – ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**कुम्भ** – हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**मीन** – मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।



# हार्दिक की कप्तानी में मुंबई की पहली जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 20वें मैच में मुंबई इंडियंस ने 29 रन से पहली जीत दर्ज की है। रोहित शर्मा से मिली आक्रामक शुरूआत और रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में धीमा पड़ने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में दिल्ली ने कोशिश की और पृथ्वी शॉ (66) तथा ट्रिस्टन स्टब्स (71) ने लक्ष्य भेदने की कोशिश तो की लेकिन एनरिक नोर्त्जे (32) का आखिरी ओवर भारी पड़ा और दिल्ली को हार का सामना करना पड़ा।

टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मुंबई के लिए रोहित और किशन ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़े। इसमें रोहित का योगदान अधिक था जिन्होंने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। भारतीय कप्तान ने इशांत शर्मा पर दो चौके लगाकर शुरूआत की और फिर झाई रिचर्डसन की लगातार गेंदों पर छक्के लगाए। चौथे ओवर में उन्होंने अक्षर पटेल का स्वागत छक्के और चौके से किया। रोहित ने एक अन्य स्पिनर ललित यादव पर भी तीन चौके लगाए, जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 75 रन बनाने में सफल रहा।

अक्षर ने हालांकि रोहित को इसके तुरंत बाद बोल्ड करके उन्हें अर्धशतक पूरा नहीं करने दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। सूर्यकुमार यादव की वापसी यादगार नहीं रही। एनरिक नोर्किया ने उन्हें खाता भी नहीं खोलने दिया। सूर्यकुमार केवल दो गेंद खेल पाए। उन्होंने लॉफ्टेड ड्राइव खेलने के प्रयास में मिडऑन पर कैच दिया। किशन भी अपनी पारी को लंबा नहीं खींच पाए। उन्होंने अक्षर की गेंद पर वापस कैच थमाने से पहले बाएं हाथ के इस स्पिनर और नोर्किया पर छक्के लगाए। अक्षर में बेहतरीन कैच लेकर उनकी पारी चार चौकों और दो छक्कों तक ही सीमित रहने दी। तिलक वर्मा (06) भी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए, जिससे मुंबई की परेशानियां बढ़ गई। इससे रन गति धीमी पड़ गई क्योंकि हार्दिक के क्रीज पर रहने के बावजूद दिल्ली के गेंदबाजों ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया।

डेविड ने रिचर्डसन पर छक्का लगाकर मुंबई के प्रशंसकों में जान भरी। उन्होंने हार्दिक के साथ मिलकर खलील अहमद के आखिरी ओवर में 17 रन बटोरे। नोर्किया के अगले ओवर में भी 16 रन बने लेकिन यह दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज हार्दिक की पारी का अंत करने में सफल रहा। हार्दिक ने बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर कैच देने से पहले अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा, इशान किशन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या (कप्तान), टिम डेविड, मोहम्मद नबी, रोमारियो शेफर्ड, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएत्जी, जसप्रीत बुमराह

**दिल्ली कैपिटल्स :** डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, ललित यादव, झाय रिचर्डसन, एनरिक नॉर्टजे, इशांत शर्मा, खलील अहमद



रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी की मदद से मुंबई इंडियंस ने बीच के ओवरों में धीमा पड़ने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

# आईपीएल में 8000+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने कोहली



**एजेंसी। जयपुर**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली ने जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। आरसीबी को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास टी20 प्रारूप में किसी एक टीम के लिए 8000+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए आरसीबी के पूर्व कप्तान को 110 रन की जरूरत थी और उन्होंने आईपीएल के सबसे धीमे शतक के दौरान 113 रन बनाते हुए इस रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है।

विराट आरसीबी के लिए 7,500 आईपीएल रन और 8,000 टी20 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 242 मैचों में विराट ने 38.27 की औसत और 130 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 7,579 रन बनाए हैं। उन्होंने 113 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 8 शतक और 52 अर्द्धशतक बनाए हैं। आरसीबी के लिए 257 मैचों में विराट ने 38.29 की औसत और 131.54 की स्ट्राइक रेट से 8,003 रन बनाए हैं जिसमें 8 शतक और 54 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113 है।

### जका अशरफ ने बाबर आजम को कप्तानी से हटाने का किया बचाव

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ ने भारत में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान के रूप में बाबर आजम को हटाने के फैसले का बचाव किया है। जका ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के दावों का भी खंडन किया कि उन्होंने उन्हें मोहम्मद रिजवान को सफेद गेंद का कप्तान नियुक्त करने की सलाह दी थी, ना कि शाहीन शाह अफरीदी को जो उनके दामाद हैं। बाबर को हाल ही में सफेद गेंद के प्रारूप का फिर से कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने शाहीन की जगह ली जिन्हें सिर्फ एक श्रृंखला के बाद हटा दिया गया।

# रांची ने सुपर लीग के पहले मैच में वेस्ट सिंहभूम को हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएससीए द्वारा आयोजित जेएससीए अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में रांची ने रविवार को वेस्ट सिंहभूम को 6 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट सिंहभूम ने 49.5 ओवरों में सभी विकेट खोकर 223 रन बनाए। साकेत ने 53, मोहिब ने 58, सुमित ने 33 बनाए। आयुष और रायन 3-3 विकेट लिए।



जवाब में रांची ने 39.3 ओवर मे 4 विकेट खोकर 225 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। वत्सल तिवारी ने शानदार नाबाद 100 रन बनाए। अमन कुमार ने 50 और अभिनव सागर ने 47 रन की पारी खेली। वरुण को 2 विकेट मिला। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वत्सल तिवारी को दिया गया।

### कोलिन्स ने सकारी को हराया, कसात्किना के साथ होगी खिताबी टक्कर


**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** डेनिएल कोलिन्स का शानदार प्रदर्शन जारी रहा और गैर वरीय अमेरिकी ने नंबर 3 सीड ग्रीक खिलाड़ी मारिया सकारी को 6-3, 6-3 से हराकर चार्ल्सटन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। 30 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने पिछले 11 मैच लगातार जीतकर सकारी के खिलाफ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उसने शनिवार के दूसरे मैच की शुरूआत से ही विजयी फॉर्म को बरकरार रखा और नंबर 3-वरीयता प्राप्त ग्रीक के खिलाफ शुरूआती ब्रेक की बढ़त हासिल की। हालाँकि सकारी पांचवें गेम में कोलिन्स की सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल करने में सफल रही, लेकिन वह आक्रामकता और रक्षा का सही संतुलन नहीं बना पाई, और अमेरिकी खिलाड़ी से पिछड़ गई। दूसरा सेट भी पहले जैसा ही था, जिसमें घरेलू पसंदीदा कोलिन्स ने एक और शुरूआती बढ़त हासिल करने के लिए लगातार ताकत से गेंद पर प्रहार किया। सकारी ने सेट के बीच में ब्रेक पॉइंट की ओर बढ़त बनाई - लेकिन एक बार फिर, कोलिन्स को बड़ी सर्विस मिली जब यह सबसे ज्यादा मायने रखती थी।

## भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया अगस्टा बर्थ से एक राउंड दूर

**एजेंसी। सैन एंटोनियो**

भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया आखिरी मिनट में अगस्टा मास्टर्स में जगह बनाने और दूसरे पीजीए टूर खिताब की राह पर बने रहे, क्योंकि उन्होंने टेक्सास ओपन में 54 होल के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली है। भाटिया ने टीपीसी सैन एंटोनियो में अपने आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर 4-अंडर 68 का कार्ड खेला और अंतिम राउंड में जाने से पहले डेनी मैक्कार्थी पर चार शॉट की बढ़त बना ली, क्योंकि वह मास्टर्स में अंतिम स्थान पाने की कोशिश कर रहे हैं। मैक्कार्थी के बाद, बढ़त के अगले निकटतम खिलाड़ी ब्रेंडन टॉड थे, जिन्होंने 70 का स्कोर किया और सात शॉट पीछे थे। मैक्कार्थी एकमात्र खिलाड़ी थे जो 22 वर्षीय भाटिया के करीब रहे। बैक नाइन के मध्य में चार होल वाले स्ट्रेच में उनकी तीन बर्डी से उन्हें मदद मिली। वैलेरो टेक्सास ओपन में भाटिया की बढ़त 20 साल में सबसे बड़ी है। रेस माई रेस संदेश के साथ भाटिया, जिन्होंने एक मनोवैज्ञानिक के साथ काम किया था, मानसिक खेल पर अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। एक जीत भाटिया को मास्टर्स में अंतिम स्थान दिलाएगी, अगर वैलेरो टेक्सास ओपन विजेता को पहले से ही छूट नहीं मिली है। पिछले जून के बाद से अपनी दूसरी जीत के साथ उन्हें यू.एस. ओपन के लिए भी छूट मिल जाएगी।

मैक्कार्थी ने पीजीए टूर पर कभी जीत हासिल नहीं की है, लेकिन वह अगले सप्ताह अगस्टा नेशनल में पदार्पण करेंगे क्योंकि वह आधिकारिक विश्व गोल्फ रैंकिंग में शीर्ष 50 में हैं।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

# फास्टैग रिचार्ज के लिए गूगल सर्च करना पड़ सकता है महंगा

आज तमाम गाड़ियों में लोग फास्टैग का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में फास्टैग को लेकर स्कैम में काफी इजाफा हो रहा है। वैसे भी भारत में जिस चीज का अधिक इस्तेमाल होने लगता है या चर्चा होने लगती है उसके नाम पर स्कैम होने लगता है। पिछले कुछ दिनों से फास्टैग स्कैम काफी तेजी से हो रही है। कुछ दिन पहले ही महाराष्ट्र के नालासोपारा में फास्टैग के लिए गूगल सर्च करना एक शख्स को महंगा पड़ा और उसके खाते से 2.4 लाख रुपये निकल गए।

### रिचार्ज करने के लिए गूगल की मदद लेना पड़ सकता है महंगा

यदि आपको भी फास्टैग अकाउंट को रिचार्ज करने में कोई परेशानी हो रही है तो समाधान के लिए गूगल की मदद ना लें और लें तो बहुत ही सावधानी से, क्योंकि एक शख्स ने गूगल पर फास्टैग के कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। शख्स को एक नंबर मिला जिसपर उन्होंने कॉल किया तो फोन पर बात करने वाले शख्स ने खुद को फास्टैग का कस्टमर एग्जिक्यूटिव बताया और मदद करने का वादा किया।

**रिमोटली एप से खाता खाली**

- कस्टमर केयर की बात पर भरोसा करके शख्स ने अपने फोन में रिमोट कंट्रोल वाला एक एप डाउनलोड किया। इसके बाद इस एप की मदद से कस्टमर केयर बनकर बात कर रहे ठग ने शख्स के खाते से छह ट्रांजेक्शन में 2.4 लाख रुपये निकाल लिए। इसके बाद उसने फोन काट दिया और फोन बंद कर दिया।

**क्या ना करें?**

- कस्टमर केयर के लिए नंबर के लिए सीधे संबंधित कंपनी की साइट पर जाएं।
- गूगल पर सर्च करके कस्टमर केयर का नंबर ना निकालें।
- किसी के कहने पर अपने फोन में कोई भी एप इंस्टॉल ना करें।
- बैंक डीटेल की जानकारी किसी के साथ साझा ना करे।

### बनें अपने स्वास्थ्य के संरक्षक : हृदय रोग विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ देवी शेट्टी ने रविवार को लोगों को अपने स्वास्थ्य का संरक्षक बनने और सालाना स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच पर केंद्रित है। नारायण हेल्थ के संस्थापक और अध्यक्ष देवी शेट्टी ने आईएएनएस को बताया, आपको अपने स्वास्थ्य का संरक्षक बनना चाहिए। आपको अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी महसूस करना चाहिए और सही काम करना चाहिए। आपके पास केवल एक ही शरीर है, जो भगवान ने आपको दिया है। आप अपनी कार या घर बदल सकते हैं, लेकिन आप अपना शरीर नहीं बदल सकते। देश में डायबिटीज, हाइपरटेंशन और कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों (एनसीडी) के अलावा मोटापा और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कई अन्य बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं।

# वोडाफोन आइडिया 2,075 करोड़ रुपये में आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी को बेचेगी तरजीही शेयर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने शनिवार को आदित्य बिड़ला समूह की इकाई को 2,075 करोड़ रुपये के तरजीही शेयर बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। निदेशक मंडल ने ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स को 14.87 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की दर से 10 रुपये अंकित मूल्य के 1,39,54,27,034 इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दे दी। इस प्रकार इन शेयरों के लिए कुल 2,075 करोड़ रुपये का भुगतान करना होगा। आदित्य बिड़ला समूह ओरियाना इन्वेस्टमेंट्स के प्रवर्तकों में से एक है।

आईसीडीआर के नियमों के अनुरूप तरजीही शेयरों की न्यूनतम कीमत निर्धारित करने के लिए प्रासंगिक तारीख 8 अप्रैल है।

शुक्रवार, 5 अप्रैल को बाजार बंद होते समय वोडाफोन आइडिया के शेयर 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 13.32 रुपये प्रति शेयर पर रहे। निदेशक मंडल ने कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी को मौजूदा 75 हजार करोड़ रुपये (70 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी शेयर पूंजी और पांच हजार करोड़ रुपये की वरीयता शेयर पूंजी में विभाजित) से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये (95 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी और पांच हजार करोड़ रुपये की वरीयता शेयर पूंजी में विभाजित) करने की भी मंजूरी दी। निदेशक मंडल द्वारा पारित इन प्रस्तावो को मंजूरी देने के लिए बुधवार, 8 मई को कंपनी की एक असाधारण आम बैठक बुलाई गई है। इससे पहले, फरवरी में, वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड इंस्ट्रूमेंट्स के संयोजन के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये तक के फंड जुटाने को मंजूरी दी थी। इक्विटी और ऋण के संयोजन के माध्यम से कंपनी लगभग 45 हजार करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उसका बैंक कर्ज फिलहाल 4,500 करोड़ रुपये से कम है। इक्विटी और ऋण से जुटाई गई पूंजी का निवेश 4जी कवरेज, 5जी नेटवर्क रोलआउट और क्षमता विस्तार के महत्वपूर्ण में किया जायेगा।

# पिछले हफ्ते 30 भारतीय स्टार्टअप ने जुटाई 172 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय स्टार्टअप ने बाजार से धन जुटाना जारी रखा है और पिछले हफ्ते देश में 30 स्टार्टअप ने 172.71 मिलियन डॉलर से अधिक के फंड जुटाए। एनट्रैकर की रिपोर्ट में कहा गया है, लगभग छह शुरूआती चरण के स्टार्टअप ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया है। 25-30 मार्च वाले सप्ताह में लगभग 17 स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 125.73 मिलियन डॉलर जुटाए।

अग्रवाल के नेतृत्व में ओला इलेक्ट्रिक ने 50 मिलियन डॉलर की सबसे बड़ी फंडिंग हासिल की।

हाइपरलोकल मार्केटिंग-टू-कॉमर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म सिंगलइंटरफेस ने 30 मिलियन डॉलर, एनबीएफसी इन्फिनिटी फिनकॉर्प ने 26 मिलियन डॉलर, हाउसिंग फाइनेंस कंपनी निवारा होम फाइनेंस ने 10 मिलियन डॉलर, पेमेंट गेटवे और पॉइंट ऑफ सेल्स प्रदाता इनोविटी ने 4.8 मिलियन डॉलर और डिजिटल बैंकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म एम2पी फिनटेक ने 4.2 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।





इसके अलावा, 16 शुरूआती चरण के स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से 42.61 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की।

डी2सी हेल्थ और वेलनेस ब्रांड ट्रेया इस सूची में शीर्ष पर है, इसके बाद प्रयुक्त दोपहिया वाहनों के फुल-स्टैक रिटेलर बीपकार्ट, एआई प्लेटफॉर्म सिफ्टहब, डीप-टेक स्टार्टअप प्लानिस और फुल-स्टैक मेटल सप्लाई-चेन प्लेटफॉर्म मेटलबुक हैं।

शहर के हिसाब से देखें तो बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप 11 फंडिंग सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई और हैदराबाद रहे।

# ऑनलाइन फ्रॉड से बचना चाहते हैं तो अपनी पूंजी को सिक्योर रखने के लिए अपनाएं ये टिप्स

**नई दिल्ली।** कुछ ही सालों में साइबर सिक्योरिटी और ऑनलाइन फ्रॉड तदाद से बढ़ गया है। आमतौर पर ऐसी घटनाएं आपने कई सुनी होगी। ऐसा ही एक मामला दिल्ली के एक अस्पताल में काम करने वाले एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुआ है। दरअसल, डॉक्टर को एक कॉल आई जिसमें उनकी क्रेडिट लिमिट बढ़ाने का दावा किया गया, लेकिन इसके बदले उनके खाते से 2 लाख रुपये निकाल लिए गए। हालांकि डॉक्टर ने घटना की सूचना पुलिस को दी और एफआईआर दर्ज कराई। इस लेख में हम आपको आरबीआई की गाइडलाइन और शिकायत के प्रोसेस के बारे में बताते हैं।

### आरबीआई ने दी हिदायत





- जब इस तरह की घटनाएं होती हैं तो प्रशासन भी इसको लेकर बहुत सतर्क रहता है। जैसा कि हम जानते हैं कि धोखाधड़ी और घोटालों के बढ़ते मामले भारतीय रिजर्व बैंक को अपने कस्टमर्स के पैसे को सुरक्षित रखने के लिए जरुरी कार्रवाई करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।
- अगर आपने पहले भी इस तरह की स्थिति का अनुभव किया है, तो आरबीआई द्वारा निर्धारित गाइडलाइन और विनियमों के बारे में खुद को अपडेट रखें।
- आरबीआई ने यह भी बताया कि अगर आप जानकारी की कमी या फोन बैंकिंग, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान गेटवे समस्याओं जैसे बैंकिंग मुद्दों के कारण धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो आप शिकायत दर्ज कर सकते हैं।
- वहीं, अगर आप थर्ड पार्टी द्वारा उल्लंघन के कारण आपके खाते से पैसा निकाल लिया जाता है, जिसके लिए न तो आप और न ही बैंक जिम्मेदार है, तो खोई हुई धनराशि वापस कर दी जाएगी।
- आरबीआई ने कहा कि अगर आपके साथ फ्रॉड हुआ है, तो आपको 3 दिनों के भीतर बैंक को लिखित रुप में सूचित करना होगा। अगर आप 4 से 7 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट करते हैं, तब भी आपके पास अपना पैसा वापस पाने का मौका होगा।

### किस तरह से करें जानकारी शेयर?

- अगर आप इसकी जानकारी शेयर करना चाहते है तो इन बातों का रखें ध्यान। दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ किसलय चौधरी ने आगाह किया है कि आरबीआई की गाइडलाइन के बावजूद बैंक रिफंड टाल सकते हैं। ऐसे में सारी प्रक्रिया को समझने और जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए।
- अगर आपके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हुआ है या आपने इसका सामना कर रहे हैं, तो उसी दिन अपने नजदीक पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।
- फ्रॉड वाले दिन या अगले दिन पुलिस रसीद पाने के लिए अपने बैंक में जाएं। बैंक में फ्रॉड का आवेदन कर सकते हैं और इसे पुलिस रसीद के साथ जमा करें।
- इसके बाद आप अपने दोनों डॉक्यूमेंट की सॉफ्ट कॉपी आरबीआई की ईमेल आईडी **crpc@rbi.org.if** पर भेजे, जबकि सीसी में आपके बैंक की ईमेल आईडी भी शामिल करनी है। आपको 3 दिन के अंदर ये प्रकिया पूरी करनी होगी।

### क्यों वापस नहीं मिलेंगे पैसे?

- **दिल्ली पुलिस के साइबर विशेषज्ञ ने बताया है कि अगर फ्रॉड की सूचना बैंक, पुलिस या दोनों को 7 दिनों के बाद दी गई तो आपके पैसे वापस नहीं होंगे।**
- **इसके अलावा विटकॉइन, ऑनलाइन करेंसी, ऑनलाइन गेम या सट्टेबाजी में खोया हुआ पैसा अक्सर नहीं मिलता।**

## वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में बैलेट पर बुलेट नहीं पड़ेगा भारी

# बूढ़ा पहाड़ पर कब्जा, सारंडा में टूटी नक्सलियों की कमर

**उपेंद्र गुप्ता। रांची** झारखंड में माओवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई इलाकों में इनका पूरी तरह से सफाया हो चुका है, तो कई इलाकों में इनकी कमर टुट चुकी हैं। जिन इलाकों में इनकी उपस्थिति थोड़ी बहुत बची है, वहां छोटी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इस बार हालात बिल्कुल अलग है, 2019 के मुकाबले 2024 में माओवादी पूरी तरह से टुट चुके हैं, आर्थिक रूप से भी उनकी हालात पहले जैसी नहीं रह गई है। लेकिन चुनाव में भय और आतंक फैलाने के लिए वे कुछ भी कर सकते हैं, इसलिए झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल किसी हालात से निपटने के लिए मुस्तैद नजर आ रही है।

### रेड कॉरिडोर पर स्मॉल एक्शन टीम एक्टिव

झारखंड में माओवादियों की मूलतः दो ऐसे सेंटर रहे हैं, जहां से वे अपने पूरे सिस्टम को संचालित करते हैं, जिसे रेड कॉरिडोर भी कहा जाता है। रेड कॉरिडोर का इस्तेमाल एक राज्य से दूसरे राज्य में जाने के लिए करते हैं, वहां पर स्मॉल एक्शन टीम को भी एक्टिव किया गया है।छत्तीसगढ़, झारखंड और बंगाल को मुख्य रेड कॉरिडोर माना जाता है, जिसमें सारंडा इनका मुख्यालय है। सारंडा में अभी भी माओवादियों के कई बड़े नेता डेरा जमाए हुए हैं, लेकिन सुरक्षा बलों ने इनकी ऐसी घेराबंदी कर रखी है कि वे सारंडा से बाहर निकल नहीं पा रहे हैं। दूसरा बूढ़ा पहाड़ माओवादियों का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है, यह इलाका झारखंड और बिहार से जुड़ा है,जो माओवादियों का बड़ा ट्रेनिंग सेंटर भी था। छत्तीसगढ़, बंगाल और ओडिशा के रेड कॉरिडोर पर झारखंड पुलिस और सुरक्षा बलों की विशेष नजर है। इस इलाके में संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान अभी भी जारी है। सारंडा में छिपे बड़े माओवादी नेताओं को छत्तीसगढ़ से सबसे अधिक मदद मिलता है, इसलिए माओवादी नेताओं को मदद नहीं मिल पाए, इसके लिए सुरक्षा बलों ने चारों तरफ से मजबूत घेराबंदी कर रखी है। वर्तमान समय में बंगाल और ओडिशा में नक्सलियों की हालात काफी कमजोर पड़ गया है,इसलिए सारंडा में छत्तीसगढ़ से मदद मिलने की संभावना ज्यादा है। सुरक्षा बलों ने दोनों तरफ से सीमा को पूरी तरह से सील कर रखा है।



### बूढ़ा पहाड़ से उखड़े माओवादियों के पांव



बूढ़ापहाड़ बिहार-झारखंड की सीमा पर पलामू -गढ़वा जिला में है, जहां से पहले माओवादी वोट बहिष्कार का फरमान जारी करते थे और फरमान का असर भी चुनाव में नजर आता था। माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में माओवादियों ने इसी इलाके से वोट बहिष्कार का फरमान जारी किया था, लेकिन 2022 के बाद इस इलाके में हालात काफी बदल गए हैं। बूढ़ापहाड़ से माओवादियों के पांव पूरी तरह से उखड़ गए हैं और बूढ़ापहाड़ पर सुरक्षाबलों का पूरी तरह से कब्जा हो गया है।

**2020 से 2023 तक नक्सल विरोधी अभियान की उपलब्धि :** इस दौरान राज्य में 1716 नक्सली और उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। इनमें एक पोलित ब्यूरो सदस्य, एक सेंट्रल कमेटी सदस्य, चार स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, दो रीजनल कमेटी सदस्य, 18 जोनल कमांडर, 40 सब जोनल कमांडर तथा 66 एरिया कमेटी सदस्य शामिल हैं।

### सारंडा में अंतिम सांसें गिन रहा नक्सलवाद

प. सिंहभूम जिले में स्थित एशिया के सबसे घने जंगल सारंडा और पोड़ाहाट में सुरक्षा बलों और माओवादियों के खिलाफ अंतिम लड़ाई चल रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में लगभग सभी बड़े हार्डकोर नक्सली हैं, जिनकी घेराबंदी जारी है। प0 सिंहभूम जिले के सारंडा,पोड़ाहाट और कोल्हान के बीहड़ों में सुरक्षा बलों का नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों ने जोरदार अभियान चला रखा है। इन नक्सल प्रभावित ग्रामीणों के बीच भी सुरक्षा बल के जवान लगातार संपर्क बनाए हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में नक्सिलयों का खौफ कम होता जा रहा है। जोरदार अभियान के कारण मोवादी कुछ जगहों पर ही सीमित रहने पर मजबूर हो गए हैं और आईईडी बमों का घेरा बनाकर किसी तरह अपने आप को बचाने में सफल रहे हैं।

### कोल्हान जंगल में वोट बहिष्कार का पोस्टर

सारंडा और कोल्हान के जंगल में माओवादी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए छोटी-मोटी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। एक दिन पहले वोट बहिष्कार के पोस्टर बैनर लगा कर आतंक और भय फैलाने की कोशिश की गई। कोल्हान जंगल के टोंटो थाना के अति नक्सल प्रभावित लिसीमोती, पंडराईबेड़ा, डुमुरजोआ, बड़ा लुइया और छोटा लुइया आदि क्षेत्रों में पोस्टर, बैनर लगाया गया है। स्कूल, पेड़, दिवार सहित अन्य इलाकों में पोस्टर व बैनर लगा कर चुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान किया है। नक्सलियों ने पोस्टर बैनर लगाकर लोगों से वोट नहीं देने की अपील की है।




### नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या में कमी

पहले राज्य में 13 जिले नक्सल प्रभावित थे।अब केवल 8 जिले ही नक्सल प्रभावित रह गए हैं। वर्तमान में चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिम सिंहभूम व गिरिडीह जिले को नक्सल प्रभावित माना जा रहा है। पहले के चुनावों में राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को नक्सलियों का साथ मिलता था। प्रत्याशियों के जीत-हार में नक्सलियों का सहयोग अहम भूमिका निभाता था। इसका खुलासा पूर्व में गिरफ्तार बड़े नक्सली कुंदन पाहन, नकुल यादव, महाराज प्रमाणिक आदि नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण के मौके पर स्वीकारा था। लेकिन इस बार यह संभव नहीं हो पाएगा। इस दिशा में भी सुरक्षा बल काफी सतर्क है।

### बौखला गए हैं नक्सली : एसपी

टोंटो में वोट बहिष्कार पोस्टरबाजी पर प0 सिंहभूम जिला के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि टोंटो थाना क्षेत्र में कुछ जगह नक्सलियों ने पोस्टर व बैनर लगा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते हैं। इसकी जानकारी होते ही पुलिस व सुरक्षा बल के जवान संबंधित क्षेत्र में पहुंच कर पोस्टर, बैनर को जप्त कर रहे हैं। एसपी ने कहा कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से नक्सली बौखला गये हैं। इसको लेकर टोंटो, गोइलकेरा थाना क्षेत्र में लगातार सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान जारी है। जिसमें सुरक्षाबलों को कामयाबी भी मिल रही है।

### सीमावर्ती इलाकों में कड़ी चौकसी जारी : पुलिस आईजी

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि इंटरस्टेट बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सिर्फ नक्सलियों के लिए ही नहीं बल्कि अपराधियों, नशे के तस्करों के साथ-साथ अवैध हथियार को लेकर भी चेक पोस्ट पर तैनात जवान पूरी तरह से सजग है। पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय बनाकर नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त अभियान भी चलाया जा रहा है।

### 74 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पिछले तीन सालों में 74 नक्सलियों और उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें एक स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, पांच रीजनल कमांडर, छह जोनल कमांडर, 20 सब जोनल कमांडर व 17 एरिया कमेटी सदस्य हैं। इन नक्सलियों पर दो करोड़, 11 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

**40 नक्सली मारे गए**

**तीन सालों में सुरक्षा बलों के साथ हुए मुठभेड़ में 40 नक्सली मारे गए। इनमें दो स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य, दो रीजनल कमेटी सदस्य, एक जोनल कमांडर, पांच सब जोनल कमांडर, पांच एरिया कमांडर व 25 सदस्य शामिल हैं। इन मारे गए नक्सलियों पर एक करोड़ नौ लाख रुपये का इनाम घोषित था। संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्र में कमी झारखंड में पहले की अपेक्षा नक्सल प्रभावित इलाकों में संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या में कमी आयी है। 2019 के लोकसभा चुनाव के वक्त राज्य में 1861 अति संवेदनशील, 3470 संवेदनशील और 25994 सामान्य मतदान केंद्र थे। इस साल अति संवेदनशील 1422, संवेदनशील 9265 व सामान्य मतदान केंद्रों की संख्या 20256 हैं।**

## 400 पार की सफलता में मीडिया विभाग की अहम भूमिका : कर्मवीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा कार्यालय के सभागार में प्रदेश मीडिया प्रबंधन, मीडिया संपर्क विभाग के लोकसभावार बनाये गये संयोजक, सह - संयोजक एवं प्रदेश मीडिया प्रबंधन के सहयोगी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग के लगाये गये कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की गई एवं आमचुनाव 2024 में पार्टी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में मीडिया प्रबंधन की भूमिका पर जोर दिया गया।




बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि इस चुनाव में मीडिया प्रबंधन एवं संपर्क विभाग में लगाये गये पार्टी के कार्यकताओं की सजगता एवं तत्परता से ही हम पार्टी के 400 पार सीटों के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने सभी से अपनी-अपनी जिम्मेवारी के प्रति तत्पर रहने की बात कही।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक एवं प्रदीप सिन्हा ने भी मीडिया प्रबंधन के कई तकनीकी बिंदुओ से कार्यकताओं को अवगत कराया। बैठक का संचालन एवं विषय प्रवेश मृत्युंजय शर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रुप से सरोज सिंह, अशोक बडाईक, अजय राय, संदीप वर्मा, तारिक इमरान, रंजीत चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, संजय पोद्दार, सतीश सिन्हा, प्रिंस कुमार, मृत्युंजय कुमार, पशुपति कुमार पारस, प्रेम झा, प्रीतम कुमार, संतोष कुमार, शिवकुमार मिश्रा, अभय कुमार सिंह, कामेश्वर पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, जयनारायण प्रसाद उपस्थित रहे।

## देश के संचार माध्यमों और मीडिया हाउस पर मोदी सरकार का कब्जा : गुलाम मीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के पदाधिकारियों, वार रूम के पदाधिकारियों, सोशल मीडिया पदाधिकारियों, अग्रणी संगठन मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे।

**चुनाव में मीडिया की भूमिका सबसे अधिक : मीर :** इस क्रम में उन्होंने कहा कि वर्तमान चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है मीडिया विभाग के सदस्यों की भूमिका चुनाव के दौरान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन चुनाव के पहले की तैयारी मीडिया विभाग से जुड़े नेताओं पर ही होती है। आज के दौर में अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम मीडिया ही है। जनता के साथ सीधा संवाद इसी माध्यम से होता है। यही कारण है कि मोदी सरकार के खास नुमाइंदों ने पिछले एक दशक के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर कब्जा करने की कोशिश की है। इसमें वह काफी हद तक सफल भी रहे। लेकिन आम जनता की आवाज को कांग्रेस उठाती रही और यही कारण है।




### मेनिफेस्टो को राज्य की सभी भाषाओं में करें जारी

बैठक में गुलाम अहमद मीर ने पूरे मीडिया विभागों के कार्यों का विवेचना किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इस क्रम में उन्होंने निर्देश दिया कि पांच न्याय 25 गारंटी तथा कांग्रेस के मेनिफेस्टो को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिए झारखंड में बोली और लिखे जाने वाली सभी भाषाओं में अनुवाद कर लोगों तक पहुंचने के लिए आवश्यक तैयारी करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि चुनाव के दौरान विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रदेश स्तर के प्रवक्ताओं की नियुक्ति प्रभारी के रूप में जिला एवं लोकसभा स्तर पर किया जाए, ताकि वह जिला और लोकसभा स्तर के प्रवक्ताओं से समन्वय स्थापित कर सके।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड में भ्रष्टाचार और विकास...**

**भाजपा और आज की भाजपा में क्या अंतर पा रहे हैं। पार्टी की नीति और प्राथमिकता में कितना अंतर महसूस कर रहे हैं?**

**उत्तर :** (गंभीर मुद्रा में होकर कहते हैं) आज भी पार्टी की नीति और सिद्धांत वही हैं, जो शुरू में जनसंघ के समय थे। आज भाजपा का विशाल परिवार हो गया है। इसके मुखिया मोदी जी हैं। भाजपा के विशाल परिवार में अगर कहीं छोटी-मोटी खटपट है, तो इससे भाजपा और मजबूत और सशक्त होकर उभरती है। किसी भी मुद्दे को भाजपा ने छोड़ा नहीं है। अनुच्छेद 370, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, यह सब भाजपा ने करके दिखाया। कानून बनाकर तीन तलाक को समाप्त कराया। शरणार्थी भारतीयों को संसद में कानून बनाकर नागरिकता प्रदान की। यह सब भाजपा की नीति और सिद्धांत के तहत ही किया गया। अटल सरकार में पोखरण परीक्षण किया गया था।

**नवीन मेल : 10 वर्षो की मोदी सरकार में देश में क्या विकास हुआ है?**

**उत्तर :** 2014 में मोदी जी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तो देश की अर्थव्यवस्था दसवें नंबर पर थी। आज पांचवें नंबर पर है। हर क्षेत्र में काम हो रहा है। रोड, रेल या इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, सब जगह हम आगे की ओर जा रहे हैं। मोबाइल का निर्यात करने लगे हैं। देश अपने पैरों पर खड़ा हो रहा है। तेजी से विकास हो रहा है। रूरल क्षेत्र में कनेक्टिविटी बढ़ी है। लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। आयुष्मान से गरीबों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा, गरीबों को गैस समेत कई सुविधाएं केंद्र सरकार के द्वारा दी गई हैं। यह सब विकास के ही परिचायक हैं। इस बार केंद्र सरकार बनेगी, तो हमारी अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। देश तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। यह लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

**नवीन मेल : इस बार भाजपा का मुकाबला आईएनडीआईए के साथ है, ऐसे में भाजपा उनका मुकाबला किस तरह से करेगी?**

**उत्तर :** भाजपा 365 दिन काम कर रही है। एक दिन भी भाजपा कार्यकर्ता बैठते नहीं हैं। हर दिन लक्ष्य के साथ लोगों के बीच जाते हैं, उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। वहीं, दूसरी ओर सिर्फ नकारात्मकता को अपनाते हुए लोग चुनाव जीतना चाह रहे हैं। यह कहां से संभव है? जनता सब कुछ समझ रही है।

**नवीन मेल : इस चुनाव में झारखंड वासियों के लिए क्या संदेश है?**

**उत्तर :** लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को शामिल होना चाहिए। भारत के भाग्य निमार्ता के रूप में स्वयं को शामिल करें। अपने मताधिकार का प्रयोग करें। (फिर गंभीर होकर कहते हैं) जनता को विश्वास है कि उनके साथ मोदी जी की गारंटी है, इसलिए इस बार सभी देश के विकास के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**बंधक बनाने के मामले में...**

अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर के बयान पर शिकारीपाड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया था। इन तीनों नामजद अभिक्तों में से दो नामजद अभियुक्त में एक लताकांदर गांव के अनिल मुर्मू एवं पातपहाड़ी गांव के राम सोरेन को शनिवार की देर शाम गिरफ्तार किया गया। वहीं पातपहाड़ी के ही अप्राथमिकी अभियुक्त लुखीराम मरांडी को रविवार को गिरफ्तार कर तीनों को न्यायिक हिरातस में जेल भेज दिया गया।

**पांच लाख की भीड़ जुटेगी...**

महारैली में पूरे राज्य से पांच लाख भीड़ जुटाने की रणनीति बनी। इसमें कल्पना सोरेन ने सभी गठबंधन के सहयोगियों से सहयोग मांगा। बैठक में न केवल रैली बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का साझा प्रचार अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। यह तय किया गया कि 21 के बाद चरणबद्ध तरीके से होने वाले चुनाव के हिसाब से चुनावी अभियान चलाया जाएगा।

**मुख्य सचिव खियांग्ते के नाम से...**

फेक प्रोफाइल तैयार कर पैसों की मांग करते हैं। समाचार की संपुष्टि के लिए मुख्य सचिव सहित अनेक पुलिस अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास विफल रहा। उस नंबर पर कॉल करने पर मराठी में ग्राहक के व्यस्त होने की सूचना सुनाई पड़ी।

## भाभी घर पर हैं, मैदान में नहीं : बसंत सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा नेता निशिकांत दुबे के दावे पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के छोटे भाई और राज्य सरकार के मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि यह सांसद निशिकांत दुबे की अपनी सोच है, वो बीच बीच में इस तरह की बात करते रहते हैं। जेएमएम परिवार से बड़ा कोई परिवार इस राज्य में नहीं है, जिस कारण हमला सभी करते है। इसके बारे में मैं फिलहाल ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता। भाजपा सांसद कुछ-कुछ राय बीच-बीच में देते रहते हैं तो ये उनकी व्यक्तिगत राय है । बसंत सोरेन रविवार को जामताड़ा में पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा। दुमका से भाजपा की टिकट पर बड़ी भाभी के चुनाव लड़ने पर बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन घर पर उनकी बड़ी भाभी हैं, चुनावी मैदान में नहीं हैं। मंत्री बसंत सोरेन ने कहा कि पार्टी और परिवार ने 15 साल विधायक बनाकर सीता सोरेन को सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने



तीन बार उन्हें विधायक बनाया और सम्मान देने का काम किया। वहीं सीता सोरेन द्वारा दुर्गा सोरेन की मौत की सीबीआई जांच की मांग करने के मामले में बसंत सोरेन ने कहा कि सीता सोरेन खुद तीन बार विधायक रहीं हैं। सत्र के दौरान उन्होंने सीबीआई जांच की मांग कभी विधानसभा में नहीं उठाई। आज वह दूसरे दल में शामिल हो गई हैं तो वह सीबीआई जांच की मांग कर रही हैं।

बसंत सोरेन ने कहा कि इसके पीछे कौन लोग हैं यह समझ सकते हैं और उनकी मंशा क्या है यह भी समझा जा सकता है।

## न्यूज बॉक्स

### गृह विभाग ने जिलों में विधि व्यवस्था के लिए राशि आवंटित की

**रांची।** राज्य के सभी जिलों में विधि-व्यवस्था के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 2.15 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। इसे लेकर गृह सचिव ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से की जाएगी।

**इस जिले में इतनी राशि आवंटित**

**देवघर : 15 लाख, दुमका : 15 लाख, पाकुड़ : 04 लाख, गोड्डा : 20 लाख, साहिबगंज : 04 लाख, जामताड़ा : 04 लाख, रांची : 20 लाख, खूंटी : 05 लाख, लोहरदगा : 04 लाख, रामगढ़ : 10 लाख, बोकारो : 15 लाख, हजारीबाग : 20 लाख, कोडरमा : 05 लाख,पलामू : 04 लाख, गढ़वा : 04 लाख, लातेहार : 04 लाख, चतरा : 04 लाख, जमशेदपुर : 05 लाख, चाईबासा : 15 लाख, सिमडेगा : 05 लाख, धनबाद : 15 लाख, सरायकेला : 10 लाख, गुमला : 04 लाख, गिरिडीह : 04 लाख रुपये। कुल : 2.15 करोड़ रुपये**

### मुख्य सचिव ने नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का दिया निर्देश



रांची। मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी नगर निकायों को पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाने का निर्देश दिया है। वहीं, राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी करने को कहा है। ताकि, किसी जगह पानी की समस्या हो, तो लोग इसके जरिये अपनी समस्या रख सकते हैं। मुख्य सचिव ने टैंकरों से जलापूर्ति अधिक से अधिक कराने को कहा है। नए टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर की प्रक्रिया संपन्न कराने का भी निर्देश दिया है। विगत दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भी ये बातें उन्होंने सभी निकायों को कही थीं। मुख्य सचिव ने इसके अलावा चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर कराने को कहा है। इसके लिए नगर विकास राशि उपलब्ध कराएगा। राज्यभर के जलाशयों, जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित करने का भी निर्देश उन्होंने दिया है। रांची नगर निगम को जलापूर्ति के लिए अतिरिक्त 20 टैंकर और खरीद की स्वीकृति भी दी गई है। मुख्य सचिव ने नगर विकास एवं पेयजल विभाग को आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके लिए लांग टर्म एवं शॉर्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनाने का निर्देश नगर विकास विभाग के अधिकारियों को दिया है।

### स्वीप अंतर्गत मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



**रांची ।** स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता को लेकर रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागर में मतदान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, प्रशासक, नगर निगम अमित कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी रांची सदर उत्कर्ष कुमार एवं रांची जिला के विभिन्न रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव द्वारा चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कई आवश्यक जानकारी दी गयी। मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर पेड लीव की व्यवस्था की गयी, सभी लोग पोलिंग डे पर बूथ पर पहुंचे। इसे लेकर उन्हें जागरुक करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। वोटर स्लिप मिलने के बाद मतदान से पहले अपना बूथ अवश्य देख लें कार्यशाला के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची द्वारा उपस्थित लोगों को चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी गयी। उन्होंने कहा कि 25 मई 2024 को रांची लोकसभा क्षेत्र में वोट डाले जायेंगे। मतदान से पहले संबंधित बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हम एग्जाम के एक दिन पहले परीक्षा केन्द्र देखने जाते हैं, उसी तरह मतदाता सूची मिलने के बाद मतदान से पहले अपनी सहूलियत के लिए अपना बूथ जरुर देख लें।

### 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के मूल मंत्र से जीतेंगे सभी सीटें : कर्मवीर सिंह



**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी बूथ कार्य विभाग की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित्त सभी 14 लोकसभा के संयोजक एवं सह -संयोजक उपस्थित रहे। जिसमें बूथ स्तर पर चलाये जाने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवं इस आम चुनाव में पन्ना प्रमुखों की भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि आम चुनाव 2024 में एक बार फिर से बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी बूथ जीतो- चुनाव जीतो के मूल मंत्र पर काम करती है और हमारे कार्यकताओं की बूथ स्तर पर सक्रियता ही हमारी ताकत है। साथ ही उन्होंने सभी से क्षेत्र में जाकर पन्ना प्रमुखों से अपनी भूमिका के निर्वहन में लग जाने की बात कही। प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकताओं की कार्यों को एक बार फिर से धरातल पर उतारने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही हमारी विशेषता है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है,जिसमें आचार संहिता की आड़ में जिला प्रशासन पर उत्पीड़न का लगाया आरोप लगाया गया है।सौंपे ज्ञापन में जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि भाजपा कार्यकताओं के घरों पर लगाए झंडे और बैनर को प्रशासनिक अधिकारी जबरन हटवा रहे हैं। जो लोग झंडा-बैनर नहीं हटा रहे हैं उनपर केस करने की धमकी दी जा रही है। कई लोगों पर केस भी किया गया है। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग के द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि सहमति और लिखित होने पर किसी भी राजनीतिक दल का झंडा लगया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव और प्रकाश झा शामिल थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### वरिष्ठ नेता पीएम का उम्मीदवार घोषित नहीं किए जाने तक चुनाव प्रचार में नहीं जाने पर अड़े हैं

# 'इंडी गठबंधन नेता तय नहीं कर पा रहा'

**एजेंसी। नवादा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवादा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान इंडी गठबंधन, कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास न विजन है, न विश्वसनीयता है। दिल्ली में जो लोग एक साथ खड़े होते हैं, अलग-अलग राज्यों वही एक-दूसरे को गाली देते हैं। बिहार में तो आपस में ही सिर फुटव्वल मची है। यह मजबूरी में साथ आए लोग हैं और इनकी मजबूरी का एक ही नाम है- सत्ता का स्वार्थ। इसलिए इनलोगों को सत्ता से दूर रखना जरूरी है। कांग्रेस और राजद को एक भी वोट पाने का हक नहीं है।

#### पीएम इस बयान के बाद सियासत तेज हो गई

इंडी गठबंधन इस चुनाव के मैदान में नजर नहीं आ रहे हैं। मैंने जरा पूछताछ कि तो पता चला कि इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता के गृह में पिछले 15 दिनों से तूफान चल रहा है। वो नेता हठ पकड़ कर बैठे हैं कि जब तक इंडी गठबंधन उन्हें प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं करेगा तब तक वह चुनाव प्रचार में नहीं जाएंगे। अब यह हाल है उनका। वह लोग बता नहीं पा रहे हैं कि उनका नेता कौन है? वो लोग अंदर ही अंदर लड़ रहे हैं। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं अभी नहीं चुनाव के बाद प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित करेंगे। और, वो नेता कहते हैं कि जब तक मुझे प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं करोगे तब तक मैं रैली में नहीं जाऊंगा। पीएम इस बयान के बाद सियासत तेज हो गई है।

#### मोदी की गारंटी से घबरा रहे हो क्या?

पीएम मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता ने कहा है कि मोदी जो आपको गारंटी देता है, उस पर बैन लगना चाहिए। ये लोग कहते हैं, मोदी का गारंटी देना ही गैर-कानूनी है। अरे, इतने डर गए हो क्या? मोदी की गारंटी से घबरा रहे हो क्या? उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है,मोदी मेहनत करने के लिए ही जन्मा है और वो भी 140 करोड़ देशवासियों के लिए। अब तक बहुत हुआ है, बहुत किया है लेकिन मोदी का मन कहता है कि ये तो अभी ट्रेलर है, इतने से हमें रुकना नहीं है।

### टीएमसी के भ्रष्टाचार-कुशासन से थक चुके हैं पश्चिम बंगाल के लोग : पीएम



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को चुनावी रैली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की जनता तृणमूल कांग्रेस से थक चुकी है। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल के लोगों को राहत दे सकती है, तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कुशासन से लोग थक गए हैं। बंगाल में भाजपा के पक्ष में लहर है। पश्चिम बंगाल की जनता टीएमसी के भ्रष्टाचार और कुशासन से थक चुकी है। केवल भाजपा ही उनके सपनों को पूरा कर सकती है। रविवार दोपहर उत्तर बंगाल की रैली में प्रधानमंत्री के संबोधन को लेकर लोगों में खुब उत्सुकता रही। खासकर शनिवार को पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों पर हुए हमले के मद्देनजर। पश्चिम बंगाल में भाजपा की राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा, चूंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एनआईए अधिकारियों पर भूपतिनगर में भीड़ को उकसाने का आरोप लगाया था, इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री अपनी शैली में इसका जवाब देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री उन परिवारों के सदस्यों के साथ भी बातचीत कर सकते हैं, जिनके घर हाल ही में जलपाईगुड़ी जिले में आए तूफान में तबाह हो गए थे।

### प्रधानमंत्री जबलपुर पहुंचे, रोड शो किया

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज कर रहे हैं। वह रविवार की शाम जबलपुर पहुंच चुके हैं और यहां उन्होंने रोड शो किया। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए भाजपा ने जोरदार तैयारी की है और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रधानमंत्री विशेष विमान से डुमना विमानतल पर पहुंचे, जहां उनका भाजपा नेताओं ने आत्मीय स्वागत किया। प्रधानमंत्री का जबलपुर में रोड शो भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक, लगभग डेढ़ किलोमीटर चला। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां चार चरणों में मतदान होना है। प्रचार अभियान धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकसभा चुनाव के क्रम में पहला मध्य प्रदेश दौरा है।

# बिहार में भाजपा के शासन में बहुत से काम नहीं हुए : रमेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि भाजपा ने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन बिहार में उसके शासन में बहुत से काम नहीं हुए। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन मुद्दों पर जवाब देने की अपील की जिन पर बिहार में ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नवादा में प्रधानमंत्री की रैली से पहले उनसे बिहार को लेकर सवाल पूछे। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आज प्रधानमंत्री बिहार के नवादा जा रहे हैं। बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां भाजपा हाल में किसी तरह से सत्ता में आई थी। उन्होंने सत्ता में अपनी जगह बनाने में भले ही महारत हासिल कर ली है, लेकिन भाजपा के शासन में बहुत से काम अधूरे रह गए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री उन मुद्दों से संबंधित तीन सवालों के जवाब देंगे जिन पर उनकी सरकार को ध्यान केंद्रित करना चाहिए था। रमेश ने कहा कि 2014 के चुनाव



से पहले प्रधानमंत्री ने जब नवादा का दौरा किया था, तो उन्होंने वारिसलीगंज चीनी मिल का मुद्दा उठाया था और पूछा था कि यह इतने सालों से बंद क्यों है। उन्होंने कहा, इससे हजारों स्थानीय लोगों की उम्मीदें बढ़ गई थी, क्योंकि जब यह मिल चालू थी तब 1,200 लोगों को सीधे तौर पर रोजगार मिलता था। इसके अलावा सैकड़ों गन्ना किसानों को भी मदद मिलती थी। नवादा से दोनों भाजपा सांसदों- गिरिराज सिंह (2014) और चंदन सिंह (2019) ने भी अपने कार्यकाल के दौरान चीनी मिल शुरू करने का वादा किया था, लेकिन 10 साल बाद, वे सभी वादे खोखले साबित हुए। उन्होंने कहा कि इस बार जब प्रधानमंत्री नवादा आएंगे तो उन्हें लोगों को जवाब देना होगा कि वारिसलीगंज चीनी मिल पिछले 10 साल से बंद क्यों है। रमेश ने कहा, उन्होंने रेसकोर्स रोड का नाम भले ही बदल दिया हो, लेकिन भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त जारी है। हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भाजपा के मन में कोई सम्मान नहीं है और इसके कारण कोई भी सरकार उनके राजनीतिक हथकंडों से सुरक्षित नहीं रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता से चिपके रहने के लिए सरकारों को गिराने या विधायकों को खरीदने एवं बेचने के लिए गलत तरीके से हासिल किए गए चुनावी बॉण्ड का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकिचाती और ऐसा एक बार फिर हुआ जब इस साल नीतीश कुमार फिर से पलट गए। उन्होंने कहा, अब हम जानते हैं कि चुनावी बॉण्ड घोटाले के माध्यम से भारतीय नागरिकों पर चार लाख करोड़ रुपए की मार पड़ी है। सवाल यह है कि बिहार में सरकार बदलने से भारत की जनता को कितना नुकसान हुआ?

## एक नजर

### गृहमंत्री अमित शाह कल और पीएम मोदी 17 को आएंगे असम

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री 9 अप्रैल को असम आएंगे। वह राज्य के लखीमपुर, शोणितपुर और डिब्रुगढ़ जिलों में चुनाव प्रचार करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए असम आ रहे हैं। राज्य के पर्यटन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण आदि मामलों के मंत्री जयंत मल्लबरुवा ने रविवार को मीडिया को बताया कि गृहमंत्री अमित शाह मंगलवार को बताया कि गृहमंत्री पहले रविवार और सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचने वाले थे। शनिवार को उनके कार्यक्रम के स्थगित होने की घोषणा की गई। अब रविवार, सोमवार के बदले मंगलवार को तय हुआ है। इस दौरान वे राज्य के होजाई, लखीमपुर और गोहपुर में चुनावी रेलियों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अप्रैल को चुनाव प्रचार में भाग लेने के लिए असम आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नलबाड़ी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### ब्रिटेन में तूफान कैथलीन के चलते दर्जनों उड़ानें रद्द

**लंदन।** तूफान कैथलीन यूनाइटेड किंगडम में कहर बरपा रहा है। इसके चलते ब्रिटेन की दर्जनों उड़ानें रद्द कर दी गईं। एडिनबर्ग, बेलफास्ट, मैनचेस्टर और बर्मिंघम में हजारों यात्री फंस गए। मौसम कार्यालय ने इंग्लैंड के अलावा आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स के कुछ हिस्सों के लिए चेतावनी जारी की है। बताया गया है कि खराब मौसम के चलते ब्रिटेन के हवाई अड्डों पर प्रस्थान करने वाली और पहुंचने वाली 130 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। तूफान के कारण पूरे ब्रिटेन में तापमान भी बढ़ गया, जिसके रविवार तक बने रहने की आशंका है। स्कॉटलैंड में उड़ानों के अलावा रेल और नौका सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। पर्यावरण एजेंसी ने 14 अलर्ट जारी किये हैं, जहां बाढ़ का खतरा है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम कार्यालय ने चेतावनी दी है कि समुद्र से उठने वाली लहरें तटों, तटीय सड़कों और मकानों तक आ सकती हैं, जिससे जान माल का नुकसान हो सकता है।

## अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनावी मैदान में महबूबा, गुलाम नबी से होगी टक्कर



### पीडीपी ने कश्मीर घाटी की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**एजेंसी। श्रीनगर**

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने रविवार को कश्मीर घाटी में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगीं।। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के एक और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से निकले नेता गुलाम नबी आजाद भी अनंतनाग लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं।

पीडीपी संसदीय बोर्ड के प्रमुख सरताज मदनी ने कहा कि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा श्रीनगर से और पूर्व राज्यसभा सदस्य मीर फयाज बारामूला से चुनाव लड़ेंगे। मुफ्ती और मदनी ने संवाददाता सम्मेलन में पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पीडीपी जम्मू क्षेत्र की दो सीटों उधमपुर और जम्मू में कांग्रेस का समर्थन करेगी। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पीडीपी ने मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है जबकि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा को श्रीनगर और राज्य सभा के पूर्व सांसद मीर फयाज को बारामूला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में चुनाव होंगे।

आगामी 19 अप्रैल को पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इसके बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण में जम्मू सीट पर वोटिंग होगी। तीसरे चरण यानी सात मई को अनंतनाग सीट पर वोटिंग होनी है। आगामी 13 मई को चौथे चरण के तहत श्रीनगर और पांचवें चरण में 20 मई को बारामूला सीट पर वोटिंग होगी। नतीजे चार जून को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटे हैं। उल्लेखनीय है कि पीडीपी ने जम्मू लोकसभा सीट पर कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की है।

### केंद्रीय विद्यालय में हर क्लास में 8 सीट कम कर 40 के बजाय 32 किया गया

## अब प्राइवेट नौकरी वालों का तबादला होने पर बच्चों का ट्रांसफर नहीं होगा

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

कहां तो जनसंख्या बढ़ने के साथ केंद्रीय विद्यालय में क्लास तथा हर क्लास में सीटें बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन हो रहा है शिक्षा सुधार के नाम पर उल्टा। हो सकता है परोक्ष एजेंडा शिक्षा को धीरे-धीरे पूरी तरह से प्राइवेटाइजेशन के क्रम में यह हो रहा हो। जो भी हो, फि लहाल केन्द्रीय विद्यालय ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दीं।और अब यदि किसी छात्र के पिता या गार्जियन प्राइवेट नौकरी करते हैं, उनका तबादला किसी अन्य राज्य में हो गया, तो बच्चों को ट्रांसफर नहीं मिलेगा। यानि पहले की तरह गार्जियन का जहां तबादला होता था वहाँ के केन्द्रीय विद्यालय में उस तबादला के आधार पर बच्चे का एडमिशन वहाँ हो जाता था , अब नहीं होगा। लेकिन किसी सत्ताधारी नेता या सरकारी नौकरी वाले का तबादला होगा तो? जो कुछ हो, इसका लाभ प्राइवेट स्कूलों को मिलेगा, उनका धंधा और बढ़ेगा। जहां तक केन्द्रीय विद्यालय के नये सत्र में एडमिशन आवेदन का सवाल है, तो इसकी अंतिम तिथि 15 अप्रैल है।

तो इस तरह केंद्रीय विद्यालय ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। विद्यालय संगठन की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन में एक




क्लास के लिए 32 सीटों के लिए ही आवेदन मांगे गए हैं। अभी तक प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक हर क्लास में 40-40 सीटें होती थीं। मालूम हो कि सस्ती व अच्छी पढ़ाई होने के कारण केंद्रीय विद्यालयों में हर वर्ष बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं।

ऐसे में सीटें घटने से छात्रों और गार्जियन दोनों को हर तरह से मुश्किल होगी। लेकिन वे कर भी क्या सकते। इसके बारे में दाल - रोटी पत्रिका चलाते रहे मुंबई के एक कवि स्वर्गीय होने के पहले लिख व प्रकाशित कर गये हैं- राजा उनको तुमने चुना, तुम्हीं भरो हर्जाना जीह्व। जहां तक रजिस्ट्रेशन की बात है तो वह पन्द्रह अप्रैल तक करा सकते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय में क्लास 1 में एडमिशन का लिंक 1 अप्रैल से लाइव है, जो है- kvsonlineadmission.kvs.gov.in। चुने जाने वाले छात्रों की पहली सूची 19 अप्रैल को जारी होगी। इसके बाद दूसरी सूची 29 अप्रैल, तीसरी सूची 8 मई को जारी की जाएगी। अन्य कक्षाओं के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी।

इन कक्षाओं की सूची 15 अप्रैल को जारी की जाएगी। इस आधार पर 16 से 29 अप्रैल तक एडमिशन होंगे। एडमिशन की अंतिम तिथि 29 जून है। अब बात बोर्ड रिजल्ट जारी होने के बाद 11वीं के एडमिशन की, तो केंद्रीय विद्यालय कक्षा 11 में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 10वीं बोर्ड रिजल्ट घोषित होने के 10 दिन बाद शुरू होगी। छात्र व गार्जियन केंद्रीय विद्यालय संगठन की ऑफिशियल वेबसाइट kvsangathan.nic.in पर जारी नोटिफिकेशन चेक कर सकते हैं।

### बंगाल में एनआईए हमला मामला

## अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी एफआईआर

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में एनआईए के जवानों पर हमले के बाद गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक के परिवार ने अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दोनों तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता हैं। इन्हें पिछले साल 22 दिसंबर को हुए विस्फोट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। इसमें तीन लोग मारे गए थे। आईएएनएस द्वारा संपर्क किए जाने पर, कोंटाई के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी, दिबाकर दास ने एफआईआर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि शनिवार रात गिरफ्तार किए गए दो तृणमूल कांग्रेस नेताओं में से एक के परिवार के सदस्यों ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए एक जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई। एनआईए द्वारा शनिवार को गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक मोनोब्रत जाना के परिवार के सदस्यों द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के तहत एफआईआर कराई गई है। आईपीसी की धारा 354 (महिलाओं की लज्जा भंग करने की सजा) एक गैर-जमानती अपराध है। अब भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की पुलिस ने दो समानांतर जांच शुरू की है। पहली एनआईए द्वारा उनके अधिकारियों पर हमले की घटना पर दर्ज की गई शिकायत पर आधारित है और दूसरी कथित छेड़छाड़ की शिकायत के आधार पर केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ है।

## बीआरएस के एक और विधायक ने थामा कांग्रेस का दामन

**हैदराबाद।** तेलंगाना में अगले महीने होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले बीआरएस के नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। रविवार को बीआरएस के एक और विधायक ने सत्तारूढ़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। भद्राचलम से बीआरएस विधायक तेलम वेंकट राव, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल हुए।

# समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था।

भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया।

भारतीय नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं। नौसेना प्रमुख ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान टीम शारदा के साथ बातचीत की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने चालक दल के पेशेवर दृष्टिकोण की सराहना की, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में पसंदीदा सुरक्षा भागीदार के रूप में भारतीय नौसेना को मान्यता और प्रशंसा मिली।

**नौसेना अध्यक्ष ने जहाज की टीम को 'ऑन द स्पॉट यूनिट' प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया** | **सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं से ईरानी जहाज की कराई थी सुरक्षित रिहाई**




### ममता ने पार्टी नेताओं को दी रामनवमी पर शांति मार्च आयोजित करने की नसीहत

**पुरुलिया।** सीएम ममता ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को रामनवमी के अवसर पर शांति मार्च आयोजित करने की सलाह दी है। रविवार को पुरुलिया जिले के हुड़ा इलाके में तृणमूल उम्मीदवार शांतिराम महतो के समर्थन में रैली करते हुए ममता बनर्जी ने शंकर जताई कि रामनवमी के दिन भाजपा राज्य में और अशांति फैला सकती है। ऐसे में उन्होंने पार्टी नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें जो करना है करने दीजिए, लेकिन आप लोग किसी बहकावे में मत आना। अगले दिन आपलोग शांति मार्च करिए ताकि उन्हें भी पता चले कि तृणमूल बंगाल में शांति बनाए रखती है। उल्लेखनीय है कि तृणमूल सुप्रीमों अपने प्रचार अभियान में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में जिलों में जनसभाएं कर रही हैं। उत्तर बंगाल में चुनाव प्रचार के बाद उन्होंने रविवार को जंगल महल इलाके के पुरुलिया में चुनाव प्रचार शुरू किया।

## पाकिस्तान में दो अलग-अलग ऑपरेशन में 10 आतंकवादी ढेर

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग ऑपरेशनों में कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। मीडिया ने शनिवार को अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन चलाया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पहले ऑपरेशन में धुआंधार गोलीबारी के बाद आठ आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि ये आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ निर्दोष नागरिकों की हत्या में भी सक्रिय रूप से शामिल थे। आईएसपीआर के बयान में यह भी उल्लेख किया



गया है कि ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, आईएसपीआर ने आगे कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान में दूसरा ऑपरेशन भी चलाया गया। रिपोर्ट में कहा गया, इस ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। उनके पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सफल ऑपरेशन के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है।